आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 19 | उज्जैन, मंगलवार 03 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 2 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जम्मू में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन तेज, 2 संदिग्ध हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एंटी-टेरर सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिए हैं। सोमवार सुबह सांबा जिले के बारी ब्राह्मणा इलाके में आर्मी की क्विक रिएक्शन टीम ने संदिग्ध हालात में घूम रहे दो लोगों को हिरासत में लिया, जिन्हें पूछताछ के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। इसके अलावा रामनगर सेक्टर सहित उधमपुर और राजौरी के कई इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों के चलते तलाशी अभियान जारी है। वहीं, किश्तवाड़ जिले के बफीर्ले चटरू इलाके में 16वें दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है। यहां सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की जॉइंट टीम आतंकियों की तलाश कर रही हैं। यह अभियान जनवरी में हुई कई मुठभेड़ों के बाद से जारी है, जिनमें एक पैराट्रूपर शहीद और कई सैनिक घायल हुए थे।

### चांदी तीन दिन में 1.60 लाख गिरी, 2.41 लाख प्रति किलो हुई

**नई दिल्ली।** बजट पेश होने के एक दिन बाद 2 फरवरी को गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीसरे दिन गिरावट है। 2 फरवरी को वायदा बाजार में चांदी करीब 23 हजार रुपए (9%) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2.41 लाख रुपए पर आ गया। सोने में भी करीब 7 हजार रुपए (6%) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.40 लाख रुपए पर आ गया है। सराफा बाजार में भी आज चांदी 29,255 रुपए और सोना 6,427 रुपए सस्ता हुआ है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 2,36,496 रुपए किलो पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,42,270 रुपए पर आ गया है।

### शेट्टी के घर पर फायरिंग केस में

## 4 गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हुई



**लॉरेंस गैंग के शुभम लोंकर के साथ मिलकर रची साजिश, 5 फरवरी तक पुलिस हिरासत में**

**मुंबई।** मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर शनिवार देर रात चार राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने रविवार को इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी पुणे के रहने वाले हैं। इनके नाम आदित्य ज्ञानेश्वर गायकवाड़ (19 साल), सिद्धार्थ दीपक येनपुरे (20 साल), समर्थ शिवशरण पोमाजी (18 साल) और स्वप्निल बंडू सकट (23 साल) हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 109 और 61(2) के साथ शस्त्र अधिनियम की धारा 3 और 25 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 37(1), 37(2) और 135 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें 5 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपियों की भूमिका घटना के लिए वाहन उपलब्ध कराने और साजिश रचने से जुड़ी हुई है। वहीं, पांचवें आरोपी शुभम लोंकर को वांटेड घोषित किया गया है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस जांच के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने शुभम लोनकर के संपर्क में रहकर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को हर तरह की मदद उपलब्ध कराई। बताया जा रहा है कि शिवशरण पोमाजी ने शुभम लोंकर के साथ मिलकर पूरी साजिश को अंजाम देने की योजना बनाई। वहीं गिरफ्तार आरोपी आदित्य ज्ञानेश्वर गायकवाड़ की सलाह पर होंडा डियो स्कूटर सहित अन्य संसाधनों की व्यवस्था की गई, जिससे हमलावर को घटना को अंजाम देने में आसानी हो सके। जांच में यह भी सामने आया है कि शुभम लोंकर से मिली आर्थिक सहायता के जरिए ही मुख्य आरोपी के लिए वाहन की व्यवस्था की गई थी।

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटकों से हड़कम्प

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सोमवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप आया, जिससे लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई। लेकिन, इसका असर दूर-दूर तक हुआ क्योंकि इसका केंद्र बडगाम जिले में था। आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह 5.35 बजे आया था और इसका केंद्र घाटी के बडगाम जिले में था। भूकंप ने कश्मीर को हिला दिया, क्योंकि इसका केंद्र घाटी में ही बडगाम में था, जो राजधानी श्रीनगर से सिर्फ 21 किमी उत्तर में है। लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकले क्योंकि भूकंप के झटकों से खिड़कियां और दरवाजे हिलने लगे थे। अधिकारी फिलहाल संभावित नुकसान या संपत्ति को हुए नुकसान के बारे में रिपोर्ट इकट्ठा कर रहे थे।

### बजट के एक दिन बाद सेंसेक्स 943 अंक चढ़ा

**मुंबई।** बजट के एक दिन बाद 2 फरवरी को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर 81,666 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 262 अंक की तेजी रही। ये 25,088 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी और 6 में गिरावट रही। निफ्टी के ऑटो, एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में 2% तक की तेजी देखने को मिली। वहीं आईटी शेयरों में बिकवाली देखने को मिली। पिछले सेशन (1 फरवरी) में बजट डे पर इंडेक्स ने बड़ी गिरावट दर्ज की थी। निवेशकों ने इस करेक्शन के बाद वैल्यू बाइंग की, यानी सस्ते भाव पर अच्छे शेयर खरीदे। इसी से बाजार दिन के निचले स्तर से काफी ऊपर आया और बंद हुआ। ब्रेंट क्रूड 4.14% गिरकर 66.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# राज्यसभा में उठा इंदौर में दूषित पानी से मौत का मामला

## कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा- पानी सबसे गंभीर विषय है, सरकार लोगों को जहरीला पानी पिला रही

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**



इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 29 से अधिक मौतों का मामला राज्यसभा में गूंजा है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सदन में इस मामले को उठाते हुए कहा है कि पानी सबसे गंभीर विषय है और जहरीला पानी सरकार पिला रही है, इसमें कोई दो राय नहीं है।

तिवारी ने कहा कि इस विभाग में जितना करप्शन है, शायद किसी और विभाग में उतना करप्शन नहीं है। इसलिए इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि इसकी कार्ययोजना से अवगत कराएं।

सोमवार को राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन की मौजूदगी में कांग्रेस के राजस्थान से सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है। मानवता से जुड़ा है। हिन्दुस्तान के हर आदमी से जुड़ा सवाल है। इसलिए सदन का ध्यान खींचना चाहता हूं, मंत्री भी गुजरात से हैं। गांधी नगर गुजरात में प्रदूषित जल पीकर कितने लोग बीमार हुए। इंदौर में कितने लोग मरे, 29 लोग मरे हैं, यह हालिया स्थिति है। राज्य मंत्री तो लड़खड़ा रहे हैं, कैबिनेट मंत्री उठिए, मोर्चा संभालिए।

मैं जानना चाहता हूं कि विश्व की मानवता से जुड़ा हुआ, हर इंसान से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सवाल है। क्या सदन को आश्वस्त करेंगे कि जो ग्राउंड वाटर है, उसकी क्वालिटी बेहतर करने के लिए क्या कार्ययोजना आपके पास है।

### इमरान प्रतापगढ़ी ने पूछे सवाल- क्या केंद्र ने राज्य से सवाल किया, रिपोर्ट मांगी

राज्यसभा में महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसलिए वे विभागीय मंत्री से पूछना चाहते हैं कि इन मौतों का जिम्मेदार किसको माना जा रहा है? क्या इसमें सिर्फ राज्य सरकार की जिम्मेदारी है? क्या जल शक्ति मंत्रालय ने इसमें संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से सवाल किया? क्या इस मामले में राज्य सरकार ने कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की? इसकी जानकारी दी जाए।

**सांसद डॉ. सैयद नासिर हुसैन ने भी सवाल पूछे थे-** इससे पहले कर्नाटक से राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नेता डॉ. सैयद नासिर हुसैन ने राज्यसभा में इंदौर के स्वच्छता और जल आपूर्ति सिस्टम को लेकर सरकार से सीधे सवाल पूछे थे।

### इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 32वीं मौत

#### एक महीने से बीमार महिला ने दम तोड़ा, तीन मरीज अब भी एडमिट, 2 आईसीयू में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



भागीरथपुरा में दूषित पानी हादसे में एक और मौत हो गई। एक माह से अधिक समय से एडमिट रही अनिता कुशवाह (65) ने रविवार रात को दम तोड़ दिया। अनिता का बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। वह लंबे समय से वेंटिलेटर पर थीं। इन्हें मिलाकर दूषित पानी से अब तक 32 मौतें हो चुकी हैं।
बेटे नीलेश ने बताया कि उन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं थी। 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त के कारण भाग्यश्री हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। दो दिन बाद डिस्चार्ज होकर घर पर लाया गया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद फिर हालत बिगड़ी तो उन्हें 1 जनवरी को अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था।
अरबिंदो हॉस्पिटल से उन्हें 4 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया था। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ती गई। हालत गंभीर होने पर किडनी फेल हो गई, जिसके चलते लगातार हेमोडायलिसिस किया जा रहा था। फिर वेंटिलेटर पर भी लिया गया। इलाज के दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट भी आया।
सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि शासन की ओर से हायर सेंटर पर इलाज करवाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से मरीज को बचाया नहीं जा सका। महिला के पति मिल से रिटायर्ड हैं। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। अनिता कुशवाह का अंतिम संस्कार आज होगा। भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में अब तक 32 मौतें हो चुकी हैं। इस मामले में 450 से ज्यादा मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज किए जा चुके हैं, लेकिन दूसरी ओर तीन मरीज अब भी एडमिट हैं। इनमें से 2 आईसीयू में हैं। उनकी हालत काफी क्रिटिकल बनी हुई है।

### यूपी के 30 जिलों में कोहरा, हिमाचल के मनाली में बर्फबारी

# राजस्थान-मप्र में ओले गिरे

## अगले 5 दिन में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस मौसम बदलेंगे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/जयपुर**



उत्तर भारत का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी।

मैदान राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही।

आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा।

पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है। सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस 8.0, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

हरियाणा और पंजाब में भी न्यूनतम तापमान बढ़ा है और अधिकांश जगहों पर पारा सामान्य स्तर से ऊपर रहा। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री और हिसार में 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि भिवानी और नारनौल में तापमान 6 से 6.5 डिग्री के बीच रहा।

पंजाब के अमृतसर और गुरदासपुर में ठंड कुछ ज्यादा रही, जहां तापमान 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। इसके अलावा लुधियाना में 7.6 डिग्री और पटियाला में 10.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

दिल्ली में फरवरी की शुरूआत पिछले साल के मुकाबले ठंडी रही। रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही और औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 265 रिकॉर्ड किया गया।

#### अगले 2 दिन के मौसम

- **3 फरवरी:** हिमाचल प्रदेश में 3 फरवरी को ऊंचे क्षेत्रों में ही बारिश-बर्फबारी की संभावना है। वहीं राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में तेज बारिश का अलर्ट है।
- **4 फरवरी:** दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कोहरे की संभावना है।

### भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में



**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

भारत और यूरोपियन यूनियन के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डॉलर के नुकसान का भी डर है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर कहा कि वह ईयू के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-ईयू एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें। भारत और ईयू ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे।

### पटवारी का प्रदेश सरकार पर तीखा हमला

## बजट 2026 में मप्र के हाथ खाली रोजगार-शिक्षा पर सरकार मौन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ रीवा**



रीवा पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार के बजट 2026 को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश के लिए पूरी तरह निराशाजनक है, क्योंकि इसमें राज्य के हिस्से कुछ भी ठोस नहीं आया। पटवारी ने आरोप लगाया कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और शहरी विकास को लेकर जो बड़े-बड़े वादे किए थे, आज जमीनी हकीकत उनसे कहीं ज्यादा खराब हो चुकी है।

जीतू पटवारी ने कहा कि रोजगार देश का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है, लेकिन बजट 2026 में युवाओं के लिए कोई ठोस रोडमैप नजर नहीं आता। उन्होंने याद दिलाया कि दो करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था, लेकिन आज वह वादा केवल एक नारा बनकर रह गया है। पढ़े-लिखे युवा दर-दर भटक रहे हैं और सरकार के पास उन्हें देने के लिए कोई स्पष्ट जवाब नहीं है।

शिक्षा के सवाल पर भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में शिक्षा आज आंदोलन का रूप ले चुकी है। विश्वविद्यालयों में नए कानून लाए गए, पारदर्शिता और सुधारों की बातें हुईं, पेपर लीक रोकने के बड़े दावे किए गए, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। परीक्षाओं में धांधली और अनियमितताओं ने छात्रों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है, जबकि बजट में इन समस्याओं से निपटने के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की राजनीति समाज को जोड़ने की बजाय बांटने की है। उन्होंने कहा कि लगातार हिंदू-मुस्लिम, जात-पात और नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे छात्रों और समाज में वैमनस्य फैल रहा है। यह सोच देश की एकता और भविष्य दोनों के लिए खतरनाक है।

### मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा : ममता

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। उनके साथ स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे। ममता पश्चिम बंगाल में एसआईआर का विरोध कर रही हैं। मुलाकात के बाद ममता ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैं चार बार मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। मैंने उनसे कहा कि मैं आपकी कुर्सी का सम्मान करती हूं क्योंकि कोई भी कुर्सी हमेशा के लिए नहीं रहती। एक दिन आपको जाना ही होगा। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है?

### बागेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर

## नेपाल सहित देश के 10 राज्यों की 300 बेटियों के होंगे हाथ पीले

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ छतरपुर**

महाशिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस साल भी बागेश्वर धाम में कन्या विवाह महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोर-शेर से शुरू हो चुकी है। इस बार नेपाल की भी एक बेटी का विवाह धाम से हो रहा है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वर-वधु को लहंगा, चुनरी, शेरवानी, टोपी, वरमाला आदि सामग्री भेंट की। बागेश्वर महाराज ने अपने सभी समधियों को समझाइश दी कि वह बहू को बेटी की तरह रखें किसी भी प्रकार की कोई शिकायत न आए। पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने इस साल महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बागेश्वर धाम में 300 गरीब असहाय बेटियों के हाथ पीले करने का ऐलान किया है। बीते कुछ सालों में महाशिवरात्रि पर बागेश्वर धाम में सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है।

# इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी

## पेपर पर लिखा- कभी भी फट जाएगा, 237 यात्रियों की हैंड राइटिंग मैच कराई जाएगी

**एजेंसी ▶▶ वाराणसी**



वाराणसी में इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। विमान के टॉयलेट में एक पेपर पर लिखा था- 'विमान में बम है, कभी भी फट सकता है'। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट को हाई अलर्ट कर दिया गया। तुरंत रनवे और डिपार्चर एरिया खाली कराया गया। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

एटीएस, एसटीएफ इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। आपात स्थिति से निपटने के लिए 10 से अधिक एम्बुलेंस लगा दी गईं। यात्रियों को विमान से उतारा गया। 3 से 4 बार उनकी चेकिंग की गई। करीब 2 घंटे पूछताछ चली।

गोमती जोन के डीसीपी आकाश पटेल और एसीपी प्रतीक चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अब यात्रियों से अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में ए से जेड तक लिखवाया जा रहा है। 1 से 10 तक नंबर भी लिखवाए जा रहा हैं। यात्रियों की हैंड राइटिंग मैच कराई जा रही है।

### वाराणसी एटीसी को मिला थ्रेट कॉल

इंडिगो की फ्लाइट (6ए-6719) हैदराबाद से रविवार शाम वाराणसी आ रही थी। विमान में कुल 237 यात्री सवार थे। फ्लाइट ने हैदराबाद में शाम 4 बजकर 30 मिनट पर टेकऑफ किया था। विमान वाराणसी हवाई क्षेत्र में था, तभी वॉशरूम में क्रू मेंबर को एक कागज मिला, जिस पर बम होने की बात पेंसिल से लिखी हुई थी। पेपर पर लिखा था- विमान में बम है और कभी भी फट सकता है। पायलट ने इसकी तत्काल सूचना वाराणसी एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी। एटीसी ने तत्काल इमरजेंसी लैंडिंग की तैयारी शुरू कराते हुए सिक्योरिटी के कंट्रोल रूम को जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल की परीक्षा अगले सप्ताह से होगी शुरू, हायर सेकेंडरी में 16463, हाईस्कूल परीक्षा में 23710 विद्यार्थी परीक्षा देंगे

# जिले में 77 केंद्र बने, 10 रहेंगे संवेदनशील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन। अगले सप्ताह के शुरूआत से ही बोर्ड परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाएगा। जिले में इस बार हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल के साथ डीपीएसई की परीक्षा का आयोजन भी होगा। इसके तहत जिले के 77 परीक्षा केंद्रों पर 40 हजार 234 विद्यार्थियों की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इनमें से 10केंद्र संवेदनशील हैं। 10 फरवरी को हायर सेकेंडरी का पहला प्रश्न-पत्र होगा। इसके उपरांत 13 फरवरी को हाईस्कूल का पहला पर्चा रहेगा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी एसके रेनीवाल के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं का दौर 10 फरवरी को हायर सेकेंडरी की परीक्षा के साथ शुरू होगा। इसके उपरांत 13 फरवरी को हाईस्कूल का पहला प्रश्न-पत्र की परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए बोर्ड ने अपनी तैयारी कर ली है। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्णता की और हैं।

### शिक्षा विभाग ने कमर कसी

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं में शिक्षा विभाग का बडा योगदान होता है। पूरी परीक्षाएं शिक्षा विभाग की देख रेख में ही आयोजित होती है। परीक्षाओं के केंद्र से लेकर परीक्षक सभी शिक्षा विभाग के रहते हैं। परीक्षाओं के संचालन के साथ ही शिक्षा विभाग कापियों की जांच के काम को भी समय और योजनाबद्ध अंजाम देता है। विभाग ने परीक्षाओं की पूरी तैयारी कर ली है एवं केंद्रों पर पुख्ता व्यवस्थाएं अंजाम दी गई हैं।

### कुल 77 केंद्र,10 संवेदनशील

प्रभारी जिला शिक्षाअधिकारी महेन्द्र खत्री बताते हैं कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 77 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 43 शासकीय स्कूलों एवं 34 केंद्र निजी स्कूलों को बनाया गया है। इनमें से 10 परीक्षा केंद्र संवेदनशील स्थिति के हैं। ऐसे केंद्रों पर विशेष नजर रखने की व्यवस्थाएं भी की गई हैं। इसके तहत घट्टिया में 5,खाचरौद में 16,बडनगर में 10,महिदपुर में 10,उज्जैन में 26,तराना में 10 केंद्र बनाए गए हैं।

### हायर सेकेंडरी में 16463 विद्यार्थी

डीईओं श्री खत्री के अनुसार इस वर्ष हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में जिले से 16463 विद्यार्थी भाग लेने वाले हैं। इनमें 13957 नियमित एवं 2506 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हैं। जिले के घट्टिया विकासखंड से 685,खाचरौद से3012,बडनगर से 2256,महिदपुर से1826,उज्जैन से 7129,तराना से 1555 विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे।

### हाईस्कूल में 23710 विद्यार्थी

डीईओ श्री खत्री बताते हैं कि जिले से हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में कुल 23710 विद्यार्थी शामिल होने वाले हैं। इनमें 20322 नियमित एवं 3388 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हैं। जिले के घट्टिया से 1220,खाचरौद से 4833,बडनगर से 3307,महिदपुर से 3147,उज्जैन से 8513 ,तराना से 2690 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### डीपीएसई के 61 विद्यार्थी

इस वर्ष जिले के डीपीएसई के 61 विद्यार्थी भी बोर्ड की परीक्षा देने वाले हैं। प्रथम के इसमें 30 एवं द्वितीय के 31 विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे। ये सभी उज्जैन से संबंधित केंद्र पर ही परीक्षा देंगे। इनके लिए अलग से एक केंद्र निर्धारित किया गया है।

## वक्त पर सख्त कार्रवाई...




अपराध पर सख्त कार्रवाई करने से वह वापस मुंह नहीं निकाल पाता है। वर्दी अगर सही समय पर और सख्त कार्रवाई करती है तो अपराध की वृत्ति को तत्काल ही दबाया और नेस्तनाबूद किया जा सकता है। रविवार रात को जिले की औद्योगिक तहसील में इसी तरह का माहौल बना था। बेवजह ही चंद आपराधिक वृत्ति के लोगों के फेर में शहर को अशांत करने की कोशिश जरायमपेशाओं ने अंजाम दी थी। वर्दी ने सही समय पर और सख्त कार्रवाई से ऐसी वृत्तियों को सिरे से कुचल दिया और इसके साथ ही चेतावनी देने के लिए अपना प्रदर्शन भी कर दिया कि सभ्य समाज में कुत्सित आपराधिक मानसिकता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पूर्व एक तहसील मुख्यालय पर 48 घंटे अशांति की स्थिति बनी थी जिस पर भी वर्दी ने अच्छे संदेश के साथ काबू ही नहीं किया अच्छी समझाईश भी दे दी है। रविवार के घटनाक्रम में पास के प्रदेश के गमगीन परिवार के लोगों को सताने का मामला मन को आहत करने वाला है। अपनी बेटी की अस्थियों को लेकर उसका क्रियाकर्म करने धर्मनगरी में आने वाले परिजनों के साथ नाबालिग से छेडछाड का मामला किसी भी संवेदनशीलता वाले को उद्वेलित कर सकता है। इस अपराध को अंजाम देने वाले युवक कदापि सभ्य तो नहीं कहे जा सकते हैं। ऐसे संगठित अपराधियों का सभ्य समाज को खुलकर और सामने आकर विरोध करना ही चाहिए। अपराधियों को हतोत्साहित हर स्तर पर किया जाना चाहिए। समाज और धर्म के नाम पर अपराधियों को किसी भी हाल में प्रश्रय दिया जाना अपने ही लिए गड्डा खोदने के समान है।खुसूर-फुसूर है कि वर्दी को ऐसे अपराधियों जो कि व्यक्तिगत अपराधों को धर्म और समाज की और मोढते हैं, के लिए एक अलग से ही फाईल खोलना चाहिए । इससे इन्हें भविष्य में होने वाले ऐसे मामलों में सबसे पहले पकडा जा सके और इनका रेकार्ड भी अपडेट रखा जाना चाहिए। वर्दी की तत्परता एवं कप्तान की वक्त पर सख्त कार्रवाई से ये मामला रातों रात ही निपट गया।

# गंगा की तर्ज पर होगी अब शिप्रा आरती

## सिंहस्थ से पहले रामघाट का होगा कायाकल्प, जिला प्रशासन ने तैयार की कार्ययोजना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में मंदिरों के विकास के बाद अब शिप्रा नदी के रामघाट का भी जल्द कायाकल्प होने जा रहा है। सिंहस्थ कुंभ से पहले रामघाट पर होने वाली शिप्रा आरती को वाराणसी की गंगा आरती की तर्ज पर भव्य, अनुशासित और व्यवस्थित स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है।

धार्मिक पर्यटन के बढ़ते महत्व को देखते हुए उज्जैन में रोजाना रामघाट पर होने वाली शिप्रा आरती को वैश्विक पहचान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत शिप्रा नदी की महिमा को पुनर्स्थापित किया जाएगा और रामघाट पर होने वाली दैनिक आरती को भव्य रूप दिया जाएगा। आरती स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और श्रद्धालुओं के सुचारु प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

### घाट पर लगाए जाएंगे नए पत्थर

उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। देशभर से बड़ी संख्या में भक्त रामघाट पर शिप्रा आरती के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ में देश-विदेश से करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए रामघाट की साज-सज्जा की जाएगी और नए पत्थर लगाए जाएंगे।

### आध्यात्मिक वातावरण का रखा जाएगा विशेष ध्यान

रामघाट पर होने वाली शिप्रा आरती में लाइटिंग, मंच, वेशभूषा और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि आरती और अधिक भव्य और आकर्षक बन सके। प्रशासन का लक्ष्य है कि सिंहस्थ कुंभ से पहले रामघाट के विकास और शिप्रा आरती से जुड़े सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं।

# धुलेंडी पर चंद्र ग्रहण से होली को लेकर असमंजस



## भद्रा में होगा होलिका दहन, ज्योतिषी बोले- ग्रहण काल में केवल गुलाल से होली खेलने में दोष नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होलिका दहन के दूसरे दिन धुलेंडी पर्व पर खग्रास चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण इस बार होली पर्व को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। 2 मार्च की रात को होलिका दहन होगा, जबकि 3 मार्च की सुबह से चंद्र ग्रहण का सूतक काल शुरू हो जाएगा। ऐसे में सूतक काल में होली मनाने को लेकर लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार 2 मार्च की शाम 5:55 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च की सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। हालांकि भद्रा काल के बावजूद होलिका दहन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है।

### भद्रा में होगा होलिका पूजन

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस वर्ष भद्रा भूलोक पर मानी जा रही है, जो सिंह राशि में स्थित है। ऐसे में प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन करना श्रेष्ठ रहेगा। इससे नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है।

### धुलेंडी पर खग्रास चंद्र ग्रहण

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 3 मार्च को धुलेंडी के दिन खग्रास चंद्र ग्रहण रहेगा। ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। ग्रहण समाप्त होने से 12 घंटे पहले सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा, जिसमें आमतौर पर शुभ कार्य और मंदिरों में दर्शन वर्जित माने जाते हैं।

### साधना का विशेष समय

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि यह ग्रहण उदित चंद्र ग्रहण रहेगा और करीब 17 मिनट तक खग्रास स्थिति रहेगी। ग्रहण काल में इष्ट देव या गुरु मंत्र की माला जाप करने से मंत्र सिद्धि का लाभ मिलता है। यह समय साधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है।

### ग्रहण के दौरान केवल सूखे रंग से होली

ज्योतिषाचार्य के अनुसार ग्रहण के दिन केवल गुलाल (सूखे रंग) से होली मनाई जा सकती है। इससे पर्व की मान्यता प्रभावित नहीं होती और किसी प्रकार का ग्रहण दोष नहीं लगता। इस दौरान जल से होली खेलने से बचना चाहिए। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो सावधानी और शास्त्रीय नियमों के साथ होली मनाने से त्योहार की परंपरा और धार्मिक मान्यताएं दोनों सुरक्षित रहती हैं।

# नारायणा ई-टेक्नो विद्यालय, उज्जैन में चतुर्थ सतरंगी वार्षिकोत्सव का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नारायणा ई-टेक्नो विद्यालय, उज्जैन में चतुर्थ सतरंगी वार्षिकोत्सव का भव्य एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मनमोहक नृत्य, मधुर संगीत एवं प्रभावशाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा।

इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रीता चतुर्वेदी (संभागीय आयुक्त, जीएसटी), डिप्टी कलेक्टर पूजा चौहान, क्लस्टर प्रिंसिपल रीना खुराना मैडम , ई-चैम्प आर एंड डी हैड सदाफ मैडम, ई -किड्स आर एंड डी हैड मानवी मैडम एवं ई -चैम्प समन्वयक शक्ति मैडम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती उषा कल्याणी मैडम ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

## संत रविदास धाम आश्रम में मनाया रविदास जयंती महोत्सव



**उज्जैन।** खाक चौक, मंगलनाथ मार्ग स्थित संत रविदास धाम आश्रम में रविवार को माघ पूर्णिमा, संत रविदास जयंती पर्व पर श्री रविदास जयंती महोत्सव समिति द्वारा संत रविदास जयंती महोत्सव मनाया गया जिसमे समाजजनों द्वारा गुरु रविदासजी महाराज का पूजन कर एवं चादर व पुष्पांजलि अर्पित कर 56 महाभोग लगाया गया व सभी समाजजनों द्वारा महाआरती की गयी एवं भोजन महाप्रसादी का आयोजन रखा गया, पूजन में उज्जैन उत्तर के विधायक श्री अनिलजी जैन कालूहेड़ा जी भी उपस्थित रहे, महोत्सव समिति द्वारा विधायक श्री अनिलजी जैन कालूहेड़ा जी व समाज के सभी वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया एवं समाज के कक्षा नर्सरी से कॉलेज तक के सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, जयंती महोत्सव में सभी समाजजनों के पधारने व इसे सफल बनाने के लिए महोत्सव समिति के सभी सदस्यों ने समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## चरक अस्पताल के बेसमेंट में जलभराव, पार्किंग में टपक रहा पानी

**उज्जैन।** उज्जैन में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित संभाग के सबसे बड़े चरक अस्पताल के बेसमेंट में जलभराव की समस्या सामने आई है। भास्कर टीम के मौके पर पहुंचने पर इमारत के बेसमेंट में चौंकाने वाले हालात देखे गए। बेसमेंट में बिल्डिंग के चेंबर पाइप से लगातार पानी रिस रहा है, जो सीधे पार्किंग में आने-जाने वाले वाहनों पर गिर रहा है। इसके अलावा, बेसमेंट में काला पानी जमा है, जिससे संक्रमण और डेंगू जैसे मच्छरजनित रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। पार्किंग के प्रवेश द्वार पर भी पानी भरा हुआ पाया गया।

इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि अस्पताल में अभी कार्य जारी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लिफ्ट के काम का जायजा लिया और एमएलसी यूनिट की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डॉ. पटेल ने डिलीवरी की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# 'क=कर्तव्य केंद्रीय बजट, क शब्दों से बना कमाल बजट'

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धर्मेंद्र मेहता

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कर्तव्य भवन में संसद के समक्ष वर्ष 2026 का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। यह उनके कार्यकाल का लगातार नौवाँ बजट है, जो 'क' अक्षर से प्रारंभ होने वाली नीतिगत पहलों और प्राथमिकताओं के कारण विशिष्ट पहचान बनाता है। यह बजट आर्थिक वृद्धि को गति देने, क्षमता निर्माण और समावेशी विकास के संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ता है।

बजट में बड़े शहरों के बीच पर्यावरण-अनुकूल और तीव्र यात्री परिवहन हेतु नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर–मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, चेन्नई-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी तथा वाराणसी-सिलीगुड़ी–की घोषणा इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### 'कैपेक्स से विकास को बल'

2026-27 में पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) को बढ़ाकर ₹12.2 लाख करोड़ किया जाना रोजगार सृजन और आधारभूत ढांचे के विस्तार को नई गति देगा। क्लाउड सेवाओं में विदेशी सेवा प्रदाताओं को 2047 तक टैक्स हॉलीडे, कर विवादों में राहत हेतु प्रक्रियाओं का सरलीकरण, कम प्री-डिपॉज़िट और मुकदमेबाजी घटाने के उपाय–व्यवसाय सुगमता को सुदृढ़ करते हैं।

### 'कनेक्टिविटी, हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी'

हेल्थकेयर क्षेत्र में 1.5 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षण, सी–प्लेन निर्माण को बढ़ावा, म्युनिसिपल बॉन्ड्स से इंफ्रास्ट्रक्चर फंडिंग, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 तथा कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए ₹40,000 करोड़ का आवंटन–तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूती देता है।

### 'सामाजिक सरोकार'

यद्यपि यह बजट अत्यधिक लोकलुभावन नहीं है, फिर भी काजू, नारियल, कोको, कपड़े और कैंसर की 17 दवाओं के सस्ते होने से सामाजिक संवेदनशीलता स्पष्ट होती है। यह आमजन की आवश्यकताओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

### 'कृषि, उद्योग और शिक्षा का समन्वय'

कृत्रिम अंग निर्माण के लिए प्रोत्साहन योजना, क्रेडिट सब्सिडी के माध्यम से डेयरी-पोल्ट्री वैल्यू चेन का सशक्तिकरण, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के समीप पाँच विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना तथा कल्चर और कल्चरल टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना–ये पहलें बहु-क्षेत्रीय विकास का संकेत देती हैं।

### 'मध्यप्रदेश और क्षेत्रीय लाभ'

खजुराहो और भेड़ाघाट को वाइब्रेंट कल्चरल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की घोषणा से मध्यप्रदेश के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी। 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत राज्यों को मिलने वाले ₹1.4 लाख करोड़ के केंद्रीय अनुदान से प्रदेश को भी अधिक लाभ मिलेगा। एसएमई ग्रोथ फंड (₹10,000 करोड़) और कैपेक्स विस्तार से औद्योगिक गलियारों व सड़कों की सूरत बदलने की उम्मीद है।

### 'टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस'

5 लाख से अधिक आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास हेतु ₹11.2 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसे 2026-27 में ₹12.2 लाख करोड़ तक बढ़ाया जाएगा। इससे भोपाल, इंदौर के साथ ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### 'क्रिएटिव इकॉनॉमी'

एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए देश के 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स की स्थापना–भविष्य की क्रिएटिव इकॉनॉमी के लिए निर्णायक कदम है।

### आगे की अपेक्षाएँ

किसान सम्मान निधि में संशोधन, पीएफ-ईएसआई-बोनस की सीमा बढ़ाकर सामाजिक सुरक्षा का विस्तार तथा आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील कर्मियों के मानदेय में वृद्धि–इन क्षेत्रों में और ठोस निर्णयों की अपेक्षा बनी हुई है।

### निष्कर्ष

कपड़ा निर्यात, कैपिटल, कल्चर, कैंसर, क्रेडिट, किसान, कॉरिडोर, कैपेक्स, कस्टम ड्यूटी, कॉमिक और क्रिएटिव कंटेंट–इन 'क' शब्दों से सराबोर केंद्रीय बजट 2026 कर्तव्य भवन में प्रस्तुत पहला बजट होने के साथ-साथ संतुलित विकास का दस्तावेज बनकर उभरता है।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 03 फरवरी 2026 | www.awantika.com



### आंतरिक लड़ाइयों में उलझी मध्यप्रदेश कांग्रेस

# आलाकमान की बैठक में भी शामिल नहीं हो रहे कांग्रेसी नेता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एक तरफ कांग्रेस मप्र में सत्ता की वापसी की कोशिश में लगी हुई है, वहीं दूसरी तरफ पार्टी के नेता आंतरिक लड़ाइयों में उलझे हुए हैं। आलम यह है कि मप्र कांग्रेस इस वक्त अव्यवस्था, अहंकार और असफल नेतृत्व की गंभीर स्थिति से गुजर रही है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि आलाकमान की बैठकों में भी बड़े नेता शामिल नहीं हो रहे हैं।

प्रदेश में कांग्रेस को और प्रभावी बनाने के लिए दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश के चुनिंदा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, डा. विक्रांत भूरिया सहित अन्य वरिष्ठ नेता अनुपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस में



गुटबाजी इस स्तर तक पहुंच चुकी है कि नेतृत्व का कोई भी निर्णय सर्वमान्य नहीं रह गया है।

विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय पार्टी अपनी ही आंतरिक लड़ाइयों में उलझी नजर आ रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जहां नेतृत्व अहंकार से ग्रस्त हो, संगठन अनुशासनहीन हो और कार्यकताओं में भ्रम हो वहां रचनात्मक राजनीति संभव नहीं होती। ऐसे हालात में विपक्ष कमजोर होता है और लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। आज की स्थिति में मप्र कांग्रेस एक सशक्त विपक्ष के रूप में नहीं, बल्कि आंतरिक कलह और नेतृत्व संघर्ष के केंद्र के रूप में देखी जा रही है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष भी यह मुद्दा उठा चुके हैं।

#### पार्टी में कई नेता उपेक्षित

दरअसल, पार्टी में कई नेता उपेक्षित हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के पास प्रदेश के भीतर कोई काम नहीं है। उन्हें संगठन सूजन के लिए अन्य प्रांतों में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जा रहा है। यही कारण है कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधानसभा अजय सिंह हों या फिर डा. गोविंद सिंह, कांतिलाल भूरिया या फिर अन्य नेता, अपने-अपने क्षेत्र तक सीमित हो गए हैं।

#### बड़े नेताओं की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

दिल्ली बैठक में बड़े नेताओं की उनुपस्थिति को लेकर मीडिया ने जब प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से सवाल किए तो वह असहज हुए और झावाते हुए बोले कि किसे बुलाना है और किसे नहीं, यह हमारा आंतरिक मामला है। इस पर प्रदेश भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि कमल नाथ बाहर, दिग्विजय सिंह पर्दे के पीछे भीतर, यही कांग्रेस की हकीकत है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दिल्ली की बैठक के लिए केवल प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल को बुलाया गया था। इसमें मुख्य रूप से संगठन सूजन अभियान और आगामी विधानसभा सत्र में पार्टी की भूमिका पर बात होनी थी, इसलिए केवल उससे जुड़े व्यक्तियों को बुलाया गया। दिग्विजय सिंह चूंकि प्रदेश में कांग्रेस के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करके संगठन को दे चुके हैं, इसलिए उन्हें और कार्यसमिति का सदस्य होने के कारण कमलेश्वर पटेल को बुलाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### भागीरथपुरा मामले में दोषियों को सजा हो- महिला कांग्रेस अध्यक्ष

**इंदौर।** सोमवार को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा इंदौर आईं। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा मामले में जो भी दोषी हो, उस पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। चाहे वो मंत्री है, वो विधायक है, वो पार्षद है, वो सरकार का हिस्सा हो। हत्या का मामला चलाकर पूरी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए और इन्हें सजा मिलनी चाहिए, वरना कोई सबक नहीं लेंगे। बड़ा सवाल ये है कि यहां के लोग जहर पीने को क्यों मजबूर हैं? सरकार के पास फंड है, लेकिन जल जीवन मिशन में सात हजार करोड़ केंद्र सरकार ने खर्च नहीं किया। इसलिए इस बार बजट में और पैसा कम कर दिया। राहुल गांधी भी यहां के पीड़ित परिवारों से मिलकर गए। पीड़ितों की आर्थिक मदद सरकार करें। हमारी मांग है कि हर परिवार को एक करोड़ रुपया उसका परिवार को मिले। ताकि कम से कम अच्छी जिंदगी पूरा परिवार जी पाए। कांग्रेस एसआईआर के सख्त खिलाफ है। ये वोट चोरी का एक रास्ता अपना लिया है। हम हार नहीं रहे, हमें चुनाव आयोग, संवैधानिक संस्थाओं और वोट चोरी करके हराया जा रहा है।

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने जताई नाराजगी, मुख्य सचिव को सीधे हस्तक्षेप करने के निर्देश

# उज्जैन में सप्त सागरों की बदहाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन की धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यावरणीय पहचान माने जाने वाले ह्यसप्त सागरह्न लगातार उपेक्षा, अतिक्रमण और प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। इस गंभीर स्थिति पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाते हुए मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव को सीधे दखल देने को कहा है। ट्रिब्यूनल ने साफ कहा है कि आदेशों की अवहेलना और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सेंट्रल जोन बेंच के न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह और एक्सपर्ट मेंबर सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि स्थानीय प्रशासन न तो पूर्व आदेशों का समुचित पालन कर पाया और न ही समय पर संतोषजनक प्रगति



रिपोर्ट प्रस्तुत की। ट्रिब्यूनल ने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण जैसे संवेदनशील मामलों में प्रशासनिक शिथिलता गंभीर परिणाम ला सकती है।

आवेदक प्रशांत मौर्य और बाकिर अली रंगवाला की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने माना कि उज्जैन के रुद्रसागर, पुष्कर सागर, क्षीरसागर, गोवर्धन सागर, रत्नाकर सागर, विष्णु सागर और पुरुषोत्तम सागर, सभी की हालत दयनीय हो चुकी है। उज्जैन मास्टर प्लान-2021 के संदर्भ में ट्रिब्यूनल ने गंभीर टिप्पणियां करते हुए कहा कि तालाबों को कचरा डंपिंग यार्ड में तब्दील कर दिया गया है।

**इस मामले में अगली सुनवाई 20 फरवरी को, भूमि पर किसी भी न्यायालय का स्टे नहीं है**


#### अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई

सुनवाई में सामने आया कि खसरा नंबर 1281 में दर्ज गोवर्धन सागर (कुल रकबा 36 बीघा) के 18.5 बीघा से अधिक हिस्से पर अवैध कब्जा हो चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस भूमि पर किसी भी न्यायालय का कोई स्टे नहीं है, इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए एनजीटी ने शासन-प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि सप्तसागर के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य मिशन मोड में किया जाए। ट्रिब्यूनल ने प्रमुख सचिव (पर्यावरण) को मासिक निगरानी कर रिपोर्ट पेश करने और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सभी सात सागरों के पानी की गुणवत्ता की जांच कर हेल्थ रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

### महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा महाकाल मंदिर पहुंचीं

#### कैलाश विजयवर्गीय पर साधा निशाना; बोलीं- भगवान जैसा अपना नाम रख लीजिए, फिर सारे कुकर्म कीजिए



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा सोमवार को उज्जैन पहुंचीं। उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मध्य प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। अलका लांबा ने महाकाल मंदिर में पहले नंदी हाल और फिर देहरी से भगवान महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने नंदी मंडपम में बैठकर ध्यान लगाया। दर्शन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के नाम को अपने नाम में जोड़ लेना काफी नहीं होता, सवाल यह है कि काम क्या किया जा रहा है। आज जिन मंत्री का नाम कैलाश है, उनका काम पाप और अपराध से जुड़ा हुआ दिखाई देता है। सरकार में एक मंत्री ऐसे हैं जो विष पीने के बजाय समाज में जहर फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने सृष्टि और मानवता की रक्षा के लिए विष पिया और नीलकंठ कहलाए, लेकिन आज सरकार में एक मंत्री ऐसे हैं जो विष पीने के बजाय समाज में जहर फैला रहे हैं। अलका लांबा ने आरोप लगाया कि ऐसे बयान और गतिविधियां समाज को बांटने और नफरत फैलाने वाली हैं। अलका लांबा ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि इंदौर से उज्जैन आते समय उन्होंने एक ऑटो के पीछे ऐसा विज्ञापन देखा, जिसमें एक ऐसे व्यक्ति का प्रचार किया जा रहा था, जिसे नाबालिग बेटियों के बलात्कार और हत्या के मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है और जो उम्रकैद की सजा काट रहा है। उन्होंने इसे बेहद शर्मनाक बताते हुए कहा कि ऐसे अपराधियों को हीरो की तरह पेश किया जाना समाज और खासकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस इस तरह की मानसिकता और अपराधियों के महिमा मंडन के खिलाफ लगातार आवाज उठाती रहेगी।

## उज्जैन में मचेगी शिव-विवाह उत्सव की धूम

### बाबा महाकाल नौ स्वरूपों में देंगे दर्शन, चल रही तैयारियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाशिवरात्रि में कुछ ही दिन का समय शेष बचा है। लेकिन शिव और पार्वती के विवाह के इस त्योहार को लेकर उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर में तैयारियां अभी से शुरू हो चुकी हैं। मंदिर की दीवारों से लेकर शिखर पर रंग-रोगन किया जा रहा है। इसी के साथ 6 फरवरी से मंदिर में 9 दिनों तक चलने वाले उत्सव की शुरूआत होगी, जिसमें बाबा भक्तों को नौ अलग-अलग रूपों में दर्शन देंगे।

बाबा महाकाल की नगरी में महाशिवरात्रि का त्योहार 9 दिन तक चलता है, जो 6 फरवरी से शुरू होगा और 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें रोजाना भगवान का रुद्राभिषेक, 24 घंटे निराकार रूप में दर्शन और जलधारी, रात के समय स्नान और वस्त्र धारण का कार्यक्रम रहेगा। साथ ही अलग-अलग नौ विग्रहों की स्थापना और पूजा की जाएगी। ये नौ दिन भगवान की पूजा नवरात्रि के नौ दिनों जैसी होती है। भक्तों के लिए मंदिर भी खुले रहेंगे और भक्त बाबा महाकाल पर जलधारी अर्पित कर पाएंगे। महाकाल मंदिर के पुजारी पं महेश शर्मा ने बताया कि पहले दिन बाबा का दुशाला ओढ़ाकर श्रंगार होता है और फिर दूसरे दिन बाबा को शेषनाग धारण कराए जाते हैं।

तीसरे दिन घटाघटा स्थापित किया जाता है, जो शिवलिंग के समान ही होता है। चौथे दिन प्रभु के छवि दर्शन होते हैं और पांचवें दिन बाबा को मन-महेश, उमा महेश, शिव तांडव और होलकर के रूप में सजाया जाता है। इस वर्ष 15 फरवरी को होने वाली खास पूजा और अनुष्ठान पर पुजारी पं महेश शर्मा ने बताया कि 15 फरवरी को जलधारी के साथ चारों पहर की पूजा और आरती होगी।

## क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने किया जिला चिकित्सालय चरक भवन का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य सेवाओं के पर्यवेक्षण के लिए क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ. दीपक पिप्पल द्वारा 31 जनवरी को जिला चिकित्सालय चरक भवन का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला चिकित्सालय के मिडवाइफरी लेड केयर यूनिट का निरीक्षण में देखा गया कि यूनिट का पूर्ण क्षमता के साथ उपयोग नहीं किया जा रहा है।

क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाए डॉ. पिप्पल ने शत प्रतिशत शिशुओं एवं प्रसूता महिलाओं को निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने व आर.ओ. सिस्टम स्थापित किए जाने के



निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत चरक भवन में आयोजित होने वाले शिविरों, सुरक्षित मातृत्व सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

### कैबिनेट के फैसलों पर अमल करने में भी लेतलाली

# शिक्षकों की नई ट्रांसफर पॉलिसी अभी भी अधर में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र में शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू होने वाली है। लेकिन विडंबना यह है कि करीब चार साल पहले जिस नई ट्रांसफर पॉलिसी को कैबिनेट ने मंजूरी दी थी, वह लागू तो हो गई है, लेकिन उस पर अब तक अमल नहीं हुआ है।

जानकारी के मुताबिक ट्रांसफर पॉलिसी में एजुकेशन पोर्टल पर कर्मचारियों की जानकारी 15 जनवरी तक अपडेट करने की बात कही गई है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की अंतिम तारीख 31 मार्च निर्धारित की गई है।

इसमें तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने और आदेश भी ऑनलाइन जारी करने का प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि तत्कालीन शिवराज कैबिनेट ने 2 अगस्त, 2022 को स्कूल शिक्षा विभाग की नई ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी दी थी। ट्रांसफर पॉलिसी को कैबिनेट की मंजूरी मिले चार साल होने को हैं, लेकिन अब तक सरकार एक बार भी इस पर अमल नहीं कर पाई है।

ट्रांसफर पॉलिसी में किए गए प्रावधान के अनुसार हर साल शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया ई. जनवरी से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक तबादला आदेश जारी कर दिए जाएंगे। शिक्षकों को 15 मई तक नए कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। पॉलिसी लागू होने के बाद एक बार भी इसमें किए गए प्रावधान के अनुसार शिक्षकों के तबादले नहीं हुए हैं।

इस साल भी अब तक स्कूल शिक्षा विभाग ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन लेने पोर्टल चालू नहीं कर पाया है। प्रदेश के स्कूलों में करीब 3 लाख शिक्षक पदस्थ हैं।

ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार, तीन साल में सेवानिवृत्त होने वाले गंभीर बीमार या विकलांग और एक साल से कम की सेवा एवं 40 प्रतिशत या उससे अधिक निशक्तता होने पर तबादला नहीं किया जाएगा। दूसरे विभागों में शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर विशेष परिस्थिति में ही भेजा जाएगा। स्थानांतरण में वरीयता क्रम निर्धारित किया जाएगा। रिलीव करने और जॉइन करने की कार्रवाई ऑनलाइन होंगी।



#### ग्रामीण क्षेत्र में तीन साल नौकरी करना अनिवार्य

स्कूल शिक्षा विभाग की नई ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार नए शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम तीन साल नौकरी करना अनिवार्य होगा। उन्हें वचन पत्र भी देना होगा। शिक्षकों को अपने पूरे सेवाकाल में 10 साल तक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देना होंगी। शहरी क्षेत्रों में 10 साल तक पदस्थ शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षक विहीन अथवा शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में पदस्थ किया जाएगा। नई पॉलिसी के अनुसार स्वैच्छिक स्थानांतरण होने पर तीन साल से पहले उस स्थान से नहीं हटाया जाएगा, जहां तबादला किया गया है। उत्कृष्ट स्कूल, मॉडल स्कूल और सीएम राइज स्कूल में स्वैच्छिक स्थानांतरण नहीं होंगे।

#### जल्द चालू होंगे पोर्टल

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नई ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कोशिश है कि ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन लेने पोर्टल जल्द चालू कर दिया जाए। ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार, नए स्कूल अथवा संकाय के शुरू होने पर सेट अप में संशोधन 31 दिसंबर तक किया जाएगा। एजुकेशन पोर्टल पर कर्मचारियों की जानकारी 15 जनवरी तक अपडेट की जाएगी। रिक्त पदों का निर्धारण 31 जनवरी तक किया जाएगा। रिक्त पदों की जानकारी एमपी एजुकेशन पोर्टल पर 1 मार्च तक अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 31 मार्च होगी। 30 अप्रैल तक तबादला आदेश जारी किए जाएंगे। शिक्षकों को नए कार्यस्थल पर 15 मई तक कार्यभार ग्रहण करना होगा।






## न्यूज-कॉलम




### पत्रकार शकील खान मंसूरी को सम्मानित किया गया

**बुरहानपुर।** जिले के उपनगर लालबाग क्षेत्र के गुलाबगंज में मुस्लिम मंसूरी पिंजारा वेल्फेयर सोसायटी द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकार शकील खान मंसूरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें झारखंड में राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड पत्रकार रत्न अवार्ड से नवाजा गया था। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने शकील खान मंसूरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पत्रकार सोनू सोहले, वसीम मंसूरी, आरिफ मंसूरी, शैख रशीद उस्ताद, शेख गफूर साहब, शौकत खलीफा सहित लालबाग क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सोसायटी अध्यक्ष साहिल हाश्मी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही लालबाग में महज 1 रुपए में इज्तेमाई शादी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल सकेगी।

### माघ सुदी चौदस को हनुमान जी का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**बाग।** पाडल्या झिरीवाले वाले हनुमान मंदिर परिसर में प्रति वर्ष



अनुसार इस वर्ष भी माघ सुदी चौदस को हनुमान जी का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को फूल बंगले से सजाया गया था वही हनुमान जी की प्रतिमा का कमल अमेरिया द्वारा किया गया आकर्षक श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विरान जंगल में मंगल महोत्सव मनाते हुए हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ प्राप्त कर भोजन प्रसादी ग्रहण की। कुक्षी, गंधवानी, मनावर, जोबट,आलीराजपुर तहसील के विभिन्न ग्रामों से भक्तजन प्रकट उत्सव में भाग लेने पधारे थे। महोत्सव में जय जय सियाराम सुंदर कांड मंडल कापसी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। विगत 10 वर्षों से लोंगसरी निवासी पंवार परिवार द्वारा लड्डू प्रसादी का वितरण महोत्सव में किया जाता रहा है। बाग,कापसी,बड़ग्यार, लोहारा, तलवाड़ा, लोनी, लोहारी ,धूलसर,सिंघाना ,पिपली, गंधवानी, नानपुर, खट्टाली ,जोबट आदि क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे उक्त जानकारी सुरेश झवर ने दी।

### समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की थीम पर मोटर सायकिल रैली निकाली



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। इसी तारतम्य शुक्रवार, 30 जनवरी को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री अत्येन्द्र गुर्जर ने किसान मोटर सायकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कार्यालय उप संचालक कृषि से शुरू होकर कोठी परिसर, कालिदास अकादमी, शहीद पार्क, टॉवर चौराहा, चामुण्डा माता चौराहा होते हुए कृषि उपज मण्डी उज्जैन तक समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की थीम का संदेश देते हुए निकाली गई।किसान मोटर सायकिल रैली के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, नरवाई प्रबंधन के उपाय, संतुलित खाद्य उर्वरक के उपयोग, खेती की नवीन एवं उन्नत तकनीकी के उपयोग, उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था, सिंचाई में पानी की बचत करने के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप से सिंचाई करना एवं मोटर सायकिल चलाते समय हेलमेट पहनना एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने संबंधी संदेश दिए गए। रैली का समापन कृषि उपज मण्डी उज्जैन में हुआ।इस अवसर पर कृषि विभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख, मैदानी अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए किसान भाईयों ने सहभागिता की।

### कलेक्टोरेट कार्यालय बड़वानी के परिसर में बिना हेलमेट के प्रवेश प्रतिबंधित

**बड़वानी ।**कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के परिसर में बिना हेलमेट के प्रवेश प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर कार्यालय भवन के परिसर में आने वाले समस्त दो पहिया वाहन चालक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आम जनता से यह अपेक्षा की है कि वे मध्यप्रदेश मोटरयान अधिनियम 2019 के नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए कलेक्टोरेट परिसर में हेलमेट पहनकर ही प्रवेश करेंगे। बिना हेलमेट के किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आम जनता का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### रेडक्रॉस ने कराई मैजिक संगठन व ट्रैफिक विभाग की सीपीआर ट्रेंनिंग

**रतलाम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला रतलाम द्वारा जिलाधीश मिशा सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे सीपीआर ट्रेंनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत चेयरमैन प्रीतेश गादिया के नेतृत्व में दो बत्ती पुलिस थाने पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में अतिथि ट्रैफिक डीएसपी आनंद सोनी ने कहा की यह ट्रेनिंग मैजिक संगठन के समस्त चालक के लिए एवं ट्रैफिक से जुड़े हर व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है जो की चलते यात्री की किसी भी वक्त जीवन बचाने के काम आ सकती है। चेयरमैन प्रीतेश गादिया ने कहा कि सेवा का काम एक व्यक्ति से चालू लेकर सेकड़ो लोगों तक कार्यकर्ता अपना काम कहीं भी रहकर कर सकते हैं सेवा पुण्य का एक माध्यम है रेडक्रॉस उसी का पर्याय है मैजिक संगठन के अध्यक्ष राजकुमार लाला एवं अखिल अहमद ने भी अपने उदबोधन में रेडक्रॉस एवं मेडिकल टीम का आभार मानते हुए इस ट्रेनिंग को सार्थकता से सबके बिच पहुंचाने का संकल्प लिया।

# चरक में एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



चरक इंस्टिट्यट ऑफ फामेर्सी मंडलेश्वर में दिनांक 31 जनवरी 2026 को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार (संगोष्टी) का आयोजन किया गया जिसे बोर्ड ऑफ रिसर्च इन न्यूक्लियर साइंस द्वारा प्रायोजित किया गया, सेमिनार का शीर्षक *"रेडियो फार्मास्युटिकल इन पर्सनालाइज्ड मेडिसिन टेलरिंग ट्रीटमेंट टू इंडिविजुअल नीड" रखा गया।

सेमिनार में मुख्य वक्ता डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल (चमेली देवी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी इंदौर) , डॉ ओमप्रकाश तंवर प्रोफेसर (स्कूल ऑफ फामेर्सी एस जी एस आई टी एस इंदौर), डॉ पंकज कुशवाह प्रोफेसर (चमेली देवी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी इंदौर) एवं डॉ शरद पांडे प्रोफेसर (एस जी एस आई टी एस इंदौर) थे । सेमिनार में पोस्टर कांपीटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कालेजों के प्रोफेसर एवं छात्र एवं छात्राओं ने बड चढ़ कर हिस्सा लिया।

पोस्टर कॉम्पिटीशन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में प्रथम स्थान जिया मालवीया योगेश्वर कॉलेज ऑफ फामेर्सी, द्वितीय स्थान खुशी भावसार (जी आर वाई) एवं कृष्णा पाटीदार व टीना जाट चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी, एवं तृतीय स्थान अंकित (एक्रोपोलिस कॉलेज) व परिधि जगताप ने प्राप्त किया ।

इसी क्रम में ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीना परमार व द्वितीय स्थान तनुश्री पंवार ने प्राप्त किया। फैकल्टी के वर्ग में प्रथम स्थान डॉ निधि नामदेव (जी आर वाई) एवं द्वितीय स्थान रुचिता रघुवंशी (जी आर वाई) ने प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय सेमिनार में अन्य महाविद्यालय सहित लगभग 300 प्रतिभागी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर श्री भगवान पाटीदार एवं संस्था के चेयरमैन डॉक्टर बद्री प्रसाद पाटीदार द्वारा की गई एवं ऑगेर्नाइजिंग चेयरमैन प्राचार्य डॉ. डी. एस. बेले प्रोफेसर निशा हिरवे रहे। सेमिनार के अंत में प्रोफेसर विनीत शिवने द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों क्रमशः प्रो बी एन बिरला ,प्रो. राजेश पटेल, प्रो मनोज जायसवाल,प्रो. नवदीप जायसवाल प्रो.अंजुला पाटीदार प्रो सोनाली पाटीदार प्रो. विनीता पाटीदार , प्रो विनीत शिवने , प्रो. लोकेंद्र पाटीदार, प्रो अमन वर्मा, प्रो. ललित कुशवाहा, प्रो. रवीना चौधरी, प्रो निकिता जाट,,ललित पाटीदार, जय श्रीवास का सराहनीय योगदान रहा ।

## बिना सहमति भूमि अधिग्रहण का विरोधः कुम्भया के ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

**मंडलेश्वर।**बड़वाह-धामनोद फोरलेन के लिए भूमि अधिग्रहण को ग्राम कुम्भया के ग्रामीणों और किसानों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग और स्थानीय पंचायत अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर, बिना ग्राम सभा की अनुमति और किसानों की सहमति के एकतरफा कार्रवाई की है। सोमवार को बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपकर इस पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। नायब तहसीलदार वरुण उपाध्याय से ग्रामीणों का कहना है वर्तमान में किया गया सर्वे व्यावहारिक नहीं है। किसानों को विश्वास में लिए बिना ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित है। ज्ञापन में ग्रामीणों से कहा कुम्भया की जमीनों की सरकारी गाइडलाइन आसपास के गांवों की तुलना में बहुत कम है। जबकि यहाँ की भूमि सिंचित और उपजाऊ है। साथ ही सैटेलाइट सर्वे और धरातल की स्थिति में काफी अंतर है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और हल्का पटवारी ने गुपचुप तरीके से जानकारी राजस्व विभाग को भेजी है। उन्होंने मांग की है कि इन गैरजिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उन्हें निलंबित किया जाए। किसानों ने मांग की है कि ग्राम सभा का दोबारा आयोजन किया जाए।

## द बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की नई कार्यकारिणी घोषित

**नेपानगर।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की नगर शाखा की नई कार्यकारिणी की घोषणा




जिलाध्यक्ष नटराज लोंढे द्वारा प्राचीन करुणा बुद्ध विहार में की गई। विनोद चुडामन बाविस्कर को अध्यक्ष और निर्वेश कुमार तायड़े को महासचिव नियुक्त किया गया।इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षक प्रकाश खैरनार ने बताया कि दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया भारतीय बौद्धों का राष्ट्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा 4 मई 1955 को मुंबई में की गई थी। नई कार्यकारिणी में भास्कर मेढे, अशोक गायकवाड़, राजेश गोपनारायण और आशा अनिल अहीरे को उपाध्यक्ष, लक्ष्मण सोनवणे, दगडू चुंचेकर, दिलीप किशोर तायड़े, कैलाश पानपाटिल, अनिल भालेराव, संजय पोहरे, सविता अशोक मोरे और सुनीता अडकमोल को सचिव नियुक्त किया गया।

## बाग में अनाज व्यापारी से 80 हजार की लूटः बाईक सवार बदमाशों ने धारदार हथियार से किया हमला

**बाग।** बाग के अनाज व्यापारी दिलीप बद्रीलाल राठौड़ को बाइक सवार तीन बदमाशों ने धारदार हथियार से घायल कर 80 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया। यह घटना सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे ग्राम बंधानिया से 3 किलोमीटर पहले हुई। व्यापारी दिलीप राठौड़ हर सोमवार को बंधानिया गांव में अनाज खरीदने जाते हैं। आज भी वे अपनी पिकअप लेकर जा रहे थे, तभी एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनकी गाड़ी के आगे आकर रोक लिया। बदमाशों ने फालिए से दिलीप के कंधे पर वार किया। दिलीप ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों से फालिया छीन लिया। इसके बाद, दो अन्य बदमाशों ने पीछे से दिलीप को पकड़ लिया और पिकअप में रखा रुपयों से भरा बैग तथा जेब में रखा मोबाइल छीन लिया। बैग में ८० हजार रुपये थे। लूटपाट के बाद बदमाश पिकअप की चाबी लेकर फरार हो गए। धारदार हथियार के वार से लहूलुहान दिलीप खुद पिकअप चलाकर बाग पहुंचे। परिजनों ने उन्हें तुरंत बाग अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उनके कंधे और हाथ पर दो टांके लगाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बाग पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायल दिलीप से लूटपाट की पूरी जानकारी ली।

दिनदहाड़े हुई इस लूटपाट की घटना से व्यापारियों और आमजनों में भय और असुरक्षा का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरियादी द्वारा थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले में थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण किया है ।लुटेरों की तलाश की जा रही है ।

# छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सोमवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई।

जिला स्तरीय टास्क फोर्स गठित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तथा उसके कारणों की रोकथाम है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें करियर की संभावनाओं से अवगत करवाया जाए जिससे विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और आत्महत्या की प्रवृत्ति भी दूर होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के लिए संचालित की जाने वाली टोल फ्री 14416 और 14425 हेल्पलाइन पर चर्चा कर समाधान प्राप्त करे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी महाविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेल गठित कर सभी में मेंटल हेल्थ काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय प्रथम प्रशिक्षण का आयोजन 31 जनवरी को किया गया था। बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर भी चर्चा कर जानकारी दी गई। बैठक में सदस्य सचिव प्राचार्य शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय श्रीमती वंदना गुप्ता, सीएम एचओ डॉ अशोक कुमार पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी,महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी वकोचिंग क्लासेज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर मेकिंग स्पर्धा का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के मध्य शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में मद्य निषेध संकल्प दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री सतीश कुमार सोलंकी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने स्वराज के साथ-साथ सुराज की संकल्पना भी की थी। हम सभी के मानस में सभ्य नागरिकता का बोध होना आवश्यक है। हमारी भागीदारी और जिम्मेदारी परिवार, समाज और पर्यावरण के साथ है। इसे निभाना और समझना चाहिए। कार्यक्रम की अध?यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वन्दना गुप्ता ने कहा कि युवा पीढी शराब, गांजा, तम्बाकू आदि नशे के साथ-साथ मोबाईल और रील के नशे की गिरफ्त में है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों से संकल्प पत्र एवं शपथ-पत्र भरवाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने नशा नहीं करने की शपथ ली।कार्यक्रम के पूर्व विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। अतिथियों द्वारा विजेताओं को शील्ड व प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## बड़वानी पुलिस ने चांदी आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

25 जनवरी की रात 8 बजे गजराबाई पत्नी देवा दावदें निवासी मनीहार मोहल्ला पाला बाजार, बड़वानी अपने परिवार के साथ खंडवा से घर लौटे। घर पहुँचने पर देखा कि पीछे का दरवाजा खुला था और अलमारी तथा अन्य स्थानों की जांच करने पर एक जोड़ चांदी की पायजेब, 10 हजार नगदी और दो इंडेन कंपनी के गैस सिलेंडर (एक भरा, एक खाली) चोरी हो गए थे। जिसके पश्चात, थाना बड़वानी में अपराध बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में एवं थाना प्रभारी कोतवाली श्री बलजीतसिंह बिसेन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने सतत तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों से जांच करते हुए विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त की कि चंचल चौराहे पर आरोपी छोटु उर्फ लोकेन्द्र पिता शैलेन्द्र कुशवाह, उम्र 18 वर्ष, निवासी चांदशाह मोहल्ला बड़वानी चोरी का माल बेचने की कोशिश कर रहा है। मौके पर जाकर आरोपी को पकड़ने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया। उसके निवास स्थल से चोरी की गई *चांदी की पायजेब, नगदी 2 हजार और दो गैस सिलेंडर बरामद किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय बड़वानी में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर द्वारा बताया गया कि पुलिस के द्वारा शहर में चोरी की वारदातों को रोकने के लिए बड़वानी पुलिस सतत प्रयास कर रही है। अनुसंधान टीम को उनके उत्साहवर्धन हेतु उचित पारितोषिक से पुरस्कृत किया जाएगा।

पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बलजीतसिंह बिसेन, सहायक उपनिरीक्षक रविन कन्नौंज, प्रधान आरक्षक 229 जगजोधसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक 29 दीपक, महिला आरक्षक 244 कलावती, आरक्षक 54 राधेश्याम, आरक्षक 91 अंतरसिंह, आरक्षक 515 हितेन्द्र मंडलोई की सराहनीय भूमिका रही।

## प्राचीन गौरी सोमनाथ मंदिर को 11 हजार दीपकों, रंगोली और फूलों से आकर्षक सजाया

**मंडलेश्वर।**ग्राम चोली में चल रहे ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी जी का द्वादश पाट महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार रात प्राचीन गौरी सोमनाथ मंदिर को 11 हजार दीपकों, रंगोली और फूलों से आकर्षक सजाया गया। मंदिर प्रांगण में पपु बाबाश्री अलबेलीशरण जी महाराज के आते ही मंदिर के दीपकों को जलाया गया। जिसके बाद 251 काकड़ा आरती से भगवान की आरती उतारी। परमार कालीन यह मंदिर राज्य संरक्षित है। जोकि दीपकों की रोशनी से दमक उठा। बालिकाओं ने रंगोली से मंदिर प्रांगण में श्री हरिदास संप्रदाय के स्वामी श्री हरिदास (तानसेन के गुरु) का चित्र बनाया था। जोकि आकर्षण का विशेष केंद्र रहा। इसके अलावा कई अन्य चिन्ह और कलाकृतियां भी रंगोली से बनाई थी। करीब 11 सौ वर्ष प्राचीन मंदिर की दीवारें, सीढ़ियां, प्रांगण, सभामंडप और गर्भ गृह को रंगोली, फूलों और दीपकों की सजावट ने जीवंत कर दिया। करीब 6700 की आबादी वाले गांव से घर-घर से दीपक एकत्रित किए गए थे। 8 हजार स्क्वायर फीट में फैले इस मंदिर परिसर को 150 स्वयं सेवकों ने सिर्फ 4 घंटे में सजा दिया था। जिसमें चित्र बनाने से लेकर, फूल और रंगोली से सजाने, दीपकों को नियत स्थान पर रखने, दीपकों में तेल और बत्ती डालने तक का काम शामिल है। बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और उन्होंने भगवान गौरी सोमनाथ के दर्शन किए।

## देव पूजन के साथ श्री वृंदावन महिमामृत कथा के निमंत्रण वितरण की शुरूआत

**रतलाम।** श्री रिद्धि सिद्धि कार्यसिद्ध गणेश जी, श्री दक्षिण पंचमुखी हनुमान जी मंदिर समिति एवं जय भवानी ग्रुप, डोंगरे नगर के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने जा रही श्री वृंदावन महिमामृत कथा के निमंत्रण वितरण का शुभारंभ विधिवत देव पूजन के साथ किया गया। समिति द्वारा यह सात दिवसीय कथा आयोजन 9 फरवरी से 15 फरवरी तक मंदिर प्रांगण परिसर में किया जाएगा। कथा का रसपान मधुरभाव हरिदासी पंडित श्री हेमंत जी अग्निहोत्री (श्रीधाम वृंदावन) के श्रीमुख से कराया जाएगा। निमंत्रण वितरण की शुरूआत सर्वप्रथम श्री रिद्धि सिद्धि कार्यसिद्ध गणेश जी, श्री दक्षिण पंचमुखी हनुमान जी मंदिर, श्री मनकामेश्वर महादेव, श्री तेजेश्वर महादेव, श्री अंजनी धाम हनुमान जी, श्री पूर्वमुखी हनुमान जी, श्री कार्यसिद्ध भैरव जी, श्री रुद्र पशुपतिनाथ महादेव एवं श्री कुंडकेश्वर महादेव के श्रीचरणों में पीले अक्षत के साथ निमंत्रण पत्र अर्पित कर की गई। इसके पश्चात समिति सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को निमंत्रण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर समिति की ओर से संतोष चौहान, संगीता पंवार, रंजना सोलंकी, ज्योति चौहान, वंदना पचौरी, ज्योति शर्मा, कल्पना शर्मा, ममता राठौड़, चांदनी राठौड़, मंजुला पाठक, काजल टांक सहित वंश डोडिया, प्रिंस डोई, दक्ष जायसवाल, तेजस्वी चौहान, खुशी चौहान एवं दिव्यांशी चौहान उपस्थित रहे। समिति सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ लेने की अपील की।

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत

# किसानों के कल्याण के लिए कार्ययोजना बनाकर करे कार्य-कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया हैं। जिसके अंतर्गत समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषकों की आय वृद्धि एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाये ताकि कृषकों के जीवन में खुशहाली आ सके। उक्त बाते कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने जिले के विकास कार्यो एवं महत्वपूर्ण अभियोनों की विस्तृत समीक्षा के दौरान कही। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयेः-

बैठक में जिले के उन्नतशील कृषकों से चर्चा कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने एवं तिलहनी फसलों एवं मुंगफली फसल के उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। इस संवाद में कृषकों ने अपनी कृषि पद्धति और मार्केटिंग एवं अन्य समस्याओं को भी रखा। कलेक्टर ने उक्त के संबंध में उप संचालक कृषि को कार्ययोजना बनाकर इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दियें बैठक में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग को फार्मर आईडी के पंजीयन के संबंध में अगले 15 दिवस में कृषि अमले द्वारा कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। कृषि संगोष्ठी के माध्यम से गतिविधियां संचालित कर कृषकों को जागरूक करे।

रोजगार संगी पोर्टल में पंजीयन के संबंध में लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश जिला रोजगार अधिकारी को दिये।

जिला पंचायत सीईओ को बैठक में पंचायतों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, सिकलसेल पेंशन, विधवा पेंशन की पेडेंसी को कर कर प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये। संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में 78062 आवेदन इस अभियान अंतर्गत दर्ज हुए है, जिन्हे निरंतर निराकृत किया जा रहा है। जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंति छोर पर खड़े व्यक्ति को प्राप्त हो रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा कर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को टीबी स्क्रीनिंग हेतु चिन्हांकित किये गये अत्याधिक प्रभावित 60 ग्रामों एवं वार्डो में कान्टेक्ट ट्रेसिंग कर मरीजों को समुचित लाभ देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही एएनसी पंजीयन को बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड बनाये जाने में वृद्धि और बाल वैभव की सुविधा पर विशेष जोर देने के निर्देश दिये। बैठक में क्रियाशील पंचायत, स्कूल भवन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, सड़क सुरक्षा, सीएम हेल्प लाइन में गुणवत्तापूर्ण निराकरण आदि के संबंध में भी निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री काजल जावला, संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## खास न्यूज

### पिता ने पैसे देने से मना किया तो पुत्रों ने की मारपीट

**उज्जैन।** कायथा के छोटा बाजार में रहने वाले अम्बाराम पिता गिरधारीलाल माली 55 साल के साथ सोमवार दोपहर पुत्रों राहुल और मनोज ने कप? धोने की मोगरी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल अम्बाराम को परिवार के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। कायथा पुलिस ने बताया कि घायल अम्बाराम के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि दोनों पुत्र अलग रहते है। राहुल की शादी होना है, उसे रूपयों की आवश्कता थी, वह 50 हजार रूपये मांग रहा था। मना करने पर राहुल और मनोज ने मारपीट की है। पुलिस के अनुसार दोनों पुत्रों के खिलाफ धारा 115(2), 296 बी, 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों पुत्रों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### विराटनगर स्थित घर से हिरासत में आया जिलाबदर बदमाश

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के बेगमबाग में रहने वाला शाहरूख उर्फ चकमक पिता रशीद अपराधिक प्रवृति का बदमाश है। कुछ माह पहले उसकी अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लागने के लिये महाकाल थाना पुलिस ने जिलाबदर की कार्रवाई का प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय भेजा था। जहां से बदमाश को जिले की सीमा से बाहर भेजने के आदेश जारी किये गये थे। बदमाश को पुलिस ने जिले की सीमा से बाहर कर दिया था, लेकिन कुछ दिन बाद ही वह वापस शहर में आया और चिमनगंज थाना क्षेत्र स्थित विराटनगर स्थित घर में छुपकर रहने लगा। रविवार रात चिमनगंज थाना पुलिस को जिलाबदर बदमाश के विराटनगर में दिखाई देने की खबर मिली तो पुलिस ने दबिश दी। उसे घर से हिरासत में लिया गया। प्रधान आरक्षक सतीश यादव ने बताया कि जिलाबदर अवधि के दौरान शहरी सीमा में पाये जाने पर बदमाश के लिये म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 का प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसे सोमवार न्यायालय में पेश कर केन्द्रीय जेल भैरवग? भेजा गया है।

### दुकान के सामने से बस हटाने के विवाद में चले लात-घूंसे

उज्जैन। ब?नगर तहसील के कसाई चौक में शाकीर पिता सकुर खां निवासी विश्वकर्मा पथ दुकान का संचालन करता है। उसकी दुकान के सामने शाबीर खां निवासी कसाई चौक ने बस ख?ी कर दी थी। बस हटाने की बात पर दोनों में विवाद हो गया। शाकीर ने अपने साथियों के साथ शाबीर खां के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं शाबीर ने भी शाकीर के साथ मारपीट कर धमकी दी। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। मारपीट के क्रास प्रकरण का एक मामला राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम घौंसला में हुआ। जहां मुशरान पिता अब्दुल मजीद और नारायणसिंह सौंधिया के बीच गाली-गलौच नहीं करने की बात पर थप्पड-मुक्के चल गये। पुलिस मामले में तत्काल संज्ञान लिया और दोनों को हिरासत में ले लिया।

### मृतक का पोस्टमार्टम के बाद पुलिस करायेगी अंतिम संस्कार



**उज्जैन।** माधवनगर थाना पुलिस ने रविवार सुबह वल्लभनगर और सेठीनगर क्षेत्र के बीच खाली जमीन पर बबलू के पेड से एक व्यक्ति की अर्द्धनग्न लाश रेलवे की चादर से लटकी बरामद की थी। मृतक सिर्फ अंडरवियर में था, उसके आसपास से कोई ऐसा प्रमाण नहीं मिला था, जिसके माध्यम से उसकी पहचान हो सके। बावजूद पुलिस 2 दिनों से उसकी शिनाख्त के प्रयास में लगी हुई है। एएसआई एमएस अलावा ने बताया कि क्षेत्र में सब्जी वाले और कुछ लोगों ने उसे रविवार शाम को अर्द्धनग्न हालत में बाघेश्वरी माता मंदिर के आसपास भी देखा था। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त नजर आ रहा था। एएसआई अलावा के अनुसार मंगलवार सुबह तक परिजनों का पता नहीं चलने पर दोपहर में उसका पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया दफनाने के रूप में की जायेगी।

### इलेक्ट्रीक बोर्ड में पिन लगा रहे बालक को लगा करंट

**उज्जैन।** माकडोन के भाटपुरा में रहने वाला परिवार घर से आटा चक्की संचालित करने का काम करता है। रविवार देर शाम परिवार का 15 वर्षीय पुत्र विशाल पिता महेन्द्रसिंह गेहूं पीसने के लिये आटा चक्की चालू कर रहा था। उसने जैसे ही इलेक्ट्रिक बोर्ड में पिन लगाई। उसे करंट लग गया। हाथ झुलसने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| कल्याण नाइट | 127-0 | 237-2 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |
| मधुर डे | 379-9 | 445 -3 |
| मधुर नाइट | 477-8 | 557-7 |
| शुभांक | 1 8 | 0 |

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, 8 से 9 उपद्रवी हिरासत में ....

# नागदा में 2 समुदाय के बीच बबाल के बाद 4 मामले दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दाहोद से उज्जैन आ रही मेमू ट्रेन में रविवार-सोमवार रात विवाद ने ट्रेन के नागदा पहुंचने के बाद सांप्रदायिक रूप ले लिया था। स्थिति पर नियंत्रण करने के लिये भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मामले में 4 प्रकरण दर्ज किये गये और सोमवार को फ्लैग मार्च किया गया। 8 से 9 उपद्रवी पुलिस की हिरासत में आ गये है।

नागदा में रविवार रात उस वक्त बबाल खडा हो गया था जब दाहोद से उज्जैन के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन में रतलाम-खाचरौद के बीच अस्थियां विर्सजित करने आ रहे परिवार के साथ वर्ग विशेष के युवको द्वारा मारपीट की गई थी परिवार की बालिका से छेडछाड का प्रयास किया था। मामला जीआरपी पहुंचा था, इसी बीच वर्ग विशेष के युवको ने अपने साथियों को बुला लिया था। मामले की जानकारी लगते ही हिन्दूवादी संगठन भी एकत्रित हो गया था। जिसके बाद स्टेशन परिसर से लेकर नागदा क्षेत्र में बबाल मच गया और अफरा-तफरी फैल गई थी। 2 समुदाय के बीच



विवाद की खबर लगते ही नागदा, खाचरौद, और बिरलाग्राम थाने के साथ आसपास के थानों का पुलिस बल रेलवे स्टेशन पहुंच गया था। उपद्रव करने वालों का तितर-बितर करने के लिये हल्का बल प्रयोग किया गया। एसपी प्रदीप शर्मा भी घटनाक्रम सामने आने पर रात में नागदा पहुंच गये थे। देर रात मामला पूरी तरह शांत कर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया था। कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से रातभर नागद स्टेशन से लेकर आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। सोमवार सुबह पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और शांति की अपील की। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामले में 8 से 9 उपद्रव करने वालों को हिरासत में लिया गया है। नागदा-रतलाम जीआरपी में 3 प्रकरण दर्ज किये गये है। वहीं एक प्रकरण नागदा थाने पर दर्ज किया गया है।

**परिवार को पुलिस ने पहुंचाया उज्जैन**

दाहोद से उज्जैन अस्थियां विर्सजित करने आ रहे परिवार को नागदा पुलिस ने सुरक्षित तरीके से सोमवार सुबह उज्जैन पहुंचाया। इस दौरान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और मदद के लिये परिवार ने आभार माना। इस दौरान पुलिस ने परिवार को निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### प्रकरण मामले

1 नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि रात में हुए उपद्रव के मामले में बिरलाग्राम बीमा कालोनी के रहने वाले अनुज पिता प्रकाश जीनवाल की शिकायत पर बबन और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अनुज बाजार से लौट रहा था उसी दौरान विवाद बढने पर उसे आरोपियों ने रास्ता रोक धमकाया और मारपीट की थी।

2 नागदा जीआरपी ने रितेश उर्फ रोशन शुक्ल की शिकायत पर अमजद लाला और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। रितेश के अनुसार उसने ट्रेन में चल रही मारपीट का विरोध किया तो उसे धमकाया गया और जान से मारने की धमकी दी गई।

3 नागदा जीआरपी ने गुजरात के टिम्बा गांव में रहने वाले परिवार की शिकायत पर नरेश भाई की ओर से रतलाम-खाचरौद के बीच से ट्रेन में च? युवकों द्वारा उनकी नाबालिग बालिका के साथ छेडछाड करने और विरोध करने पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। जिसे रतलाम जीआरपी को भेजा जायेगा।

4 नागदा जीआरपी ने अमजद खान निवासी जन्मजय मार्ग नागदा की शिकायत पर रोशन शुक्ल द्वारा गाली-गलौच करने और मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। अमजद ने शिकायत में बताया कि वह सामाजिक दायित्व के चलते जीआरपी आया था। इस दौरान उसके साथ गाली-गलौच मारपीट और धमकी दी गई।

## मंदिरों की सुरक्षा पुख्ता करने निकले पुलिस

**उज्जैन।** पिछले दिनों इंगोरिया और घटिया थाना क्षेत्र के मंदिरों में हुई चोरी की बड़ी वारदात के महाकाल थाना पुलिस अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को मुक्त करने के लिए सोमवार शाम एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र पहुंची। मंदिर के पुजारी और प्रबंध समिति से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

जनवरी माह के अंतिम दिनों में इंगोरिया थाना क्षेत्र के दंगवाड़ा स्थित बोरेश्वर महादेव मंदिर और घटिया क्षेत्र के आशापुरी भवानी मंदिर में हुई चोरी की बड़ी वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर महाकाल थाना पुलिस अपने क्षेत्र के बड़े धार्मिक मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए सोमवार शाम एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र पहुंची। पुलिस टीम द्वारा भूखी माता मंदिर के पुजारी राज चौहान के मीटिंग की गई और मंदिर के बंद पड़े कैमरे के संबंध में दिशा निर्देश दिए। थाना प्रभारी गगन बादल के नेतृत्व में टीम श्री राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर, कांच का जैन मंदिर घी मंडी, साकेत धाम हनुमान मंदिर, स्वर्गद्वार ईश्वर महादेव मंदिर, गणेश राव महल नलिया बाखल, जैन मंदिर सुरजनगर, मुल्लापुरा श्री राम मंदिर पहुंची और पुजारी के साथ मंदिर समिति के साथ चर्चा कर मंदिर के बाहर



और परिसर में कैमरे लगवाने के साथ ही दान पेटी में रात के समय राशि नहीं रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सूरज नगर में मोहल्ला मीटिंग भी की गई और मंदिरों की सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए। पुलिस ने मंदिरों में मूल्यवान धातु के नहीं रखना और चौकीदारों की नियुक्ति करने के आदेश भी जारी किए। गौरतलब हो कि इंगोरिया और घटिया स्थित मंदिर में हुई चोरी की वारदात के बाद धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थल और मंदिरों की सुरक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके चलते महाकाल थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के कई मंदिरों की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए मैदान संभाल लिया है।

## लूट के इरादे से हत्या करने वालों को उम्रकैद की सजा

**उज्जैन।** खेत पर बने कमरे में सोये वृद्ध के साथ लूट के इरादे से हाथ-पैर बांधकर हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 8 साल बाद फैसला सुनाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 2 जून 2017 को खाचरौद थाना पुलिस ने ग्राम थडोदा में रहने वाले विक्रमसिंह की हत्या का मामला मृतक के पुत्र विरेन्द्रसिंह की शिकायत पर दर्ज किया था। घटनाक्रम के दौरान पुत्र ने बताया था कि वह शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम हिपाखे?ी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। उसके पिता खेत पर बने मकान में रात को सोने जाते थे। घटनावाली रात भी खेत पर गये थे, जब सुबह वापस नहीं लौटते वह खेत पर पहुंचा। मकान पर ताला लगा हुआ था, वापस घर लौटा लेकिन पिता दिखाई नहीं दिये। उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान मां कमलकुंवर खेत पर पहुंची उसने बंद मकान की दीवार में बने छेद से अंदर झांका, पिता खून से लथपथ हालत में प? थे। आसपास के लोगों और गजराजसिंह को बुलाकर दरवाजे का ताला तोडा गया। पिता के हाथ-पैर और मुंह बंधा हुआ था। उनकी मौत हो चुकी थी। पिता को मोबाइल गायब था और भैंस के साथ पाटी भी नहीं थी। लूटपाट के इरादे से हुई हतया के मामले में पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की। जिसके आधार पर रतलाम के रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम उमरबट्टा में रहने वाले कैलाश पिता मांगू डोडियार को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने लूट के लिये हत्या करना स्वीकार कर लिया। जिसके खिलाफ धारा 302/34, 394/ 34, 397/34, 450, 201 भादवि के साथ 66 बी आईटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। 8 साल चली सुनवाई के बाद खाचरौद प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को हत्या, लूट का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा से दंडित किया। आरोपी के खिलाफ 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा थाना प्रभारी को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन का मागदर्शन प्रदान किया। वहीं शासन की ओर से पैरवी सुनील परमार, विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

# मक्सी के आसपास तलाश बदमाशों का नहीं मिला सुराग

## लूट के बाद बाइक से भागते बदमाशों के सामने आये फुटेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पशु बेचकर लौट रहे 2 किसानों के साथ हुई 1.50 लाख की लूट के मामले में कायथा थाना पुलिस मक्सी के आसपास बदमाशों की तलाश में लगी हुई है। दोनों बदमाशों के बाइक से भागते फुटेज भी सामने आये है। लेकिन सोमवार शाम तक दोनों का सुराग नहीं मिल पाया था।

एसडीओपी भविष्य भास्कर ने बताया कि शनिवार दोपहर को रामपुरा मार्ग लक्ष्मीपुरा फंटा पर बाइक सवार 2 बदमाशों ने ग्राम नरेसली में रहने वाले 2 किसानों सतीश शाह और रामलाल की आंखों मे मिर्ची झोंककर 1.50 रूपये लूटने की वारदात को अंजाम दे दिया था। दोनों किसान मक्सी से पशु बेचकर लौट रहे थे। बदमाशों ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मारी थी और गिराया था। वारदात के बाद से कायथा थाना पुलिस की एक टीम बदमाशों की तलाश में लगी हुई है। आसपास



क्षेत्र के लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर बदमाशों के बाइक से भागते चेहरे भी सामने आये है। बदमाश मक्सी की ओर भागे है। टीम द्वारा मक्सी में तलाश की जा रही है और बदमाशों के रूट को ट्रेस किया जा रहा है। फिलहाल सोमवार शाम तक दोनों बदमाश पुलिस की हिरासत में नहीं आ पाये थे।

**आसपास की थाना पुलिस को भेज फुटेज-** बताया जा रहा है बदमाश मक्सी पशु बाजार से किसानों के पीछे लगे थे। वहीं वारदात के बाद उनके मक्सी की ओर भागने के फुटेज सामने आये है। जिसके आधार पर आसपास की थाना पुलिस को भी फुटेज भेजे गये है। जिसके चलते बदमाशों की पहचान हो सके। बदमाशों की पहचान के लिये शाजापुर पुलिस से भी संपर्क किया गया है। जिस तरह से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है, बदमाश अपराधिक प्रवृति के प्रतित हो रहे है।

### सार्वजनिक सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 474 रकबा 6.230 हे. में से रकबा 2.525 हे0 स्थित ग्राम अकोलिया, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक धापू बाई पिता सवईसिंह जाति राजपूत, निवासी ग्राम अकोलिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है। कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विकय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी/व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर मो.नं. 9826562344**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज ठक्कुर पिता श्री ओमप्रकाशजी निवासी अलवासा इंदौर (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 2820/2/2, रकबा 0.2090 हेक्टर है। इस कृषि भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का तय पाया है, जिसमें मेरे पक्षकार से श्री मनोज ठक्कुर पिता श्री ओमप्रकाशजी निवासी अलवासा इंदौर (म.प्र.) ने टोकन बयाना राशी भी प्राप्त कर ली गई है। मेरे पक्षकार द्वारा शेष और राशी चुकाकर अनुबन्ध पत्र का सम्पादन करा लिया जावेगा व अनुबन्धित अवधि में शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराई जावेगी। उक्त कृषि भूमि के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी का उक्त कृषि भूमि में स्वत्व हित निहित हो, व इस कृषि भूमि को किसी के हित में किसी भी प्रकार से अनुबन्धित किया गया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि को क्रय किये जाने के सम्बन्ध में शेष विक्रय मूल्य में से ओर राशी चुकाकर अनुबन्ध पत्र का सम्पादन कराया जावेगा व शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर अनुबन्धित अवधि में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 02/02/2026 ई., स्थान- उज्जैन

**(मेहुल दुग्गड) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली. छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 79871-95622, 94250-91829**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, राजस्व अभिलेख ग्राम असावता तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे एक भूमि खाता सर्वे न. 303/1 रकबा 0. 70 है. सर्वे न. 303/2/1 रकबा 0.20 है. कुल किता 02 कुल रकबा 0.90 है. भूमि देवीलाल, सुनिता, मीना, वर्षा पिता मांगीलाल जी जाति बांछडा निवासी बरलई जागीर जिला इंदौर म.प्र. नाम से स्थित दर्ज चली आ रही है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को कय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय किया है तथा सौदा की बयाना राशि भूमि स्वामियो को अदा कर दी है उक्त भूमि का विक्रय पत्र निष्पादन होना शेष है। यदि उक्त भूमियों के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो या उक्त भूमि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक के पक्ष में बंधक, अनुबंधित, भारग्रस्त हो या उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का ऋणभार बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण, आपत्ती एवं दस्तावेज मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बादगुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का सम्पूर्ण विक्रय मूल्य अदा कर उक्त भूमि का कय दस्तावेज अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगें तथा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 02/02/2026

**तेजसिंह राठौर अभिभाषक**
**बडनगर जिला उज्जैन मो.- 94250-30605**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि भूखंड म्युनिसिपल क्रमांक 102/5, नामदारपुरा, रविन्द्रनाथ टैगोर मार्ग के अंदर की ओर, उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है जो कि आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर इसका कुल क्षेत्रफल 158.61 वर्गमीटर है जिसके पूर्व में ढोली गली, पश्चिम में ज्ञानचंद सिंधी का मकान व बाड़ा मिला है, उत्तर में मकान अनिल सिंदल का, दक्षिण में मकान अजयकीर्ति जैन व माणकलाल जैन का मकान मिला है, को भवन स्वामी श्री विजयसिंह सरगरा पिता श्री हजारीसिंह सरगरा निवासी - नामदारपुरा, गौतम मार्ग, ढोली बाखल, उज्जैन से मेरे पक्षकार ने क्रय करने का करार कर मेरे पक्षकार द्वारा भवन स्वामी को विक्रय मूल्य पेटे आंशिक धनराशि अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदा कर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में कराया जाना शेष है। अत: किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, वित्तीय संस्थान, सोसायटी, बैंक आदि का उक्त सम्पत्ति पर कोई भी ऋण, भार, बोझ, प्रतिभूति, साहूकारी, सहकारी, सरकारी, हक, हित, सुखाधिकार आदि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय साक्ष्य लिखित आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य न होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचित होवें। इति दिनांक 02.02.2026

**(अभिषेक शर्मा) अभिभाषक**
**5. कंठाल, अंकपात मार्ग, उज्जैन मो. 9907403804**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मुरलीमनोहर अग्रवाल पिता शंकरलाल अग्रवाल निवासी 60 विद्यापति नगर नानाखेडा उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व का भवन म्यु. क्रं. 60 का पूर्वी दिशावाला भाग स्थित विद्यापति नगर, नानाखेडा उज्जैन में है, जिसका टोटल एरिया 84.75 वर्गमीटर का है जो दो मंजिला पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है, जिसके पूर्व में मकान क्रमांक 61, पश्चिम में भवन प्रकाशचंद बडगोत्या का, उत्तर में खुली भूमि, दक्षिण में सडक कालोनी की, जिसकी पेमाईश लंबाई- 15.00 मीटर। चौडाई 5.65 मीटर। उक्त भवन को कय करने का सौदा किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त भवन पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, हिस्सा, हक, अधिकार हो या भवन कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधनग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या भवन के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या भवन विक्रय बाबत किसी को आपत्ति हो तो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 2/2/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट**
**51. दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124**

# चीन की निन्दा



संयुक्त राष्ट्र संघ की राजनीतिक समिति के सामने कोरिया और दूर पूर्व के संबंध में मुख्य रूप से दो प्रस्ताव उपस्थित थे। एक प्रस्ताव एशियाई और मध्य-पूर्व के देशों की ओर से रखा गया था और दूसरा अमेरिका ने रखा। पहले प्रस्ताव में अविलम्ब सात राष्ट्रों का एक सम्मेलन बुलाने का सुझाव था। उसमें यह भी कहा गया था कि सात राष्ट्रों का सम्मेलन सबसे पहले कोरिया में युद्ध विराम के बारे में समझौता करे और उसके बाद कोरिया के भविष्य एवं दूर पूर्व की अन्य समस्याओं पर चर्चा करे। अमेरिकी प्रस्ताव में कोरिया में हस्तक्षेप करने के लिए चीन को आक्रमणकारी ठहराया गया है। उसमें यह सुझाव भी दिया गया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की सामूहिक कार्रवाई कमेटी को तुरन्त जांच-पड़ताल करके रिपोर्ट देनी चाहिए कि कोरिया में आक्रमण का प्रतिकार करने के लिए किन उपायों का अवलंबन किया जा सकता है। राजनीतिक समिति ने अमेरिकी प्रस्ताव को भारी बहुमत से स्वीकार कर लिया। अमेरिकी प्रस्ताव के स्वीकृत होने के पहले लेबनान ने उसमें दो संशोधन रखे थे। अमेरिकी प्रस्ताव में कहा गया था कि चीन ने कोरिया में युद्ध विराम संबंधी संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया है। लेबनान का पहला संशोधन इस शब्दावली को बदल देता है और अब अमेरिकी प्रस्ताव कहता है कि चीन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के युद्ध विराम संबंधी प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया है।... अमेरिकी प्रस्ताव में कोरिया की समस्या को शान्तिपूर्वक हल करने का प्रयत्न करने के लिए तीन आदमियों की एक कमेटी नियुक्त करने की बात कही गई है।... एशियाई और मध्य-पूर्व के देशों को अमेरिकी प्रस्ताव के विरुद्ध मुख्य आपत्ति यह थी कि यह चीन को आक्रमणकारी घोषित करके उसकी निन्दा करता है। अमेरिकी प्रस्ताव के स्वीकार किये जाने के पहले भारतीय प्रतिनिधि श्री नृसिंहराव ने राजनीतिक समिति को यह सूचित कर दिया था कि यदि अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकार किया गया तो चीन शान्ति-चर्चा में भाग लेने से इनकार कर देगा। इसका अर्थ यह होगा कि कोरिया और दूर पूर्व की समस्याओं को शान्तिपूर्वक समाधान करने के लिए अब तक जो प्रयत्न किये गये, वे विफल हो जायेंगे।



**सम्पादकीय**

## तेज सुधार का समय

आम बजट 2026 को एक सुधारवादी बजट के रूप में देखना ज्यादा मुफीद रहेगा। इस बजट पर किसी तरह का सियासी या चुनावी दबाव नहीं था और इसलिए भी इसमें आर्थिक सुधार की कोशिशें ज्यादा नजर आ रही हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि इसमें कोई लोक-लुभावन या चमकदार घोषणाएं नहीं हैं। किसी सुधारवादी बजट की यह खासियत होती है कि उसे देखकर लगता है, कोई नया या बड़ा कदम नहीं उठाया गया है। वास्तव में, आज भारतीय अर्थव्यवस्था में कदम बढ़ाने से ज्यादा जरूरी है कदम जमाना। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण की शुरूआत ही जिन तीन कर्तव्यों की चर्चा से की है, उस पर सबका ध्यान जाना चाहिए। पहला कर्तव्य, अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के प्रति लचीलापन बढ़ाते हुए आर्थिक विकास को गति देना और उसे बनाए रखना। दूसरा, अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमता विकसित करना। तीसरा, यह सुनिश्चित करना कि देश के प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और वर्ग तक संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों की पहुंच हो। ये घोषित कर्तव्य बहुत स्पष्ट हैं। इनसे सरकार की प्राथमिकताओं का पता चलता है। यह पिछले बजट जैसा निर्णायक भले न हो, पर सकारात्मक रूप से हस्तक्षेपकारी है।

यह बजट साफ संकेत है कि भारत अब रुकने वाला नहीं है। यहां हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बुरे दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है। ताजा बजट में सबसे प्रशंसनीय पहल यह है कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 ट्रिलियन कर दिया गया है। हम अक्सर देखते हैं कि सरकार मूलभूत ढांचे में निजी क्षेत्र से निवेश बढ़ाने की अपील करती रहती है। अपनी ओर से भी सरकार ने पूंजीगत व्यय बढ़ाकर निजी क्षेत्र को प्रेरित किया है। एक सड़क भी बनती है, तो उससे अनेक उद्योगों को बल मिलता है, रोजगार बढ़ता है। भारत का बुनियादी विकास अगर तेजी से होता रहेगा, तो व्यापकता में उसके विकास का रथ कहीं नहीं थमेगा। शहर विकास से लेकर पर्यटन विकास तक और शिक्षा से स्वास्थ्य तक किए गए प्रयास सराहनीय हैं। बजट 2026 के प्रस्ताव आम आदमी को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रभावित करेंगे। आयकर स्लैब में पिछली बार ही भारी बदलाव हुआ था, तो इस बार उसमें बदलाव की बहुत उम्मीद नहीं थी। कर सुधार और कर रियायत, दो ऐसे मोर्चे हैं, जिन पर बजट में प्रक्रियागत सुधार किए गए हैं। इन सुधारों का लाभ निवेश को मिलना चाहिए।

**सोच के विपरीत परिणाम**

# टैरिफ के बावजूद आर्थिक क्षेत्र में अमेरिका से आगे निकलता शेष विश्व

दिनांक 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनाए गए थे। वर्ष 2024 में ट्रम्प ने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव "Make America Great Again" अर्थात अमेरिका को पुनः महान बनाएं, नारे के साथ जीता था। वर्ष 2025 का पूरा वर्ष भर पूरे विश्व ने ट्रम्प को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए देखा। लगभग पूरा 2025 का वर्ष ट्रम्प ने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाते हुए बिताया और मित्र देशों सहित कई देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर भारी भरकम टैरिफ लगाए। ट्रम्प का सोचना था कि टैरिफ को बढ़ाकर वे अन्य देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात को कम करेंगे और इससे अमेरिका में ही इन उत्पादों का उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। ट्रम्प का संभवतः यह सोचना था कि उनका यह प्रयास अमेरिका को महान बनाते हुए शेष विश्व को विपरीत रूप से प्रभावित करेगा। परंतु, वर्ष 2025 में अमेरिका एवं शेष विश्व के आर्थिक क्षेत्र के आंकडें देखने पर ध्यान में आता है कि अमेरिका के मित्र राष्ट्रों सहित विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ का असर अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर लगभग नहीं के बराबर पड़ा है। बल्कि, इसका खामियाजा अमेरिका के नागरिकों को भुगतना पड़ा है। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से अमेरिका में उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा बृद्धि दर्ज हुई है, इससे मुद्रा स्फीति में वृद्धि तेज हुई है एवं अमेरिकी नागरिकों को विभिन्न उत्पादों को बढ़ी हुई कीमतों दरों पर खरीदना पड़ रहा है। अमेरिकी नागरिक पिछले 5 वर्षों की तुलना में आज खाद्य सामग्री पर 30 प्रतिशत अधिक खर्च कर रहे हैं। अमेरिका में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें 22 प्रतिशत से बढ़ चुकी हैं। खाद्य पदार्थों एवं मकान की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर भी 3 से 4 प्रतिशत के बीच बनी हुई है, जो पिछले कई वर्षों की तुलना में बहुत अधिक है। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से परेशान हो रहा है अमेरिकी नागरिक, न कि अन्य कोई देश। श्री रुचिर शर्मा, भारतीय मूल के अमेरिकी लेखक एवं फायनैन्शल टाइम्स के स्तम्भ लेखक, ने अपने एक साक्षात्कार में कई आंकडें दिए हैं, जिनका प्रयोग इस लेख को तैयार करने में किया गया है।



प्रहलाद सबनानी
(दैनिक अवन्तिका)

अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले आयात पर लगाए गए टैरिफ के पश्चात अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर कम होती हुई दिखाई दे रही है। वर्ष 2024 में अमेरिका में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत की रही थी जो वर्ष 2025 में घटकर 2.1 प्रतिशत हो गई। जबकि वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर दोनों वर्षों, 2024 एवं 2025, में 2.8 प्रतिशत बनी रही है। वर्ष 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में किसी प्रकार की कमी दृष्टिगोचर नहीं हुई है। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 में वृद्धि दर, 6.5 प्रतिशत की रही थी, जो वर्ष वर्ष 2025 में बढ़कर 7.2 प्रतिशत की हो गई। वर्ष 2024 में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से 52 प्रतिशत देशों की प्रति व्यक्ति सकल उत्पाद में वृद्धि दर अमेरिका की तुलना में अधिक रही थी जबकि वर्ष 2025 में 76 प्रतिशत देशों की प्रति व्यक्ति सकल उत्पाद में वृद्धि दर अमेरिका की तुलना में अधिक रही है। वर्ष 2025 में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक विकास दर तेज गति बढ़ती हुई पाई गई है। इस प्रकार, अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के बावजूद शेष विश्व में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अमेरिका से अधिक रही है। इस प्रकार अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का प्रभाव अन्य देशों के विकास पर विपरीत रूप से नहीं पड़ा है।

अमेरिका के पूंजी (शेयर) बाजार में भी वर्ष 2025 में निवेशकों को अपने निवेश पर कम आय प्राप्त हुई है। अमेरिका में निवेशकों द्वारा पूंजी (शेयर) बाजार में किए गए निवेश पर 18 प्रतिशत की आय का अर्जन हुआ है। जबकि, यूरोप में निवेशकों को 35 प्रतिशत, उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में निवेशकों को 34 प्रतिशत, अमेरिका को छोड़कर शेष विश्व में निवेशकों को 32 प्रतिशत एवं चीन में निवेशकों को 31 प्रतिशत की आय अर्जित हुई है। इस प्रकार, अमेरिका की तुलना में अन्य देशों में पूंजी (शेयर) बाजार में निवेशकों को लगभग दुगनी आय अर्जित हुई है। अमेरिकी नागरिकों का पूंजी (शेयर) बाजार में निवेश तुलनात्मक रूप से अधिक है। अमेरिकी नागरिकों का जायदाद में निवेश 30 प्रतिशत है जबकि शेयर बाजार में 32 प्रतिशत निवेश है। चीन के नागरिकों का जायदाद में निवेश 55 प्रतिशत एवं शेयर बाजार में निवेश केवल 11 प्रतिशत है। इसी प्रकार, यूरोप के नागरिकों का निवेश क्रमशः 57 प्रतिशत एवं 16 प्रतिशत है। भारतीय नागरिकों के निवेश क्रमशः 50 प्रतिशत एवं 7 प्रतिशत है। अमेरिका द्वारा अन्य देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिका का राजकोषीय घाटा वर्ष 2024 के सकल घरेलू उत्पाद के 6.9 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 6 प्रतिशत हो गया है। एक रीसर्च प्रतिवेदन में यह तथ्य उभरकर भी सामने आया है कि टैरिफ के कारण अमेरिका में उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हुई है एवं टैरिफ का लगभग 96 प्रतिशत भाग अमेरिकी नागरिकों द्वारा वहन किया गया है। इसके कारण अन्य देशों से अमेरिका को निर्यात कम नहीं हुए हैं। यूरोप का राजकोषीय घाटा वर्ष 2024 के 3.1 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 3.2 प्रतिशत हो गया है। उभर रही अर्थव्यवस्थाओं का राजकोषीय घाटा वर्ष 2024 के 4.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 4.8 प्रतिशत हो गया है। पूर्व में विभिन्न देशों का राजकोषीय घाटा लगभग 3 प्रतिशत तक रहता आया है जबकि वर्तमान परिस्थितियों के मध्य, विभिन्न देशों का राजकोषीय घाटा बढ़ते हुए 6 प्रतिशत के स्तर तक रहने लगा है। यह स्थिति वित्तीय क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

वर्ष 2025 में विदेशी व्यापार में वृद्धि दर भी अमेरिका की तुलना में अन्य देशों में अधिक रही है। अमेरिका को छोड़कर शेष विश्व के निर्यात में वर्ष 2019 से 2024 के दौरान औसत 5 प्रतिशत की वृद्धि रही थी जो वर्ष 2025 में बढ़कर 6.4 प्रतिशत की हो गई है।

## अपमान विशारद विश्वविद्यालय

लुटियंस दिल्ली की सफेद कोठियों पर जब सुबह की पहली किरण पड़ती है, तो वह नैतिकता जगाने नहीं, बल्कि चालाकी का नया संस्करण तैयार करने आती है। इंडिया गेट के चारों ओर पसरी वह रहस्यमयी धुंध दरअसल फैक्ट्रियों का धुआं नहीं, बल्कि उन फाइलों की राख है जिन्हें 'जनहित' के नाम पर जलाया गया है। इसी माहौल में, जहाँ हवा में ऑक्सीजन कम और अहंकार का पार्टिकुलेट मैटर ज्यादा है, एक नए 'अपमान विशारद विश्वविद्यालय' की घोषणा हुई। यह संस्थान ईंट-गारे से नहीं, बल्कि कड़वाहट के सीमेंट और तानों की बजरी से खड़ा किया जा रहा है। काका घमंडी अपनी पुरानी लाठी और सत्तू का डिब्बा लेकर जब जनपथ की एक बेंच पर मास्टर बीठल के साथ बैठे, तो उन्हें लगा कि यहाँ की हर कोठी एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में ज्यादा सफेद होने का ढोंग कर रही है।

मास्टर बीठल ने जैसे ही न्यूजपेपर में इस विश्वविद्यालय का विज्ञापन पढ़ा, काका ने खैनी की पीक थूकते हुए अपनी देसी शैली में मोर्चा खोल दिया। काका बोले, ₹अरे मास्टर, ई कवन नौटंकी पसारले बाड़ऽ? अब ई दिल्ली के गोरा-चिट्टा साहेब लोग हमनी के बताई कि जीभ कइसे लपलपावल जाला? जवना शहर में लोग 'नमस्ते' भी अईसन करेला कि लागेला तोहार किडनी माँगत बा, उहाँ अपमान के कवन पढ़ाई होई? हमनी त खैनी ठोक के केहू के अईसन 'भद' पिटा देब जा कि ओकर सात पुश्त के नानी अपना जनम पर रोवे लगिहें। ई दिल्ली वाला लोग त बस पालीस कइल जानत बा, हमनी त सीधे खाल उधेड़ देब जा।₹ काका के लिए अपमान एक सीधा प्रहार था, जबकि दिल्ली के लिए यह एक सूक्ष्म कला।

मास्टर बीठल, जो खुद को दिल्ली के बौद्धिक विमर्श का हिस्सा मानते थे, ने अपना चश्मा थोड़ा और ऊपर चढ़ाया और काका को ऐसे देखा जैसे कोई संग्रहालय का क्यूरेटर किसी पुरानी टूटी हुई मूर्ति को देखता है। उन्होंने समझाया कि काका, दिल्ली का अपमान कोई अनगढ़ पत्थर नहीं है, यह तो 'क्रिस्टल कट' हीरा है जो चुभता भी है और चमकता भी है। यहाँ अपमान एक 'इंस्टीट्यूशनल' प्रक्रिया है, जहाँ बाकायदा पाठ्यक्रम होगा कि सामने वाले को उतना ही नीचे गिराओ कि वह गिरते समय भी आपको 'थैंक यू' कहे।

**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 03 फरवरी 2027
मंगलवार
सूर्योदय - 07:10 सूर्यास्त 18:11
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - दुतिया 24:41 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - मघा 22:11 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - शोभन 02:39 उपरांत अतिगंड
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा ।
मुस्लिम मास - सावान मास 14 तारिख

**मेष-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृषभ-** यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन-** रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी।

**कर्क-** स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह-** तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी।

**कन्या-** कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। रोमांस में सफलता मिलेगी, संबंधों को महत्व दें।

**तुला-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नौकरी ठीक चलेगी। धनलाभ होगा।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। कुछ को कार्यों में विलंब से चिंता होगी। अच्छी रहेगी।

**धनु-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर-** धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ-** सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मीन-** अपनी कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

## राजनीति में अंतरंग और बहिरंग की एकरूपता जरूरी

यह विडंबना ही है कि निरंतर परिवर्तित दौर में राजनीतिक दलों की नीति और नीयत दिन-प्रतिदिन संदेह के दायरे में आती जा रही है। चुनावी दौर में बेमेल गठबंधन, चुनाव उपरांत अंदर-बाहर से समर्थन की सौदेबाजी और सत्ता पा जाने पर वादाखिलाफी, यह सब राजनीति के मूल चरित्र में आम होती बात रह गई है। नतीजतन समाज का एक बड़ा वर्ग राजनीति से परहेज करते हुए यथास्थितिवाद को जाने-अनजाने प्रश्रय दे रहा है। यह विडंबना ही है कि कुछ स्थापित घरानों के लिए तो राजनीति असीमित प्रतिफल पाने का उपक्रम बनते-बनते निवेश का सशक्त माध्यम बन गई है। राजनीति में धनबल और बाहुबल का वर्चस्व लोकतंत्र में लोकतंत्र की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगाता प्रतीत होता है। यह दृश्य बड़ा विचित्र दिखाई देता है कि राजनीति के चारागाह में स्वच्छंद विचरते प्राणी, बातें तो नीति और सिद्धांतों पर आधारित करते हैं लेकिन व्यावहारिक रूप से उनकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर हुआ करता है। राजनीतिज्ञों द्वारा नागरिकों को लोकलुभावन नारों और वादों का सब्जबाग दिखाकर निरंतर छलते रहने का सिलसिला लगातार जारी है। जिन नारों और वादों के साथ पांच दशक पूर्व भी जनमत का समर्थन पाने की गुहार लगाई जाती थी, वे नारे और वादे आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। राजनीति में कथनी और करनी के बीच अंतर की खाई को पाटने की दिशा में राजनीतिज्ञों की उदासीनता के चलते समय के साथ और भी समस्याओं का अंबार लगता गया। आज भी देश के अधिकांश भागों में बुनियादी आवश्यकताओं की आपूर्ति के लिए नागरिकों को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ता है।



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

राजनीतिक नेतृत्व द्वारा आधारभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति को ही विकास का नाम दिया जाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ ली जाती है। जबकि बदलते दौर में विकास की अवधारणाएं कुछ और ही अर्थ रखती है। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय संदर्भों के साथ विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिए जाने की आवश्यकता है। इन संदर्भों में आवश्यकता इस बात की है कि आम नागरिकों को लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के अंतर्गत उन्हें प्राप्त अधिकारों की निर्णायक शक्ति के प्रति जागृत किया जाए। मतदाताओं की परंपरागत दल विशेष के प्रति प्रतिबद्धता, जितनी परिवर्तित की जा सकेगी उतना ही लोकतंत्र परिपक्व हो सकेगा। स्थिर सरकार की जितनी जरूरत है उतनी ही जरूरत राजनीति में सशक्त विकल्प को लेकर महसूस की जानी चाहिए।

ऐसा होने पर ही राजनीतिज्ञों की निरंकुश मनोवृति पर अंकुश लग सकेगा तथा राजनीतिक दलों को नीति और नीयत के प्रति जवाबदेह भी बनाया जा सकेगा। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में यह विचित्र लग सकता है, लेकिन जन-जन के सपनों को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक दल नीति और सिद्धांतों के अनुरूप अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। देश-प्रदेश में स्थिर सरकारें अवश्य होनी चाहिए लेकिन इसके साथ-साथ सत्तापक्ष का विकल्प भी अवश्य होना चाहिए। ऐसे में सत्तापक्ष अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के अनुरूप जनहित के प्रति प्रतिबद्ध रहने को आतुर रहेगा। इसके साथ-साथ प्रतिपक्ष भी सत्तापक्ष से बेहतर कुछ कर गुजरने की तीव्र आतुरता लिए मतदाता के बीच रहेगा। प्रतिस्पर्धा होगी और तीव्र से तीव्रतम होगी तथा इसके सकारात्मक रूप से आश्चर्यजनक परिणाम सामने आएंगे। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के बीच यह बड़ा विचित्र लगता है। लेकिन एक प्रकार से समान उद्देश्य को लेकर जनहित के प्रति समर्पित राजनीति का सपना संजोए राष्ट्रभक्तों के लिए यह मनमाफिक मुराद को पाने के समकक्ष ही तो होगा।

# मासिक धर्म: अब स्वास्थ्य नहीं, संवैधानिक सम्मान का प्रश्न

भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के इतिहास में एक निर्णायक और साहसिक मोड़ तब आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को यह स्पष्ट किया कि मासिक धर्म स्वास्थ्य केवल एक जैविक प्रक्रिया या साधारण स्वास्थ्य सुविधा नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के मौलिक अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। यह फैसला सदियों से मासिक धर्म के नाम पर समाज में फैलाई गई चुप्पी, शर्म और उपेक्षा की जड़ पर सीधा प्रहार करता है। अब यह स्वीकार किया गया है कि मासिक धर्म से जुड़ी असुविधा, अपमान और संसाधनों का अभाव किसी भी लड़की की शिक्षा, गरिमा और भविष्य को सीमित नहीं कर सकता। यह निर्णय न्यायपालिका की मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक यथार्थ की गहरी समझ का सशक्त प्रमाण है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

यह फैसला केवल स्वास्थ्य से जुड़ा आदेश नहीं, बल्कि समानता और गरिमा की संवैधानिक घोषणा है। न्यायालय ने मासिक धर्म को स्वास्थ्य की सीमित परिभाषा से बाहर निकालते हुए उसे समानता, गोपनीयता, गरिमा और शिक्षा के अधिकार से जोड़ा। न्यायाधीशों ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी लड़की को सिर्फ इसलिए स्कूल छोड़ना पड़े क्योंकि उसके पास सुरक्षित पैड या स्वच्छ शौचालय नहीं है, तो यह संविधान की आत्मा पर सीधा आघात है। एक पीरियड वाक्य का अंत होना चाहिए, किसी लड़की की शिक्षा का नहीं जैसी टिप्पणी ने इस निर्णय को गहरी मानवीय संवेदना दी और उन लाखों छात्राओं की पीड़ा को आवाज दी, जो हर महीने खामोशी से शिक्षा से दूर हो जाती थीं। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके।

इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निदेशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

यह निर्णय केवल सुविधाएँ उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की जड़ जमाई सोच को बदलने की सशक्त पहल है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि मासिक धर्म स्वास्थ्य किसी एक वर्ग या केवल लड़कियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूलों में लड़कों और लड़कियों दोनों को वैज्ञानिक और तथ्यात्मक जानकारी देने पर जोर देकर शर्म, डर और मिथकों की दीवार तोड़ने का संदेश दिया गया। जब मासिक धर्म को सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार किया जाएगा, तभी वास्तविक समानता और सम्मान संभव हो पाएगा। यह फैसला चुप्पी और संकोच की संस्कृति को खुले संवाद और समझ की संस्कृति में बदलने का आान करता है।

**धर्म-आस्था**

# सुंदरकांड का आध्यात्मिक संदेश: विद्वान से विद्यावान बनने की यात्रा

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में रामचरितमानस केवल एक काव्य या धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन-प्रबंधन, आचरण और आत्मोन्नति का शाश्वत शास्त्र है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित यह महाग्रंथ सात कांडों में विभक्त है—बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, लंकाकांड और उत्तरकांड। इन सातों कांडों में से छह कांडों में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की महिमा, उनके आदर्श, त्याग, करुणा, शासन-कौशल और लोककल्याणकारी चरित्र का विस्तार मिलता है। किंतु सातवाँ कांड—सुंदरकांड—इस दृष्टि से विशिष्ट और अद्भुत है कि इसमें श्रीराम प्रत्यक्ष रूप से कथा के केंद्र में नहीं होते, फिर भी उनकी महिमा सबसे अधिक प्रभावशाली रूप में प्रकट होती है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

सुंदरकांड वास्तव में श्रीहनुमान जी का कांड है, पर इसका मूल तत्व श्रीराम ही हैं। यह कांड बताता है कि सच्चे नेतृत्व की पहचान यही है कि वह सामने उपस्थित न होकर भी अपने विचार, आदर्श और मूल्यों से कार्य को दिशा दे। श्रीराम लंका में नहीं हैं, अशोक वाटिका में नहीं हैं, रावण की सभा में नहीं हैं—पर हर जगह उनका प्रभाव है, उनकी मर्यादा है, उनका नाम है। यही सनातन दर्शन का गूढ़ सत्य है कि परमात्मा दृश्य से अधिक अदृश्य रूप में कार्य करता है।

आस्था और धर्म के स्तंभ के रूप में सुंदरकांड हमें विद्वान और विद्यावान के अंतर को समझाता है। विद्वान वह है, जो शास्त्र जानता है, शब्दों का प्रयोग जानता है, तर्क और बुद्धि में निपुण है। पर विद्यावान वह है, जिसके ज्ञान में विवेक, विनय, करुणा, कर्तव्य और सेवा का भाव जुड़ा होता है। सुंदरकांड में श्रीहनुमान जी इस विद्यावानता का सजीव उदाहरण हैं।

हनुमान जी अपार शक्ति के स्वामी हैं। वे चाहें तो समुद्र को सुखा दें, लंका को पलभर में नष्ट कर दें, रावण का अंत उसी क्षण कर दें। परंतु वे ऐसा नहीं करते, क्योंकि वे केवल शक्तिशाली नहीं, धर्मनिष्ठ हैं। वे जानते हैं कि शक्ति का उद्देश्य प्रदर्शन नहीं, प्रयोजन है। यही विद्यावान होने की पहली पहचान है—अपने सामर्थ्य पर नियंत्रण। अशोक वाटिका में सीता जी से संवाद करते समय हनुमान जी का व्यवहार इस बात का सर्वोत्तम उदाहरण है। वे स्वयं को तुरंत प्रकट नहीं करते। वे पहले श्रीराम की कथा सुनाते हैं, उनकी करुणा, उनकी पीड़ा, उनके प्रेम का वर्णन करते हैं। वे जानते हैं कि भयभीत मन को विश्वास शब्दों से मिलता है, शक्ति से नहीं। यह संवाद-कौशल केवल विद्वता नहीं, बल्कि गहन संवेदना का परिणाम है। यही कारण है कि सीता जी उन्हें तुरंत स्वीकार करती हैं। यहाँ सुंदरकांड हमें सिखाता है कि धर्म केवल कर्मकांड नहीं, संवेदना का विज्ञान भी है।

सुंदरकांड का एक और महत्वपूर्ण आध्यात्मिक संदेश है—राम-नाम की महिमा। हनुमान जी का हर कार्य राम-नाम से ही संभव होता है। समुद्र लांघते समय, सुरसा और सिंहिका जैसी बाधाओं से सामना करते हुए, लंका में प्रवेश करते समय—हर जगह राम-नाम उनका संबल है। यह स्पष्ट करता है कि सनातन धर्म में नाम और स्वरूप दोनों समान रूप से पूज्य हैं। राम-नाम केवल उच्चारण नहीं, चेतना का जागरण है।

आज की आधुनिक शिक्षा-प्रणाली हमें अत्यधिक योग्य बनने की प्रेरणा देती है—अंकों में, पदों में, डिग्रियों में। परंतु सुंदरकांड हमें याद दिलाता है कि केवल योग्य होना पर्याप्त नहीं, सुगुण-संपन्न होना आवश्यक है। विद्वान समाज को दिशा दिखा सकता है, पर विद्यावान समाज को जोड़ता है। हनुमान जी का ज्ञान उन्हें अहंकारी नहीं बनाता, बल्कि और अधिक विनम्र बनाता है। वे स्वयं को सदा राम का दास कहते हैं। यही विनम्रता उन्हें महान बनाती है।

सुंदरकांड यह भी सिखाता है कि सच्चा धर्म भय से नहीं, प्रेम से चलता है। रावण की सभा में हनुमान जी निर्भय होकर खड़े होते हैं, पर उनका स्वर कटु नहीं, धर्मयुक्त होता है। वे रावण को भी अंतिम अवसर देते हैं—सीता को लौटा देने का, धर्म के मार्ग पर लौटने का। यह करुणा धर्म की सर्वोच्च अवस्था है, जहाँ शत्रु के लिए भी कल्याण की भावना होती है। आस्था के स्तर पर सुंदरकांड गृहस्थ जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बताता है कि ईश्वर-भक्ति केवल त्यागियों के लिए नहीं, बल्कि कर्तव्य निभाने वालों के लिए भी है। हनुमान जी संन्यासी नहीं, सेवक हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,55,000, रवा- 1,54,800 चांदी- टंच- 2,42,000 पाट- 2,41,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## तेज हवा के साथ मावठा बना मुसीबत

**महिदपुर रोड।** सोमवार की सुबह तेज हवा के साथ मावठे की हुई बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं तथा अन्य फसलों को काफी नुकसान पहुंचा गांवों के किसानों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ईसन खेड़ी कोयल रुपया झूठावत ब्राह्मण खेड़ा डूंगरिया सगवाली बरखेड़ी डेलची बुजुर्ग तरनोद सरवन खेड़ा खारोल खेड़ा आदि में तेज हवा के साथ मावठे की हुई बारिश ने खेतों में खड़ी रही फसलों को नुक्सान होने की बात किसानों ने कही है।

## महिदपुर नाका की बड़ी पुलिया तक का निर्माण कार्य करने की माँग



**तराना।** नाथवाड़ा मार्ग स्थित नगर का प्रमुख नाला के निर्माण के मांग चल रही थी। महिदपुर नाका की बड़ी पुलिया तक का निर्माण कार्य का नागरिकों द्वारा मांग की गए थी। जिसका सर्वे कार्य कराया गया है। यह नाला निर्माण होने पर नयापुरा, भेरू महाराज चौराहा खेड़ी मोहला के आसपास के क्षेत्रों में वषार्काल के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी। इस दौरान मुख्य रूप से मुख्य नगर परिषद अधिकारी वीरेंद्र कुमार मेहता, अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार उपयंत्री संजय मालवीय पार्षद प्रतिनिधि द्वारकाधीश शर्मा, दिनेश प्रजापति एवं गोलू दीक्षित उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय करियर मेले का समापन



**जगोटी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी में पांच दिवसीय करियर मेले का समापन शनिवार को यूको बैंक शाखा प्रबंधक दिनेश चौहान के आतिथ्य में हुआ। समापन अवसर पर श्री चौहान, प्राचार्य गंगाराम बमनावत, वरिष्ठ शिक्षक मनोहर सिंह दांगी ने विद्यार्थियों को करियर चयन, उच्च शिक्षा से मिलने वाले अवसर व भविष्य की संभावनाओं को लेकर मार्गदर्शन दिया। आभार पंकज चौरसिया ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत विधालय परिवार द्वारा किया गया।

## आल इंडिया लाइफ इंश्योरेंस फेडरेशन ऑफ इंडिया के चुनाव सम्पन्न



**बड़नगर।** आल इंडिया लाइफ इंश्योरेंस फेडरेशन ऑफ इंडिया का चुनाव दिलीप जैन सचिव इंदौर मंडल आल इंडिया लियाफी फेडरेशन के मुख्य आतिथ्य में में सम्पन्न हुए। जिसमे सर्वसहमति से डॉ. जी.एल. ददरवाल अध्यक्ष एवं सचिव पं. रामनिवास नवहाल मनोनित किये गये । इस अवसर पर अध्यक्ष व सचिव द्वारा अनुपसिंह राणा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया । वार्षिक आय-व्यय का लेखा जोखा का प्रस्तुत किया गया । नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्वतमान अध्यक्ष जितेन्द्र काला, सचिव संजय शर्मा द्वारा कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत सुनील मंडलोई, हीरालाल चौहान, दिनेश सनोलिया, गोवर्धनलाल मोहरी, अशोक भावसार ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से नानालाल राठौड़, गोविन्द दुबे, दिनेश भारती, कृष्णागिरी गोस्वामी, विनोद मारु, आदि उपस्थित थे । संचालन संजय शर्मा व आभार सुनील मंडलोई ने माना ।

## रविदास जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न

**सुसनेर।** श्री सूर्यवंशी रविदास राम मंदिर में रविवार को मेघवाल समाज मंदिर समिति परगना के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास की जन्म जयंती श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके महान विचारों को नमन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, सद्भाव और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके उपदेश आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। समाजजनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम सूर्यवंशी खेराना, समिति अध्यक्ष कालूराम मेघवाल, सचिव राधेश्याम ओसारा, पूर्व अध्यक्ष अंदरलाल मेघवाल, शिवलाल मेघवाल उपस्थित रहे।

यूजीसी की नई गाइड लाइनों के विरोध में ब्यावरा बंद

# सवर्ण समाज ने निकाली जनरैली, आधे दिन बाजार बंद रख किया विरोध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा




विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई नई गाइड लाइनों के खिलाफ सवर्ण समाज का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में सवर्ण समाज के आह्वान पर ब्यावरा नगर में विरोध स्वरूप बाजार बंद रखा गया। इस दौरान सवर्ण समाज के लोगों ने शहर में रैली निकालकर सरकार और यूजीसी के निर्णय के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। सुबह सवर्ण समाज के लोग बड़ी संख्या में वैष्णो देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां से यूजीसी की नई गाइड लाइनों को छात्र, शिक्षक और शिक्षा विरोधी बताते हुए हाथों में तख्तियां लेकर रैली की शुरूआत की गई। रैली वैष्णो देवी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई पीपल चौराहा, मुख्य बाजार, जगात चौक, अहिंसा द्वार, इंदौर नाका सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी और पुनः पीपल चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान सवर्ण समाज के लोगों ने यूजीसी की नई गाइड लाइनों को काला कानून बताते हुए जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि केंद्र सरकार और यूजीसी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जो समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं और विशेष रूप से सवर्ण वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि यह नियम अकादमिक स्वतंत्रता को समाप्त करने और विश्वविद्यालयों में भय का वातावरण बनाने का प्रयास है।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

रैली के समापन पर पीपल चौराहे पर सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक संयुक्त ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी द्वारा जारी की गई नई गाइड लाइनों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने एवं उन्हें वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नई गाइड लाइनों के कारण देशभर के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों के बीच गहरी असुरक्षा, भय और असंतोष का वातावरण बन गया है। यह विषय केवल एक प्रशासनिक निर्णय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संविधान प्रदत्त अधिकारों, प्राकृतिक न्याय, अकादमिक स्वतंत्रता और राष्ट्र के बौद्धिक भविष्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

### शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक

बताया सवर्ण समाज का कहना है कि यदि समय रहते इन गाइड लाइनों पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो यह शिक्षा सुधार के बजाय शिक्षा व्यवस्था के लिए अभिशाप सिद्ध होंगी। इससे विश्वविद्यालयों में वैचारिक दमन को बढ़ावा मिलेगा और इसका दीर्घकालीन दुष्प्रभाव पूरे देश पर पड़ेगा।

### यह रखी गई प्रमुख मांगें

ज्ञापन के माध्यम से रखे रही कि यूजीसी की नई गाइड लाइनों पर तत्काल रोक लगाकर उन्हें पूरी तरह वापस लिया जाए। इन गाइड लाइनों को स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति एवं संसदीय समिति के समक्ष पुनरीक्षण हेतु भेजा जाए। शिकायत निवारण प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाया जाए। झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर सख्त दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। देश के विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता, गरिमा एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाए। सवर्ण समाज ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

शिशु वाटिका का आवर्ती वर्ग सम्पन्न

# आनंद, स्वतंत्रता, सहजता, प्रेम और सुरक्षा एवं सौंदर्य बोध को विस्तारपूर्वक समझाया

अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा



आगर विद्या भारती मालवा प्रांत के शाजापुर विभाग की योजना से स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आगर में आयोजित शिशुवाटिका आवर्ती वर्ग का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

उद्घाटन सत्र में मालवा प्रांत संयोजक सत्यनारायण शर्मा द्वारा शिशु शिक्षा की भारतीय संकल्पना विषय पर अपना मार्गदर्शन देते हुए शिशुओं की प्रारंभिक शिक्षा का महत्व बताते हुए गतिविधि आधारित शिक्षा को मातृभाषा में पढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही उनके द्वारा विद्यारंभ संस्कार एवं स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया ।

समापन सत्र में शिशुवाटिका के प्रांत सह-संयोजक संतोष विश्वकर्मा ने भारतीय शिशु शिक्षा के मूल तत्व एवं पाठयोजना विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। आपने लालयेत पंचवषार्नी के सिद्धांतों के आधार पर भारतीय शिक्षा के पाँच तत्व – आनंद, स्वतंत्रता, सहजता, प्रेम और सुरक्षा एवं सौंदर्य बोध को विस्तारपूर्वक समझाया।

आपने यह भी स्पष्ट किया कि मातृ-गोष्ठी के माध्यम से माताओं को इन विषयों का प्रबोधन करना ही भारतीय शिक्षा पद्धति के अनुसार वास्तविक एवं प्रभावी शिक्षा है। यहां से जाने के बाद प्रतिदिन हमारी कक्षा में हमें गतिविधि आधारित ही शिक्षण करवाना है, यह संकल्प लेकर जाना है।

इस आवर्ती वर्ग में विभाग की कुल 30 शिशु वाटिकाओं से 23 स्थान से 55 दीदियों की सहभागिता रही, जिसमें 18 शिशुवाटिका प्रमुख एवं 38 अन्य दीदियाँ सम्मिलित हुईं। सत्र में शाजापुर विभाग के विभाग समन्वयक सुरेंद्र जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।प्राचार्य मुकेश पाटिल, प्रधानाचार्य पवन विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। परिचय एवं प्रतिवेदन विभाग संयोजक श्रीमती सोनिया वाजार दीदी द्वारा कराया गया । कार्यक्रम का संचालन रंजना शर्मा ने किया व आभार प्रदर्शन रेखा राठौर दीदी ने माना । आवर्ती वर्ग का यह आयोजन शिशु शिक्षा को भारतीय मूल्यों के अनुरूप सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ। उक्त जानकारी अरविन्द सक्सेना ने दी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से देखा बजट प्रसारण

**सुसनेर।** जनपद पंचायत सभागार में भाजपा परिवार द्वारा केंद्रीय बजट 2025-26 के बजट भाषण का सामूहिक श्रवण किया गया। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सुना और इसे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट बताया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाला है। बजट में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो राष्ट्र की प्रगति को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, एससी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. भवानी शंकर वर्मा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री गोविंद माली, पीरू सिंह सारका, मंडल उपाध्यक्ष कमल भावसार, कमल गर्ग, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिजीत बजाज, जिला मंत्री विजय पाटीदार, अक्षत जैन, जनपद सदस्य गोपाल सिंह, जितेंद्र सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने बजट को सर्वस्पर्शी और विकासोन्मुख बताते हुए प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेताओं ने कहा कि यह बजट हर वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा और देश को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की कृषकों तक पहुंचाई जा रही जानकारी

**सारंगपुर।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में विकासखंड सारंगपुर में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। कृषि अधिकारी राजेश राजपूत ने बताया कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबंद्ध विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य संपर्क स्थापित कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार राजगढ के समस्त विकासखण्डों में कृषि रथ चलाये जा रहे हैं।

## 160 विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं का नेत्र परीक्षण किया



**सारंगपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदारामनगर बैरागढ भोपाल के द्वारा संचालित सेवा सदन आंख जांच केंद्र पंडित दीनदयाल चौराहा सारंगपुर के द्वारा एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर सारंगपुर में किया गया। शिविर के दौरान कक्षा आठवी से कक्षा बारहवीं के बच्चों का नेत्र परीक्षण कर उचित सलाह दी गई। इस अवसर पर कुल 160 विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का नैत्र परीक्षण किया गया। इस शिविर में नेत्र सहायक विशाल कुशवाह एवं सीएचडब्ल्यू सहायक नीरज विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक रमेश चंदर जोशी एवं स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा।



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राघवेंन्द्र सिंह पिता कमल सिह निवासी 328, ग्राम गुरान तह. सांवेर जिला इंदौर ने कलाबाई पति बालाराम धर्मेन्द्र ताराबाई जीवनबाई पिता बालाराम सर्वगण जाति चमार निवासीगण ग्राम पचलानाबिल तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. से उनसे स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 51/2 रकबा 1.10 हे0 भूमि स्थित ग्राम पचलानाबिल तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र को क्रय करने का सौदा तय किया है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने विक्रेता से क्रय करने का सौदा तय किया होकर उपरोक्त सौदे पेटे विक्रेता को आंशिक बयाना राशि भी अदा कर दी है तथा विक्रेता ने उपरोक्त कृषि भुमि के विक्रय के संबंध में एक विक्रय सौदा चिट्ठी भी मेरे पक्षकार के पक्ष में गवाहों के समक्ष सम्पादित कर दी है तथा शिघ्र ही उपरोक्त कृषि भुमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त कृषि भुमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस कृषि भुमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा उक्त सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त कृषि भुमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सुचित हों। - दिनांक 02.02.2026

**अंसार पटेल एडव्होकेट**
**न्यायालय परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. -97702-81664**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार DMI Housing Finance Private Ltd की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मकान नगर पालिका निगम क्रमांक 03 का पूर्व दिशा का भाग स्थित महेश नगर कॉलोनी, उज्जैन में स्थित है (म.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल 61.725 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुःसीमा - पूर्व में-------- भवन क्रमांक 04 पश्चिम में---- भवन क्रमांक 03 का शेष भाग उत्तर में----- भवन क्रमांक 08 दक्षिण में----- सड़क कॉलोनी की स्थित है। उक्त संपत्ति को संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्रीमती आरती पति श्री रवि जाधव ने सम्पत्ति को इसके पुर्व स्वामी श्री जितेन्द्र राठौर पिता स्व. श्री हेमराज राठौर से जर्ये विक्रय पत्र क्र. MP432022023A12436499 दिनांक 05.10.2023 के माध्य म से विधिवत क्रय किया था तथा समपत्ति के स्वामी श्रीमती आरती पति श्री रवि जाधव ने उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु DMI Housing Finance Private Ltd में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार, स्वामित्व आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या संपत्ति के पूर्व स्वामी के परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 (सात) दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर DMI Housing Finance Private Ltd द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार DMI Housing Finance Private Ltd का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 03.02.2026

**राहुल सुर्यवंशी (एडवोकेट)**
**आ. न.01, प्रथम मंजिल प्रकाश टावर फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. 70000-65250**





## माधव विद्या मंदिर स्कूल में छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**आरोन।** शैक्षणिक सत्र 2025.26 के अंतर्गत कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए छात्र सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर कक्षा 10 के विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक सम्मान किया। कार्यक्रम में न केवल वर्तमान कक्षा 10 के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, बल्कि गत वर्ष विद्यालय से उत्तीर्ण प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा बोर्ड कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को भी सम्मान पत्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। इस सम्मान समारोह में आरोन नगर के समाजसेवी श्यामबाबू श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षक सेवाराम नौरोजी एवं पत्रकार लखन रघुवंशी, मनोजलाल अहिरवार मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में आदरणीय श्याम बाबू श्रीवास्तव जी ने कहा जीवन में अनुशासन ही सफलता का सबसे सशक्त मार्ग है यदि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को आत्मसात कर लें, तो वे निश्चित रूप से एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं उनके प्रेरक विचारों ने उपस्थित विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया।

## रविदास जी की जयंती पर निकले चल समारोह का भव्य स्वागत



**मक्सी।** संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती पर निकले वाले चल समारोह का स्वागत किया। अपने महान विचारों से संपूर्ण जगत में समरसता एवं मानव एकता का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। पूज्य संत रविदास जी का समानता, सद्भावना और करुणा का संदेश युगों - युगों तक हमें प्रेरित करता रहेगा। चल समारोह का स्वागत किया।

## 4 से 8 फरवरी तक होगा संगीतमय श्री भगवत वेद कथा का आयोजन

**कानड़।** नगर में आगामी 4 से 8 फरवरी 2026 तक आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत संगीतमय श्री भगवत वेद कथा का चौथी बार भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन परिसर में संपन्न होगी।कथा का वाचन इंदौर के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रकाश आर्य (महू) के मुखारबिंद से होगा। आयोजन का उद्देश्य समाज में संस्कार, सनातन धर्म एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है।कार्यक्रम के संरक्षक पं. काशीराम आर्य हैं। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल एवं महिला समिति की अध्यक्ष पार्षद विजयलक्ष्मी माली के नेतृत्व में समस्त कानड़ नगरवासियों एवं आर्य समाज के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। महिला समिति अध्यक्ष पार्षद विजयलक्ष्मी माली ने बताया कि 4 फरवरी 2026 को कथा के शुभारंभ अवसर पर प्रातः 10 बजे आर्य वीर दल व्यायाम शाला पुराना थाना से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष शामिल होंगे। आयोजकों ने नगर एवं आसपास क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Badnagar
District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती ऋचा गोयल बंसल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (MJC SUC/0000005/2025)

**दिपक सोनी----- वादी**
**Vs**
**आरती सोनी------प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 13/03/2026**

**प्रेषिती**
(1) आरती सोनी पति अंकित सोनी पता 26 ए व्यंकटेश विहार छोटा बांगरदा इंदौर मप्र
(2) सर्व साधारण अन्य सर्व साधारण पता सर्वसाधारण तहसील बडनगर जिला उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थी दिपक सोनी ने आपके विरूद्ध एम जे सी सक्शेसन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 31 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(श्रीमती ऋचा गोयल बंसल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**बडनगर, जिला-उज्जैन (मप्र)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

## लंदन में एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी

**नई दिल्ली।** लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइन को फ्लाइट ऑपरेशन से हटा दिया गया है। एयरलाइन के मुताबिक, फ्लाइट 132 को उड़ान भरनी थी, लेकिन पायलट ने बताया कि प्लेन का फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने के दौरान 2 बार पोजिशन से कटऑफ हुआ। इसके बाद प्लेन को ऑपरेशन से हटा दिया गया। प्लेन में आई खराबी की जांच में ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर बोइंग कंपनी को शामिल किया गया है। मामले की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को भी दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि के निर्देश के बाद उसने अपने पूरे 787 फ्लीट के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच की थी, जिसमें कोई समस्या सामने नहीं आई थी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश भी फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने में दिक्कत की वजह से हुआ था।

## सरकार बोली-वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है। मामले की सुनवाई अब मंगलवार को दोपहर 2 बजे फिर होगी। दरअसल, 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं।

## बाहुबली अनंत सिंह कल लेंगे विधायक की शपथ

**पटना।** बाहुबली अनंत सिंह मंगलवार को विधायक की शपथ लेंगे। पटना सिविल कोर्ट के फैसले के बाद उनके शपथ ग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से विधानसभा लाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, अनंत सिंह को सिर्फ थपथ लेने के लिए कोर्ट से अनुमति मिली है। उन्हें दुलारचंद यादव मर्डर केस में जमानत नहीं मिली है। यानी शपथ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लेने के बाद वे फिर बेऊर जेल चले जाएंगे। अनंत सिंह फिलहाल दुलारचंद यादव हत्याकांड में न्यायिक हिरासत में पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। अब वे 3 महीने बाद थपथ लेने के लिए जेल से बाहर आ रहे हैं। बता दें दुलारचंद हत्याकांड मामले में सिविल कोर्ट से बेल रिजेक्ट होने के बाद बाहुबली ने 24 दिसंबर को हाईकोर्ट में अर्जी दी थी, लेकिन जिस कोर्ट में सुनवाई के लिए लिस्टिंग की गई, उस कोर्ट के जज ने सुनवाई से इनकार कर दिया। अब दूसरे कोर्ट में सुनवाई के लिए लिस्टिंग की जाएगी।

## जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की तत्परता से बची युवक की जान

**शाजापुर।** समय पर इलाज और डॉक्टरों की कुशलता से एक युवक की गंभीर समस्या का सफल समाधान जिला चिकित्सालय शाजापुर में किया गया। कांजा, शाजापुर निवासी कन्हैयालाल पिता दशरथ (उम्र 24 वर्ष) को सोमवार सुबह करीब 11 बजे जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उसके गले में चिकन की हड्डी फंसी हुई थी। जानकारी के अनुसार, युवक के गले में बीती रात चिकन खाते समय हड्डी फंस गई थी, जिससे उसे सांस लेने और निगलने में काफी तकलीफ हो रही थी। लगातार परेशानी बढ़ने पर परिजन उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर तेजपाल सिंह जादौन एवं उनकी मेडिकल टीम ने तुरंत उपचार शुरू किया और सफल ऑपरेशन कर गले में फंसी चिकन की हड्डी को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत अब पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है। परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ की तत्परता व संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## अजनोद-पालिया के बीच रेलवे फाटक 3 माह के लिए बंद होगा

**रतलाम।** इंदौर सेक्शन के अजनोद- पालिया स्टेशन के मध्य लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 230 का रास्ता बंद कर मरम्मत कार्य किया जा जाना है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार इस मरम्मत कार्य के चलते लेवल क्रॉसिंगगेट नंबर 230 को 03 माह के लिए 05 फरवरी 2026 से 04 अप्रैल 2026 तक सड़क यातायात बंद रहेगा। सड़क उपयोगकर्ता इस दौरान असुविधा से बचने के लिए अन्य उपलब्ध वैकल्पिक मार्गों एवं लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 231 का उपयोग कर सकते हैं।

## साहब की चोरी पकड़ाई तो गरीब मजदूरों को फंसा दिया

**शुजालपुर।** शहर में विद्युत कंपनी और पुलिस विभाग के अधिकारियों की कथित मिलीभगत का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि शासकीय विद्युत सामग्री की अवैध बिक्री उजागर होने के बाद मामले से ध्यान हटाने के उद्देश्य से छह निर्दोष लोगों पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर दिया गया। यह पूरा मामला शुजालपुर सिटी मंडी रोड स्थित 132 केवी विद्युत ग्रिड से जुड़ा हुआ है। आरोपों के अनुसार ग्रिड पर पदस्थ सहायक अभियंता एई विजय ओझा ने बिना वरिष्ठ कार्यालय की अनुमति के ग्रिड परिसर में रखी लाखों रुपए मूल्य की शासकीय विद्युत सामग्री को कबाड़ के रूप में बेचने की बातचीत की। सामग्री देखने के बाद कबाड़ी से सौदा तय हुआ और तोल प्रक्रिया के बाद 1 लाख 22 हजार 500 रुपए की राशि एई को दी गई।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कोठीमहल जिला- उज्जैन (म.प्र.)

प्र.क्र. 0041/अ-20(3)/2025-26 | प्रो.र.नं. :- 120

दिनांक :- 2 फरवरी, 2026

### जाहिर सूचना

कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा जिला उज्जैन के पत्र क्रमांक 290 दिनांक 13.06.2025 से ग्राम लालपुर की भूमि सर्वे क्र. 36 रकबा 4.5780 हे., सर्वे क्र. 37 रकबा 2.5080 हे., सर्वे क्र. 38/1 रकबा 0.7110 हे., सर्वे क्र. 38/2 रकबा 1.5990 हे., सर्वे क्र. 39/1 रकबा 0.9240 हे., सर्वे क्र. 39/2 रकबा 0.9230 हे., सर्वे क्र. 42/2 रकबा 1.3910 हे., सर्वे क्र. 43 रकबा 1.5360 हे., सर्वे क्र. 44/3 रकबा 0.4510 हे. औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को औद्योगिक पार्क के निर्माण हेतु भूमि आबंटन हेतु मांग की गई।

**प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 22 फरवरी 2026 नियत हैं।**

अत: आवेदित भूमि आबंटित करने में आपत्ति हों, वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक तक स्वयं/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। नियत दिनांक तक आपत्ति प्राप्त होने पर आपत्ति अविचारणीय होकर नगण्य होगी।

म.प्र. माध्यम/124267/2026 | **अनुविभागीय अधिकारी**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रचना पति आनंद भदेरिया जाती खाती निवासी मालाखेड़ी जिला इंदौर व भूखंड स्थित ग्राम रावेर तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य का भूखंड जिसका सर्वे नम्बर 360/2/1/2/2 रकबा 0.0110 हेक्टर जिसका कुल क्षेत्रफल 1176 वर्ग फीट भूखंड स्थित ग्राम रावेर तहसील सांवेर जिला इंदौर मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूखण्ड को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूखंड विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 03-02-2026

**रितिक वर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान**
**क्रमांक 05 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो. 9993988226**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सोरम बाई पति मांगू सिंह जी निवासी कृषक ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका *सर्वे नम्बर 1202/1/2 रकबा 0.40 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश* में स्थित होकर उपरोक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूखंड विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋ्रण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 03-02-2026

**रितिक वर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर ) तह कार्यालय के सामने**
**बस स्टेंड दुकान क्रमांक 05 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो. 9993988226**

## न्यायालय तहसीलदार तहसील उज्जैन नगर ( म.प्र. )

**क्रमांक/री-1/2025**
**प्रक 0009/अ-6-अ/2025-26** **उज्जैन दिनांक**

### - सार्वजनिक विज्ञप्ति-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में प्रचलित पकरण क्रमांक 0009/अ-6-1/25-26 के अतर्गत आवेदक स्वामी दिव्यानंद जी महाराज पिता स्वामी दयानंद जी महाराज निवासी वार्ड स्वर्गश्राम पिलीकाठी कामता चित्रकूट खुला नगर सतना द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व सहिंता की धारा 115-116 के अंतर्गत ग्राम करवा उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे न 2940, 2941/1. 2941/3, 2943/1/1 2943/2, 2943/3, 2943/4 2944/1, 2946, 2948/2 रकबा क्रमश 0.0940, 0.115, 0.0740, 0.1880, 0.042, 0.084, 0.2510, 0.0520 0.0840, 0.209, 0.2190 भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी दयानंद महाराज अयुर्वेदाचार्य का स्वर्गवास दिनांक 09.08.2006 को हो चुका है। प्रकरण कमांक 9/ बी-113/06-07 दिनांक 30.10 2007 के माध्यम से मुझ प्राथर्थी डॉ दिव्यानंद जी महाराज का नाम उपरोक्त भूमि के खतय वी-1 तथा राजस्व अभिलेख में दर्ज होना था जो की किसी करणवश दर्ज नहीं होने से राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त अभिलेख सुधार की कार्यवाही के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को काई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में इस सार्वजनिक उद्घोषणा क प्रकाशन के दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत करे। आज दिनांक को अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील उज्जैन नगर**

## In The Court Of II Additional Judge To The Court Of I Additional District Session Judge, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्री कपिल नारायण भारद्वाज**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )** (RCS HM/0000099/2025)

**करण जायसवाल...... वादी**
**विरूद्ध**
**निकिता जयपाल..... प्रतिवादी**

Process Id-/2026
पेशी दिनांक 16/02/2026

प्रेषिती-(1) निकिता जयपाल पति करण जयपाल पिता शिवशंकर कुचेरिया पत्ता-ग्राम सेमल्या पटाडा तहसील व जिला देवास हालमुकाम ग्राम नई खेडी भैरवगढ़ तहसील व जिला उज्जैन। यह कि प्रार्थी करण जयपाल पिता दिनेश जयपाल, आयु-23 वर्ष, व्यवसाय मजदूरी, निवासी-ग्राम इंगोरिया तह. बडनगर जिला उज्जैन मो. नं. 6261758050 की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के अधीन विवाह विच्छेद याचिका स्वीकार किये जाने के संबंध में आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 24 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कुमया ध्यान दे-1. यदि किसी कारणवश तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिन पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा

**( कपिल नारायण भारद्वाज )**
**प्रथम जिला न्यायाधीश के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश उज्जैन में मप्र**

## जाहिर-सुचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहनबाई पति मोहनलाल जाति नाई निवासी ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा ग्राम मंहू तहसील नागदा जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 554/4 रकबा 0.25 हें. स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम मंहू तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित हो कर उक्त सर्वे नंबर 554/4 रकबा 0.25 हैं. डुंगरसिंह पिता रायसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम मंहू तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विकय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋ्रण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सुचित हो दिनांक 03.02.2026

**अजय मोर्य एडव्होकेट**
**उन्हेल तहसील उन्हेल जिला उज्जैन मो. 9893257210**

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, जियाउर रहमान पिता मोहम्मद युनुस, निवासी- उज्जैन के द्वारा अभिभाषक श्री राजेन्द्र जैन पोरवाड़, एडवोकेट कार्यालय- बी-9, भरतपुरी काम्प्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन के द्वारा दैनिक अवंतिका दिनांक 29.01.2026 को पृष्ठ क्र.7 पर प्रकाशित जाहिर सूचना, जिसमें उनके पक्षकार ने एक औद्योगिक भूखण्ड/शेड स्वामी मेसर्स मालवा टाईंग एण्ड प्रिंटिंग वर्क्स द्वारा प्रोप्रायटर जियाउर रहमान पिता मोहम्मद युनुस निवासी- उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक औद्योगिक भूखण्ड / शेड क्रमांक 75/26/एस जो औद्योगिक क्षेत्र मक्सी रोड़, उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 5000 वर्गफीट है। जिस पर लगभग 2500 वर्गफीट पर टीनशेड का निर्माण किया गया है, भूखण्ड की लम्बाई 100 फीट एवं चौडाई 50 फीट है। जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में 40 फीट रोड, पश्चिम में रेल्वे साईड, उत्तर में भूखण्ड क्र. 75/26/आर का भाग दक्षिण में रेल्वे क्रासिंग रोड़ है के संबंध में असत्य जानकारी देते हुए जाहिर सूचना जारी की गई है जिस पर मेरे पक्षकार वसीम एहमद पिता मोहम्मद युनुस, निवासी 4, लाल ईमली रामरतन शर्मा मार्ग, न्यू सब्जी मण्डी जामा मस्जिद उज्जैन, हालमुकाम 15/1, गली नं. 3. कबाड़ा बाजार, रामप्रसाद भार्गव मार्ग, एम.एल. नगर, उज्जैन का हक व अधिकार नियत है एवं वर्तमान में उपरोक्त उल्लेखित औद्योगिक भूखण्ड / शेड क्रमांक 75/26/एस जो औद्योगिक क्षेत्र मक्सी रोड़, उज्जैन के 1/2 भाग पर काबिज है। उपरोक्त उल्लेखित सम्पत्ति को विक्रय करने का अधिकार जियाउर रहमान पिता मोहम्मद युनुस, निवासी उज्जैन को नहीं है। उपरोक्त औद्योगिक भूखण्ड / शेड क्रमांक 75/26/एस जो औद्योगिक क्षेत्र मक्सी रोड़, उज्जैन जब से क्रय किया गया है, तभी से मेरे पक्षकार उपरोक्त स्थान के 1/2 भाग पर काबिज हो अपना व्यवसाय कर रहे है। उक्त संबंध में आपसी सहमति पत्र (बटवारा) दिनांक 28.02.2014 को गवाहन एवं पारिवारिक सदस्यों के समक्ष निष्पादित किया जा चुका है। उक्त सम्पत्ति में मेरा पक्षकार प्रारंभ से ही 1/2 भाग पर काबिज होकर अपना व्यवसाय करता चला आ रहा है। उक्त सम्पत्ति बटवारे के पश्चात मेरे पक्षकार के 1/2 भाग एकमात्र स्वत्व हित एवं आधिपत्य की है। जियाउर रहमान की ओर से प्रकाशित करवाई गई जाहिर सूचना असत्य एवं निराधार है। दिनाक 02.02.2026

**प्रणव गर्ग, एडवोकेट**
**ऑफिस 267 एलआईजी द्वितीय सांदीपनि नगर विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन मो. 9826460339**

## In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण ग्रामांक**
**(MjC SUC/0000007/2026)**

**प्रीति चंदेल....आवेदक**
**विरूद्ध**
**सोम्य सिंह चंदेल... अनावेदक**

Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 27/02/2026

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीति चंदेल पति अनिल सिंह चंदेल, आयु-47 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, निवासी-11 विश्वबैंक कालोनी सांदीपनी नगर आगर रोड उज्जैन की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन प्रस्तुत किया कि उसके पति श्री अनिल सिंह चंदेल पिता श्री श्रीपालसिंह चंदेल का निधन विनांक 05/04/2021 को हो चुका है । उसके पति के निधन के पश्चात उसके परिवार में एक पुत्र सोम्य चंदेल, आयु-20 वर्ष, एवं पुत्री श्रुति चंदेल, आयु-23 वर्ष है जो कि उसके साथ ही निवासरत है। उसके पति ने अपने जीवनकाल में एक मकान 02 ईडब्ल्यू एस स्थित सांदीपनी नगर ढांचा भवन आगर रोड उज्जैन का मकान मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल उज्जैन से क्रय हेतु यूनियन बैंक शाखा श्री विशाला देवास रोड उज्जैन से उक्त मकान की मूल रजिस्ट्री को बधक रखकर होम लोन अकाउंट नंबर 520006650002508 से लिया था उक्त ऋ्रण उसके पति के निधन के पश्चात प्रतिवादी क्रं.3 बैंक में दिनांक 16/11/2024 को सम्पूर्ण होम लोन राशि जमा कर दी गई है तथा ऋ्रण खाते में कोई राशि बकाया नहीं है, उसके द्वारा सम्पूर्ण ऋ्रण राशि जमा करवाये जाने उपरांत जब प्रतिवादी क्र.3 से उक्त बंधक पेटे रखी गई मकान की मूल रजिस्ट्री की मांग की गई तो बैंक द्वारा सक्षम न्यायालय का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लाये जाने का कहा गया, तब आवेदिका ने उसके पति मृतक श्री अनिल सिंह चंदेल पिता श्री श्रीपालसिंह चंदेल निवासी-11 विश्वबैंक कालोनी सांदीपनी नगर आगर रोड उज्जैन द्वारा प्रतिवादी क्रं.3 की बैंक में बंधक पेटे रखी गई उक्त मकान की मूल रजिस्ट्री हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 जनवरी 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 जनवरी 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। आज तारीख 29 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** **न्यायाधीश**
**सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 उज्जैन मप्र**

## आम सूचना

मैं लोकेश परमार पिता ढोकल परमार, पता-अंजनी नगर इंगोरिया रोड़, नागदा जिला उज्जैन म.प्र., मेरी पुत्री आध्या परमार (aadhya parmar) उम्र 06 वर्ष, जिसका जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजो में आध्या परमार (aadhya parmar) दर्ज है, जो सही है। जबकि उसके आधार कार्ड में उसका नाम विआना परमार (viaana parmar) दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को आध्या परमार (aadhya parmar) नाम से समस्त शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखो में मान्य किया जावे।

**प्रार्थी**
**लोकेश परमार पिता ढोकल परमार**
**पता-अंजनी नगर इंगोरिया रोड़, नागदा जिला उज्जैन म.प्र.**

## सार्वजनिक सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 868/1 रकबा 1.5400 है. में से रकबा 1.356 हे., सर्वे नं. 869/2 रकबा 1.4400 हे. में से रकबा 1.196 हे. स्थित ग्राम बंगरेड, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक जितेंद्रसिंह पिता रायसिंह जाति धाकड़, निवासी ग्राम बंगरेड, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है। कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विकय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर मो.नं. 9826562344**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा क्रय अनुबंधित भूमि स्वामी लखन चौधरी पिता श्री विष्णु जी चौधरी, निवासी- हाउस नं. 174, टकवासा, उज्जैन के द्वारा मूल भूमि स्वामी विक्रमसिंह पिता श्री मोहनलाल जी, निवासी- ग्राम पारदीखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन, म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 156 रकबा 0.540 हेक्टर भूमि, ग्राम-आकासोदा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनबंध-पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-02/02/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

## जाहिर सूचना का खंडन

यह कि. अभिभाषक श्री एम.ए. सिद्धकी कार्यालय ए-11, भरतपुरी देवास रोड, उज्जैन द्वारा अपने पक्षकार की ओर से जाहिर सूचना का प्रकाशन कराया गया था कि भूखण्ड क्रमांक 06. इंद्रालय हाईलेंडस फेस-02, नानाखेडा, उज्जैन के भूखण्ड को आपकी फर्म मेसर्स ए-1, डेवलपर्स एवं बिल्डर्स द्वारा निरस्त कर दिया गया है। जिसकी मूल रसीद पक्षकार के पास रह गयी है। पूर्णत: असत्य है आपके पक्षकार को यह भली भाति जानकारी है कि उसके द्वारा उक्त रसीद के माध्यम से संबंध में सम्व्यवहार कर उक्त भूखण्ड पर रसीद के माध्यम से मेरे पक्षकार के हित सर्जित किये है। आपका पक्षकार उक्त भूखण्ड को पूर्व में ही विक्रय कर सम्पूर्ण राशि प्राप्त कर चुका है तथा उक्त भूखण्ड की मूल रसीद मेरे पक्षकार के आधिपत्य में होने से पूर्ण जानकारी है। वर्तमान में मेरा पक्षकार उक्त भूखण्ड का एकमात्र स्वामी है। सर्वसाधारण को इस खण्डन जाहिर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति संस्था उक्त भूखण्ड के संबंध में मेसर्स ए-1, डेवलपर्स एवं बिल्डर्स से किसी प्रकार का कय अनुबंध करती है या अन्य किसी प्रकार का भूखण्ड के अंतर का व्यवहार करती है तो उसकी समस्त प्रकार की जवाबदारी उस व्यक्ति या संस्था की रहेगी।

इति दिनांक 02.02.2026

**चंदनकुमार गेरा, एडव्होकेट**
**कार्यालय- चेम्बर नं. 57 सर्विस बिल्डिंग न्यू कोर्ट परिसर उज्जैन मो. 9827244410**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने हस्ते सौदा महेश जाट पिता बंसीलाल जाट निवासी ग्राम मुंजाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन से पक्ष क्रमांक 1 धन्नालाल पिता शंकरलाल निवासी ग्राम मुंजाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 757/2/2 रकबा 0.60 हेक्टर, ग्राम मुंजाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा अनुबंध अनुसार शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी संस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपत्ति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति/कृषि भूमि के अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अंतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

दिनांक 02/02/2026

**गुलनाज़ मन्सूरी एडवोकेट**
**डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. न. 9907101111**

न्यूज-कॉलम

## अतिवृष्टि से हुए नुकसान के लिए विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**नीमच।** नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जिले में हुई ओलावृष्टि/ अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों के त्वरित सर्वेक्षण एवं किसानों को मुआवजा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि प्राकृतिक आपदा (ओलावृष्टि/ अतिवृष्टि) के कारण किसानों की रबी फसलों को भारी क्षति पहुंची है, जिससे अफीम, गेंहू, चना, सरसों एवं अन्य रबी फसलें व्यापक रूप से प्रभावित हुई है। कई ग्रामों में फसलें पूर्णतः नष्ट होने की स्थिति में है, जिससे कृषको की आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसी परिस्थिति में यह आवश्यक है कि प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व विभाग के माध्यम से त्वरित एवं वास्तविक क्षति का सर्वेक्षण कराया जाकर शासन की नियमानुसार आपदा राहत मद से शीघ्र मुआवजा राशि स्वीकृत की जाए, ताकि पीडित किसानों को समय पर राहत मिल सके। साथ ही वित्तमंत्री जगदीश देवडा एवं कृषि मंत्री से फोन पर चर्चा कर जिले में हुई प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न स्थितियों से अवगत कराया जिस पर उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## पूनम विहार नवीन विकास समिति का हुआ गठन

**जावरा** ।पूनम विहार कॉलोनी, पहाड़िया रोड की विकास समिति का नवीन गठन सर्वसम्मति से किया गया।समिति में अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष जुझार सिंह राठौर, सचिव राजेश भावसार, सह सचिव मनीष बरानिया, कोषाध्यक्ष पारस सकलेचा बनाए गए। संरक्षक डॉ. राज दांगी एवं परामर्शदाता भंवरलाल अग्रवाल नियुक्त किए गए।कार्यकारिणी सदस्यों में लक्ष्मीनारायण पोरवाल, कुंदन मौर्य, पप्पू शर्मा, हितेश व्यास सौरभ मेहता, नितिन सेठिया एवं लक्ष राव को लिया गया । नवगठित समिति ने कॉलोनी के सर्वांगीण विकास हेतु सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

## श्री गोवर्धननाथ मंदिर में फुल फाग महोत्सव 17 को

**मन्दसौर।** श्री गोवर्धन नाथ मंदिर न्यास के तत्वावधान में 17 फरवरी, मंगलवार को स्थानीय जीवागंज स्थित श्री गोवर्धननाथ मंदिर में परम प्रभु श्री गोवर्धननाथ जी के सानिध्य में फुल फाग महोत्सव ओर ब्रज रसिया गान का भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्री कल्याण प्रभु वडोदरा के प्रधान कीर्तनिया श्री मितेश भाई गंधर्व अपनी टीम के साथ रसिया गान की प्रस्तुति देंगे।सायं 7 बजे फुल फाग मनोरथ होगा और रात्रि 8 बजे जीवागंज गली नंबर 2 में ब्रज रसिया गान का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री गोवर्धननाथ मंदिर न्यास ने श्रद्धालुजनों से कार्यक्रम सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## बजट ने मंदसौर संसदीय क्षेत्र को निराश किया -डॉ.जाजू पूर्व विधायक

**नीमच।** भारत की श्रीमती निर्मला सीतारमण वित्तमंत्री ने लोकसभा में वर्ष 2026-27 का बजट पटल पर रखा ! विगत कई बजट की तरह ही इस बजट में सन 2047 तक के विकसित भारत के निर्माण को लेकर ही बजट प्रस्तुत किया जबकि बजट प्रत्येक साल का लेखा झोका होता है। श्रीमती सीतारमण ने तो बजट की परिभाषा बदल कर सन 2047 के भारत के विकास के लिए बजट पेश किया। पिछले कई कई बजट में जो अधोसंरचनाओ की योजनाएं लागू की थी उनको ही सरकार धरातल पर नहीं उतार पाई। चाहे वे रेल संबंधी या हवाई संबंधी योजना हो या पर्यटन की दृष्टि से स्वीकृत योजना। मध्यप्रदेश और राजस्थान के रतलाम मंदसौर - नीमच जावरा , चितौड़गढ़ उदयपुर भीलवाड़ा अजमेर संसदीय क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि वर्ष 2026-27 के बजट में की गई दो प्रमुख घोषणाओं में कोई लाभ नहीं मिल पाएगा।

## भाजपा आजीवन सहयोग निधि अभियान के लिए संयोजक नियुक्त

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी 11 फरवरी को पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर इस वर्ष भी आजीवन सहयोग निधि अभियान का शुभारंभ करेगी। अभियान के लिए प्रदेष अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने संयोजक नियुक्ति किये है।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 7771090777, 9977755777

# रॉयल कॉलेज और सम्राट विक्रमादित्य वि.वि. के संयुक्त तत्वावधान में बजट 2026 पर परिसंवाद का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज, रतलाम एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंधन संस्थान (सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में बजट 2026 पर एक विशेष परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में निदेशक एवं संकाय अध्यक्ष (प्रबंध संकाय), पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन, प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता उपस्थित रहे।

प्रो. मेहता ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए बजट को एक अनोखे समीकरण के माध्यम से परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि कैपिटल, कल्चर, कैंसर केयर, क्रेडिट गारंटी, किसान सम्मान निधि और कोरिडोर्स के साथ जब केपेक्स और कौशल का समावेश होता है, तो वही इस बजट का वास्तविक क्रिएटिव कंटेंट है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस केंद्रीय बजट 2026 की पारदर्शिता और दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए कहा कि इसे केवल केंद्रीय बजट न कहकर निर्मल बजट कहा जाना चाहिए।

युवाओं और शिक्षा के क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि यह बजट युवा शक्ति को समर्पित है। कौशल विकास मंत्रालय के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए इसे 9,885 करोड़ किया गया है। इसके तहत पीएम सेतु योजना के माध्यम से आईटीआई का आधुनिकीकरण किया जाएगा ताकि युवाओं को सीधे रोजगार मिल सके। छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश के प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने और रोजगारपरक शिक्षा हेतु ५ नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप स्थापित करने की घोषणा एक क्रांतिकारी कदम है। ग्रामीण भारत और किसानों के लिए बजट में खजाने का मुंह खोल दिया गया है। प्रो. मेहता ने जानकारी दी कि ग्रामीण रोजगार को सुदृढ़ करने के लिए विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत 95,692 करोड़ का विशाल आवंटन किया गया है। वहीं, किसानों की आय बढ़ाने के लिए एआई-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म और बागवानी फसलों के लिए विशेष फंड का प्रावधान है। महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देते हुए लखपति दीदी के बाद अब ग्रामीण महिलाओं के लिए शी-मार्ट स्थापित किए जाएंगे। आम आदमी और करदाताओं को राहत देते हुए उन्होंने बताया कि नए आयकर अधिनियम का 1 अप्रैल 2026 से लागू होना कर प्रणाली को बेहद सरल बना देगा। इसके अलावा, इनकम टैक्स रिटर्न (द्बझ्क्र) रिवाइज करने की समय सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च करना, मोटर दुर्घटना क्लेम पर मिलने वाले ब्याज को पूर्णतः टैक्स-फ्री करना और विदेशी शिक्षा व चिकित्सा के लिए टीसीएस को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करना, मध्यम वर्ग के जीवन को सुगम बनाने वाले निर्णय हैं। इस अवसर पर प्रो. डॉ. अमित शर्मा, प्रो. कहकशां चिश्ती, प्रो. मीनाक्षी गोयल, प्रो. संजय धाकड़, प्रो. यक्षेंद्र हरोड, प्रो. प्रांजल गौतमी और प्रो. गजराज सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डेढ़ करोड़ के मादक पदार्थ जप्त, हत्या का फरार आरोपी साथी सहित गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



स्थानीय शहर थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए राजस्थान के कुख्यात बदमाश गुलशेर लाला और हत्या के मामले में पैरोल से फरार चल रहे आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदू पाटीदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 1.5 किलो एमडी ड्रग्स व साढ़े तीन किलो डोड़ाचूरा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले का कुख्यात तस्कर आरोपी गुलशेर खान पठान ड्रग्स की सप्लाई देने मंदसौर आने वाला है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और घेराव कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

पुलिस ने बताया कि गुलशेर खान पठान (50) निवासी ग्राम देवलजी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान)। यह क्षेत्र का कुख्यात बदमाश है जिस पर पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। नंदकिशोर उर्फ नंदू पाटीदार (35) निवासी ग्राम राजाखेड़ी, मंदसौर। यह आरोपी वर्ष 2022 में थाना भावगढ़ क्षेत्र में हुई रेखा नायक की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था और वर्ष 2024 से पैरोल मिलने के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.5 किग्रा एमडी ड्रग्स, 3.5 किग्रा डोडाचूरा, दो मोटरसाइकिलें जब्त की है। जब्त मशरूका की कीमत 1 करोड़ 51 लाख 22 हजार रू. बताई है। थाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ धारा 8/15, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रग्स का यह नेटवर्क कहाँ तक फैला है और इसका मुख्य स्रोत क्या है।

## कुत्तो ने फिर किया एक मासूम पर हमला, मासूम घायल,

**नीमच।** शहर की बीच रहवासी क्षेत्र में इन दिनों फिर कुत्तों की संख्या बढ़ गई हैद्य रविवार को एक मासूम पर फिर कुत्तो ने हमला कर दिया.द्यहुडको कॉलोनी इन दिनों दहशत के साये में है। यहाँ आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक ने न केवल आम राहगीरों सहित मासूम बच्चों की सुरक्षा पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। रविवार को हुई एक घटना ने नपा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़ा कर दिया। इस बार हुडको कॉलोनी के बगीचा नंबर 2 क्षेत्र का है, जहाँ खेल रहे मासूम दिव्यांश सिंह पर एक आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थिति और भी भयावह हो सकती थी यदि समय रहते स्थानीय नागरिक मदद के लिए न दौड़ते। घायल दिव्यांश को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई है, लेकिन इस घटना ने कॉलोनी के लोगो के मन में गहरा डर पैदा कर दिया है। स्थानीय निवासियों में आक्रोशः शिकायतों की अनदेखी का आरोप मिशन मालवा न्यूज की पड़ताल में सामने आया है कि हुडको कॉलोनी, गलियों में आवारा कुत्तों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। रहवासियों का आरोप है ल निरंतर अनदेखीः इस गंभीर समस्या के बारे में क्षेत्रीय पार्षद और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया गया, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई धरातल पर नजर नहीं आई है ।अब भी समय रहते कुत्तो के आतंक से शीघ्र मुक्ति दिलाने की मांग की है।

## बजट भारत की अर्थव्यवस्था को गति और रोजगार को बढ़ावा देने वाला – सुधीर गुप्ता

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर/नीमच

बजट भारत की अर्थव्यवस्था को गति और रोजगार को बढ़ावा देने वाला है। ५३ लाख करोड़ का बजट देश की आर्थिक प्रगति का मापदंड है और सभी वर्गों के सपनों को पंख लगाने वाला है, जिसकी भावना है-सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास। उक्त बात सांसद सुधीर गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर कही।

सांसद गुप्ता ने बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं वित्त मंत्री सीतारमण का आभार जताया। सांसद गुप्ता ने कहा कि यह बजट सभी वर्गों और क्षेत्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में विकसित भारत 2047 की स्पष्ट झलक दिखाई देती है और यह आने वाले वर्षों के लिए मजबूत नींव रखने का काम करेगा। यह 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की सोच के साथ लाया गया बजट है। किसान, नौजवान, महिलाएं, शिक्षक, चिकित्सक और व्यापारी समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जिसे इस बजट में नजरअंदाज किया गया हो।

उन्होंने कहा कि टैक्स प्रक्रियाओं का सरलीकरण मध्यम वर्ग के लिए राहतकारी है। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए विशेष आवंटन के लिए 40 हजार करोड़ रुपए का निवेश स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करेगा। हर जिले में एक महिला छात्रावास बनाने का निर्णय से महिलाओं की समस्या दूर होगी. हर टियर टू और टियर थ्री सिटीज के डेवलपमेंट ग्रोथ के लिए बजट में प्रावधान दिए गए हैं। यही से एम्पलॉयमेंट और मिडिल क्लास का डेवलपमेंट होता है। गर्ल्स हॉस्टल का निर्णय बालिका शिक्षा की बाधा दूर करेगा। सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ मिनरल्स, कैंसर व अन्य गंभीर दवाई गंभीर बीमारियों की दवा सस्ती कराने से आमजन को राहत मिलेगी। किसानों के लिए भारत विस्तार⁄द्ध एग्री टूल की शुरूआत कृषि क्षेत्र में तकनीक के समावेश से उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगी ।

## उच्च शिक्षा विभाग में पदनाम वितरण में कथित सेटिंग और भेदभाव के गंभीर आरोप

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

उच्च शिक्षा विभाग में पदनाम वितरण में कथित सेटिंग और भेदभाव के गंभीर आरोपों के मामले में एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। सेवानिवृत्त वरिष्ठ सह प्राध्यापक डॉ. मदनलाल गांगले द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायत पत्र पर अब तक न तो विभागीय स्तर पर जवाब दिया गया है और न ही किसी प्रकार की जांच शुरू हुई है। यह मामला सिर्फ एक सह प्राध्यापक से संबंधित नहीं हैं, ऐसे कई सह प्राध्यापक हैं, जो अब भी प्राध्यापक पदनाम से वंचित हैं और पदनाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं ! आखिरकार ऐसा कब तक चलता रहेगा ! इससे राज्य के कई विषयवार सह प्राध्यापकों में असंतोष व्यक्त किया है !

डॉ. गांगले का आरोप है कि पात्रता पूर्ण होने के बावजूद उन्हें भी पिछले 16 वर्षों तक प्राध्यापक पदनाम से वंचित रखा गया, जबकि उनसे कनिष्ठ कई सह प्राध्यापकों को पदनाम दे दिया गया। उन्होंने कई बार आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्रालय भोपाल को पत्राचार और स्मरण पत्र भेजे, लेकिन फाइलें दबा दी गईं। कोई सुनने को तैयार नहीं हैं ! दिसंबर 2023 में शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम से सेवानिवृत्त होने के बाद यह मामला उनके सम्मान और आर्थिक अधिकारों से भी जुड़ गया है।

पीड़ित प्राध्यापक डॉ गांगले ने मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच, कनिष्ठों को दिए गए पदनामों की समीक्षा और पदनाम देने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करके तथा लंबित आर्थिक लाभों के भुगतान की मांग की है। बावजूद इसके, जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। इस निष्क्रियता से उच्च शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रकरण से जुड़े एवं म.प्र. प्राध्यापक संघ के पूर्व सदस्य डॉ. मदनलाल गांगले ने शेष बचे प्राध्यापक पदनाम से वंचित रहे विषयवार सह प्राध्यापकों को पदनाम देने की मांग की है ।

## मरम्मत कार्य के चलते लेवल क्रॉसिंग गेट बद रहेगा

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के फतेहाबाद चंद्रावतीगंज - इंदौर सेक्शन के अजनोद- पालिया स्टेशन के मध्य लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 230 का रास्ता बंद कर मरम्मत कार्य किया जा जाना है।

# यूजीसी का विरोध दर्ज करवाने के लिये दिया जाएगा ज्ञापन

## जिला राजपूत समाज की बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



जिला राजपूत समाज संगठन मन्दसौर की बैठक रानी पद्मावती राजपूत बोर्डिंग में रघुनाथ सिंह काचरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर संरक्षक भोपाल सिंह सिसोदिया, महेन्द्र सिंह शक्तावत,ट्रस्ट अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह चौहान मंचासिन थे। बैठक में जिला सचिव भूपेन्द्र सिंह राठौर (खेड़ी) ने बैठक में एजेंडा का वाचन कर बैठक का संचालन किया।

आय व्यय पत्रक का वाचन कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने किया। गांव कमेटीया के गठन, विस्तार आदि के लिए सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान बताया कि जिले के पदाधिकारी को तहसीलो का प्रभारी बनाया जाएगा जो तहसील कार्यकारिणी की बैठक लेंगे तहसील के सचिव को संयोजक बनाया जाएगा और तहसील कार्यकारिणी के सदस्यों में से हर गांव के लिए प्रभारी बनाये जायेगे जो गांव में जाकर बैठक लेकर गांव की कमेटी बनाना एवं जिला प्रतिनिधि की नियुक्ति करना सभी गांव कमेटीया की सूची एवं सभी गांव की जिला प्रतिनिधि की सूची मोबाइल नंबर सहित जिला सचिव को जमा करेंगे, ताकि उन सभी को अगली मीटिंग में बुलाया जा सके । ग्राम कमेटियों को कार्य सौंपे जायेगे।

यूजीसी के नियम पर उपरोक्त सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए चर्चा के बाद सभी ने तय किया कि कलेक्टर, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को सामाजिक विरोध दर्ज करवाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। होली मिलन समारोह (वार्षिक साधारण सभा) के लिए सभी ने दिनांक 14 या 15 मार्च को रखे जाने पर सहमति दी।

इस अवसर पर रघुनाथ सिंह राठौर, भोपाल सिंह सिसोदिया, महेन्द्र सिंह शक्तावत, नरेन्द्र सिंह चौहान, के के सिंह भाटी,नागेन्द्र सिंह सगवाली, अजय सिंह चौहान,रिपुदमन सिंह चंद्रावत, दशरथ सिंह चंद्रावत, दिलीप सिंह आक्या, भगवान सिंह शक्तावत,दौलत सिंह चौहान, हनुमंत सिंह राणावत, शिवप्रताप सिंह राणावत, सामंत सिंह बरखेड़ा (नेताजी), कोमल सिंह झलारा, लाल सिंह शक्तावत, मदन सिंह गुड़भेली, जितेन्द्र सिंह राणा, संग्रामसिंह कुशवाह, मदन सिंह देवड़ा, धनसिंह सिसोदिया, नेपालसिंह राणावत, कुशाल सिंह शक्तावत,गोपाल सिंह कोचवी, ज्ञान सिंह राठौर, बलवंत सिंह कुंताखेडी, गोविन्द सिंह कोचवी, महेन्द्र सिंह भाटी आदि उपस्थित थे। अंत में आभार महेन्द्र सिंह भाटी दलौदा रेल ने माना।



## खिलाड़ियों ने जीते राज्य स्तरीय खेलो एम .पी यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग में मेडल

**मन्दसौर।** इंदौर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज मंदसौर के खिलाड़ियों ने भाग लेकर मेडल प्राप्त किए। वेटलिफ्टिंग कोच आजाद सिंह सोलंकी ने बताया मंदसौर और नीमच जिले का ट्रायल जो भानपुरा में आयोजित किया गया था जिसमें मंदसौर के खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग के लिए किया गया । जिसमें मंदसौर के खिलाड़ी मधु अवस्थी, पुलकित सोनी, अरुण राठौड़ इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में अपने वजन वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया साथ ही सभी विजेता खिलाड़ियों को शासन द्वारा नगद राशि प्रदान किया जाएगा। साथ ही सलोनी व्यास, भूमिका मालवीय,मानवी रियार, रतना प्रजापत,चेतन सोलंकी,अंश गोयल , इन सभी खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय में सहभागिता की । इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जे.एस दुबे, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, महाविद्य

## एक लाख रुपये हेक्टेयर से मुआवजा दे पीड़ित किसानों को–महेंद्रसिंह गुर्जर

**मल्हारगढ़**।नारकोटिक्स विभाग एवं शासन ओलावृष्टि एवं तेज बारिश से पूरी तरह नष्ट हुई अफीम,गेंहू,चिया सहित अन्य फसलों का बगैर सर्वे के एक लाख रुपये हेक्टेयर के हिसाब से पीड़ित किसानों तत्काल बगैर किन्तु परन्तु के मुआवजा दे। उक्त बात जिला कांग्रेस कमेटी मन्दसौर के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने सोमवार को ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में बड़ी संख्या में किसानों के साथ क्षतिग्रस्त फसलों को देखने के बाद कही।गुर्जर ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं प्रदेश की भाजपा की मोहन सरकार किसानों की नही अडानी,अम्बानी की सरकार है। गुर्जर ने अफीम उत्पादक किसान जयसिंह पिता रोडमल पंवार हरमाला से चर्चा की पंवार ने बताया की मुझे करीब 20 वर्षो बाद अफीम का 5 आरी का पट्टा मिला था जो ओलावृष्टि से पूरी तरह चौपट होगई। इस पर लगभग 65 हजार रुपये का खर्चा हुवा में बर्बाद होगया गुर्जर ने जयसिंह पंवार को ढांढस बंधाया व कहा कि कांग्रेस ने हमेशा किसान, गरीब,मजदूरों की लड़ाई लड़कर उन्हें उनका हक दिलाया है।इसी प्रकार प्रहलाद भेरूलाल पंवार, झारड़ा के दीपक जोशी ने विचार व्यक्त किए।

## महर्षि दयानंद हाई स्कूल का दीक्षांत समारोह एवं पुरस्कार वितरण संपन्न



**पिपलिया मंडी** ।महर्षि दयानंद हाई स्कूल पिपलिया मंडी के छात्रों का दीक्षांत समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन आर्य समाज मंदिर परिसर में किया गया। छात्रों की वार्षिक परीक्षा को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनुठे आयोजन में सर्वप्रथम 21 कुंडीय यज्ञ में छात्रों द्वारा सर्वांगीण विकास के लिए यज्ञ में आहुतियां दी गई यज्ञ श्री सत्येंद्र आर्य द्वारा संपन्न कराया गया। यज्ञ उपरांत छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्री बाबूलाल नागर सेवानिवृत अध्यापक श्री अंबालाल कारपेंटर, सेवानिवृत पटवारी श्री शांतिदास बैरागी, सेवानिवृत फौजी श्री रामचंद्र आर्य द्वारा छात्रों को शील्ड, प्रमाण पत्र प्रदान किए गए कार्यक्रम का संचालन विद्यालय संचालक अभिषेक आर्य द्वारा किया गया। वेद प्रकाश आर्य, श्रीमती निर्मला वर्मा, श्रीमती अनुसूईया जाट, श्रीमती शिवानी आर्य, हर्षित पाटीदार, श्रीमती रानी केथवास ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिवनारायण नागर, रामगोपाल लोहार, दशरथ पाटीदार, लक्ष्मीनारायण पाटीदार, परसराम पाटीदार,बल्लु गुर्जर, अनिल चावड़ा,अर्जुन चावड़ा , लोकेश गुर्जर, ऋषिराज गुर्जर आदि उपस्थित थे।

**No/Mandi/Nirman/2025-26/2010**
**Badnawar Dated: - 31/01/2026**

**NOTICE INVITING TENDER (3rd Call)**

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Construction of Shed and Platform Work For Establishment of Cleaning, Grading And Packaging Plant At Main Mandi Yard Badnawar Distt. Dhar (M.P) Tender Number: 2025_MPSAM_479323 The following works Tender to be received online up to 06:00 PM on 18/02/2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in

-Note:

Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Development works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

**Secretary**
**A.P.M.C Badnawar**
**Distt: Dhar**



## मनरेगा बचाओ संग्राम एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन कार्यक्रम सम्पन्न

**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद में विधायक दिनेश जैन बोस की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी उज्जैन के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोगापुर महिदपुर रोड द्वारा ग्राम झुटावद और ग्राम सगवाली में ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की रक्षा तथा पंचायत स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मनरेगा बचाओ संग्राम एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन का कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों से संवाद किया गया और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया। पंचायत कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों का चयन कर गठन किया गया। इस अवसर पर इस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महिदपुर रोड के अध्यक्ष भारत शर्मा ग्राम पंचायत झुटावद के सरपंच शिव सौलंकी भूपेंद्र सिंह पंवार, लाल सिंह राठौर प्रेम सिंह राठौर गोपाल सिंह चौहान दिलीप सेन गोपाल गुरु प्रकाश भंवर शंकर पटेल करण सिंह काका, सागरमल पांचाल श्याम शर्मा शंकर सिंह नितिन शर्मा आबिद मंसूरी संजय परमार धर्मेन्द्र खारोल मुकेश शर्मा महेश शर्मा टोनी पांडे प्रभु लाल गहलोत पर्वतलाल मालवीय लाखन सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

## डेलची बुजुर्ग में हर्षोल्लास के साथ मनाई संत रविदास जयंती बंजारा समाज ने किया स्वागत



**महिदपुर रोड।** ग्राम डेलची बुजुर्ग में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुए आयोजन में बंजारा समाज द्वारा संत रविदास जी के जन्मोत्सव चल समारोह का स्वागत कर संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस दौरान बंजारा समाज समिति और स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। उपसरपंच श्याम लाल चावड़ा, सुभाष गरासिया, पत्रकार राकेश दायमा, राहुल दायमा और श्याम लाल गरासिया आदि उपस्थित रहे।

## राज राजेन्द्र जयंत सेन विद्यापीठ में कक्षा 12 के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित




**खाचरोद।** श्री राज राजेन्द्र जयंत सेन विद्यापीठ में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों, विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षको के स्वागत से हुआ। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं संगीत कार्यक्रमों ने वातावरण को सुहाना बना दिया। विद्यालय की परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन भी संपन्न हुआ। इसके पश्चात रैंप वॉक एवं सैश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मिस फेयरवेल पलक पोरवाल एवं मिस्टर फेयरवेल आस्तिक बांठिया रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वीना कुंदी एवं शिक्षण समिति के सदस्यों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए जीवन में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने का प्रेरणादायी मंत्र प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में हनुमान सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सहभागिता की। सुंदरकांड पाठ के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामनाएँ की गईं। यह आयोजन विद्यार्थियों के विद्यालय जीवन की मधुर स्मृतियों को संजोते हुए, उन्हें संस्कार, अनुशासन एवं सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाला सिद्ध हुआ।

## शहर में लग रहे हैं स्मार्ट मीटर, बिजली खपत पर उपभोक्ताओं की रहेगी नजर



**सारंगपुर।** शहर स्मार्ट हो ना हो और बिजली सेवाएं दुरूस्त हो या ना हो लेकिन उपभोक्ताओं को स्मार्ट बिजली बिल भरने की सुविधा जरूर मिलेगी। विद्युत कंपनी द्वारा स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का काम जोरशोर से चल रहा है। विगत कुछ माह में करीब 1200 मीटर लग चुके हैं। उपभोक्ताओं के चाहने या न चाहने के बाद भी मीटर को निजी कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा बदला जा रहा है, कर्मचारियों के द्वारा लोगों को समझाया जा रहा है कि लोग अपनी जरूरत के अनुसार बिजली खपत कर सकेंगे। बिजली की बर्बादी पर उनकी नजर रहेगी। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा पहली बार अपनी खर्च पर उपभोक्ताओं को मीटर लगाकर दिया जा रहा है। प्रत्येक बिल पर भी छूट भी दी जा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि पुरे शहर में मीटर बदले जाएंगे।

वार्षिक परीक्षाएं नजदीक, देर रात तक बज रहे डीजे, विद्यार्थियों की बढी परेशान

# शहर में 10 बजे बाद भी बजते हैं डीजे लाउडस्पीकर छात्र छात्राएं हो रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

ध्वनि विस्तारक यंत्रों और डीजे बजाने को लेकर भले ही सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइन तय की है, लेकिन सारंगपुर सहित और क्षेत्र में इसका पालन नहीं हो रहा है। यही वजह है कि देर रात तक डीजे का शोरगुल हो रहा है। जिससे आमजन परेशान हैं, वहीं सबसे अधिक परेशानी छात्रों को हो रही है, क्योंकि कुछ दिन बार बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएगी। ऐसे में छात्र-छात्राओं की पढाई प्रभावित हो रही है।

विशेष बात यह है कि अब मलमास खत्म होने के बाद शादियों का सीजन भी शुरू हो गया है, ऐसे में शहर में डीजे और अन्य बाजों का शोरगुल फिर शुरू हो गया है। आलम यह है कि डीजे देर-रात से लेकर सुबह तक बजाया जा रहा है। यही वजह है कि छात्र-छात्राएं परेशान हैं और डीजे बजाने पर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने की मांग कर रहे हैं।



### 10 फरवरी से है बोर्ड परीक्षाएं

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। वहीं 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। ऐसे में परीक्षार्थी तैयारियों में जुटे हुए हैं और देर रात तक पढाई कर रहे हैं। लेकिन इस समय बेरोकटोक डीजे साउंड बजते हैं। अब शादियों का सीजन भी शुरू हो गया है। आगामी दिनों में कई मुहूर्त हैं। वहीं शहर के अंदर घनी आबादी क्षेत्र में मैरिज गार्डन, होटल है। शादियों की बुकिंग करने वाले मैरिज गार्डन संचालक सिर्फ बुकिंग पर ही ध्यान रखते हैं, गार्डनों में शादी के समय साउंड की ध्वनि को नियंत्रण करने को लेकर कोई दिशा निर्देश नहीं देते हैं। ना ही साउंड रात में कितने समय तक बजाना है, इसके बारे में कहा जाता है। जिसकी वह कई बार शिकायत भी करते हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। वहीं यदि समय रहते डीजे साउंड पर रोक नहीं लगी और बच्चों की पढाई प्रभावित होती रही, तो इस साल भी परीक्षा परिणाम प्रभावित होगा। हालाकि अधिकारी कार्रवाई की बात कर रहे है।

> **बोले जिम्मेदार**
> यदि रात 10 बजे बाद डीजे बजते हैं, हैं। तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित मैरिज गार्डन संचालकों और डीजे संचालकों को निर्देश जारी किए जाएंगे। निर्देश का कढाई से पालन कराया जाएगा।
> **रोहित बम्होरे, एसडीएम, सारंगपुर।**

### ये है सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन

सुप्रीम कोर्ट ने लाउडस्पीकरों और हॉनों के इस्तेमाल पर व्यापक दिशा निर्देश जारी किए। जिसके तहत रात 10 बजे और सुबह 6 बजे के बीच लाउडस्पीकर, डीजे आदि के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके तहत बिना अनुमति और रात 10 बजे के बाद साउंड बजते पाए जाने पर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए जाते हैं।

रविदास नवयुवक मंडल द्वारा धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

# इंसान की पहचान अपने अच्छे वचन और कर्म से होती है ना की जाति और धर्म से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल



संत शिरोमणि रविदास जी कि जयंती रविदास समाज नवयुवक मंडल द्वारा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर मुख्य अतिथियों मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, नगरपरिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, विकास जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि जीवन मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि चन्दर चौहान,मयुर जैन, मंडल महामंत्री तेजूलाल जटिया, राधेश्याम कपासिया, रामसिंग कपासिया, रमेश परमार,रूगनाथ परमार,जीवन सोलंकी, निर्भय सिंह, कैलाश सुनरी, रूगनाथ कपासिया, आदि मंचासिन का रविदास समाज नवयुवक मंडल द्वारा पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया अतिथि ने रविदास जी पर अपने अपने विचारों को व्यक्त किया बताया कि संत रविदास जी महाराज ने समाज को नई दिशा दी समाज को उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए रविदास ने अपने दिन कठिनाइयों में बिताकर समाज को एकता का संदेश दिया यह बात कार्यक्रम में कहीं साथ ही अतिथि के रूप में उपस्थित विकास जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज के बताए रास्ते पर चलते हुए हमे अपनी अलग पहचान समाज में स्थापित करना चाहिए । इंसान की पहचान अपने कर्मों से होती है जाती या धर्म से नहीं होती है। हमें अपने आचार विचार और कर्म को पवित्र बनाना चाहिए। रविदास जींं के विचार जैसे मन चंगा तो कचोटी में गंगा को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। ओर समाज में चल रही कुरीतियों को बंद करना चाहिये।

भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय ने समाज के विकास के लिए विधायक सतीश मालवीय और सांसद के द्वारा रविदास समाज के मांगलिक भवन बनाने के लिए 10 10 लाख रुपए देने की स्वीकृति के बारे में समाज जन को अवगत करवाया साथ ही विधायक के द्वारा विधायक निधि से जल्द ही बोर खनन करवाने की घोषणा की।

> **डीजे बग्गी के साथ निकली भव्य शोभायात्रा**
> रविदास मंदिर पर संत रविदास जी की आरती कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा रविदास मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः रविदास मंदिर पर समापन हुआ जहां चल समारोह में आसपास के समाज जनों बढ़-चढ़कर शामिल हुए चल समारोह में घोड़ी, डीजे , बग्गी ,के साथ ढोल पर नृत्य करते हुए बालिकाओं चल रही थी जहां जगह जगह विभिन्न संस्थाओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत सम्मान भी किया। युवाओं में बड़ा उत्साह देखा गया समापन के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन चौहान ने किया आभार दिलीप कपासिया ने माना।

# फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़।

राज्य शासन कि मंशानुसार प्रत्येक किसान को कृषि कार्यो के लाभ पहुंचाए जाने हेतु ई-विकास परियोजना लागू कि गई है। जिसमें प्रत्येक कृषक कि जमीन का डिजीटल रिकॉर्ड फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर उपार्जन, उर्वरक आदि कि कार्यवाही में फार्मर आई.डी. के माध्यम से कृषकों को लाभ दिया जाना है। कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत से कम प्रति वाले पटवारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें 67 पटवारी उपस्थित रहे। जिले में फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य 8,47,933 के विरुद्ध कुल 2,85,421 फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिला उपार्जन समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी रबी विपणन वर्ष के अंतर्गत गेहूं उपार्जन कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करना तथा उपार्जन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी बनाना रहा। बैठक के दौरान कलेक्टर ने फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के समस्त पटवारियों को एग्री स्टॉक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपनी आईडी सृजित कर शीघ्र फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों की सुविधा एवं जागरूकता के उद्देश्य से सोसाइटी-वार किसान बैठकों के आयोजन के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने एवं बिना पूर्व सूचना के मुख्यालय से बाहर रहने को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर द्वारा डीडीए एग्रीकल्चर सचिन जैन, डीआरसीएस प्रेम सिंह बरोठिया, मंडी सचिव ब्यावरा अशोक ठाकुर तथा डीएम नान एम.के.चौधरी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए।

# जिला स्तर से वार्षिक परीक्षा की सामग्री वितरण के दौरान प्राप्त की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

आगामी दिनों में बोर्ड स्तर की दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन संपन्न होने जा रहा है इन वार्षिक परीक्षाओं के लिये जिला स्तर से उत्तर पुस्तिकाओं सहित परीक्षाओं को संपन्न करने के लिये अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया सांदीपनि विद्यालय मंडावल के प्राचार्य राजकु मार मईडा ने जानकारी देते हुए बताया उनके विद्यालय परीक्षा केंद्र में ग्राम पंथ पिपलौदा कसारी सहित मंडावल के एक निजी विद्यालय के कक्षा दसवीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं (परीक्षार्थी) परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पर पहु चेंगे इसी सप्ताह जिला स्तर से दोनों बोर्ड स्तर की कक्षा ओं के प्रश्न पत्रों का वितरण भी किया जायेगा जिन्हें पुलिस सुरक्षा में ग्राम खारुआं कलां स्थित पुलिस चौकी में सुरक्षित रखा जायेगा जिन्हें संबंधित विषयों के परीक्षा दिनांकों को पुलिस चौकी से प्राप्त कर परीक्षा केंद्र पर लाया जायेगा।

गौड सुतार समाज की मृत्यु भोज सादा करने पहल: आवश्यक सामग्री का किया वितरण

# भोज में पूडी और सब्जी ही बनेगी, कटोरी प्रथा होगी बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सनातन धर्म में मृत्यु भोज की परंपरा ही नहीं है। केवल सामर्थ्य अनुसार ब्राह्मणों को भोज कराना और मृतक की आत्मशांति के लिए दान किया जाना चाहिए। सामाजिक बदलाव ने मृत्यु भोज को एक परंपरा का रूप दे दिया है। सदियों से भोज कराने की कोई परंपरा नहीं है। मृतक के भानजा और बेटियों को साग पूड़ी और दही खिलाया जाना ही सही मायने में दिवंगत को सच्चा तर्पण है। लेकिन फिर भी हम सादा कार्यक्रम आयोजित कर सकते है।

यह बात गौड सुतार समाज नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत टूटियाहेडी में सरपंच कमल गौड ने ग्राम टूटियाहेड़ी में आयोजित बैठक में समाजजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त कही। गौड ने कहा कि वे स्वयं इस कुप्रथा के खिलाफ हैं और समाज से भी मृत्यु भोज सादा कराए जाने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि दौर बदलने के साथ मृत्यु भोज में भी हैसियत का दिखावा होना लगा है। एक-दूसरे के सामने आडंबर की यह इमारत तभी ढहेगी, जब समाज की समग्र सोच बदलेगी, जब तक ऐसा नहीं होगा आर्थिक रूप से विपन्ना परिवार कर्ज लेकर मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा से कर्जदार होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि टूटियाहेडी में सरपंच कमल गौड के आह्वान पर जिले व जिले के बाहर से आए लगभग 500 सामाजिक लोगों द्वारा समाज सुधार के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया और अंतिम महत्वपूर्ण निर्णय मृत्यु भोज पर लिया गया कि भोज में केवल पूडी और सब्जी ही बनेगी, पगडी केवल मामा और ससुराल पक्ष से मान्य रहेगी, बाकी कपडा, कटोरी प्रथा पूर्ण रूप से बंद होंगे। रंग के प्रोग्राम में पताशे और थाली आदि उपहार भी बंद होंगे। सामाजिक बंधुओं को उक्त निर्णयों का पालन करने हेतु शिक्षक रतन लाल कारपेंटर ब्यावरा द्वारा शपथ दिलवाई गई। आखिरी में उपस्थित सामाजिक बंधुओं द्वारा गौड सुतार समाज राजगढ के अध्यक्ष के लिए कमल सरपंच का नाम तय किया गया। साथ ही राजगढ ब्लॉक से अध्यक्ष के लिए अनिल पिपलोटिया शिक्षक का नाम तय किया गया। ब्यावरा ब्लॉक से अध्यक्ष पद रामनारायणजी डोबडा वाले को दिया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष भागीरथ गौड, आंनदीलाल गौड, संतोष गौड, रामसिंह, रामकिशन गौड, अमृतलाल गौड, गिरिराज गौड, रमेशचंद्र, प्रेमनारायण, लखन सिंह, बद्रीलाल, बिहारीलाल, रामगोपाल सहित सैकड़ो समाजजन शामिल थे।



## कैरियर मेले में बच्चों को उद्योगों की विभिन्न शाखों के बारे में बताया

**बिछड़ौद।** कैरियर मार्गदर्शन मेला अंतर्गत हाई सेकेंडरी विधालय बिछड़ौद में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उज्जैन ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछड़ौद में बच्चों को उधोगों की विभिन्न शाखों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक विकास के साथ के व्यावसायिक कौशल आधारित करियर योजना और भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन प्रदान करना साथ ही शासकीय सेवा संबंधित करियर विकल्पों की जानकारी देना भी है। प्रशिक्षण संस्थान उज्जैन से पधारे आशीष गंगराड़े (ट्रेनिंग ऑफिसर इलेक्ट्रॉनिक्स), योगेंद्र पंड्या (ट्रेनिंग ऑफिसर फिटर), योगेश नरवरे (ट्रेनिंग ऑफिसर वेंडर) ने बच्चों को उद्योगों की विभिन्न शाखाओं के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. ईश्वर शर्मा करियर मेला की रूपरेखा प्रस्तुत की। करियर काउंसलर सुभाष चंद्र वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सीमा सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस जनों ने किया संत रविदास यात्रा का स्वागत



**महिदपुर रोड** ग्राम झुटावद में ₹संत शिरोमणि रविदास₹ की ₹जयंती के रविदास समाज द्वारा आ योजित चल समारोह का स्वागत प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रणछोड़ त्रिवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत शर्मा,ब्लॉक सेवादल के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण राठौर, सरपंच शिव सौलंकी, दिलीप सेन आदि ने चल समाहारों में संत श्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता बहिनें और समाज समस्त जन उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने प्रदेश अध्यक्ष का किया सम्मान




**महिदपुर** । मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की तृतीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक एवं उज्जैन संभागीय सम्मेलन में पधारे म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया का महिदपुर ब्लाक इकाई द्वारा 51 किलो की पुष्पमाला से स्वागत किया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष श्री भदौरिया के साथ आयोजन समिति संयोजक राजेन्द्र पुरोहित, संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र राठौर, जिलाध्यक्ष डा. राहुल कटारिया का भी सफल आयोजन पर स्वागत किया। कायर्क्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने की अतिथि के रूप में ऋण मुक्तेश्वर महादेव महंत प.पू रविन्द्रपुरी महाराज , नगर निगम सभापति कलावती यादव, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, संजय अग्रवाल उज्जैन नगर भाजपा अध्यक्ष मंचासीन थे। जिन्होंने पत्रकार संघ कार्य समिति में पत्रकार जगत वर्तमान दौर में कार्य कर रहे हैं पत्रकार साथियों की प्रशंसा की एवं आगामी सिंहस्थ 2028 में वर्तमान दौर में कार्य कर रहे पत्रकार साथियों की प्रशंसा की एवं आगामी सिंहस्थ 2028 में महती भूमिका के साथ कार्य योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला । इस अवसर पर जवाहर डोसी पीयूष, अरुण बुरड़, अर्जुनसिहं ठाकुर, मांगीलाल कुमावत, नरेश शर्मा, आशुतोष छजलानी, संजय राय, राहुल सोलंकी, लोकेंद्र सूर्यवंशी, कुशालसिंह ठाकुर, दिनेश वर्मा, अनवर मंसूरी, विनोद कारपेन्टर, ,राहुल कुमावत , रणछोड लाल मालवीय, कपिल वर्मा, अब्दुल मजीद आदि उपस्थित थे।

## रविदास महाराज का पूजन कर चल समारोह निकाला



**इंगोरिया।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जन्म जयंती पर रविवार को समाज जनों ने भव्य चल समारोह आयोजित किया। इसके पूर्व गुरु महाराज का पूजन किया। रविदास मांगलिक भवन रुपाहेड़ा रोड से शाम 4 बजे निकले चल समारोह का जगह जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। डीजे की धुन पर महिला और पुरुष नृत्य करते चल रहे थे। गणेश मंदिर, छोटी चौपाटी होकर जुलूस बड़नगर रोड, गौतमपुरा मार्ग होते वापस मांगलिक भवन पहुंचा। जहां आरती के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।

सामान्यतौर पर किडनी और लिवर जैसे पाचन तंत्र के अंग स्वाभाविक तौर पर रक्त को निरंतर फिल्टर करते रहते हैं, हालांकि अधिक विषाक्तता के कारण यह प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने आहार के ठीक रखें और कुछ ऐसी चीजों का सेवन करें जो रक्त से विषाक्तता को कम करने में मदद करती हों।

# खून साफ तो बीमारियां रहेंगी दूर

## ब्लड प्यूरीफिकेशन के लिए अपनाएं ये नेचुरल उपाय



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी अंगों का ठीक तरीके से काम करते रहना जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि हर अंग को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध रक्त मिलता रहे। रक्त की शुद्धता का मतलब यह विषाक्तता से मुक्त रहे। आहार में गड़बड़ी के कारण समय के साथ रक्त में कई विषाक्त पदार्थ मिल जाते हैं जिससे शरीर के कई अंगों में विषाक्तता होने का खतरा हो सकता है।

सामान्यतौर पर किडनी और लिवर जैसे पाचन तंत्र के अंग स्वाभाविक तौर पर रक्त को निरंतर फिल्टर करते रहते हैं, हालांकि अधिक विषाक्तता के कारण यह प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने आहार के ठीक रखें और कुछ ऐसी चीजों का सेवन करें जो रक्त से विषाक्तता को कम करने में मदद करती हों।

आइए जानते हैं कि रक्त की अशुद्धि से किस प्रकार की समस्याओं का खतरा होता है और इसे कैसे दूर किया जा सकता है?

### खून साफ न होने के कारण क्या दिक्कतें होती हैं?

आहार में गड़बड़ी के कारण रक्त की अशुद्धि बढ़ जाती है जिसका हमारी त्वचा से लेकर शरीर के कई अंगों पर असर हो सकता है।

खून साफ न होने के कारण लिवर ठीक से काम नहीं कर पाता है जिसके कारण पाचन की समस्या बढ़ जाती है। इसके अलावा त्वचा में संक्रमण होना, मुंहासे-दाने और जलन बने रहना, अक्सर थकान महसूस होते रहना और चेहर की चमक कम होना इस बात का संकेत हो सकता है कि आपका रक्त साफ नहीं है।

आइए जानते हैं कि किन उपायों को प्रयोग में लाकर रक्त का साफ किया जा सकता है?

### खूब पानी पीने की बनाएं आदत

अधिक पानी पीने की आदत बॉडी डिटॉक्स के साथ-साथ रक्त की अशुद्धि को भी कम करने में मददगार है। लिवर और किडनी के कार्यों को ठीक रखने में भी अधिक पानी पीते रहने से मदद मिल सकती है। ये अंग रक्त को शुद्ध करने और इसमें मौजूद अशुद्धि को बाहर करने के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। नेशनल किडनी एसोसिएशन के अनुसार, आपको प्रतिदिन इतना पानी पीते रहना चाहिए जिससे लगभग 6 कप मूत्र का उत्पादन हो सके।

### नींबू का रस है फायदेमंद

नींबू का रस आपके रक्त और पाचन तंत्र, दोनों को साफ करने में मदद कर सकता है। यह प्राकृतिक रूप से अम्लीय होता है और जो पीएच स्तर को कम करने और रक्त से विषाक्त पदार्थों को निकालने में उपयोगी होता है।

शरीर की अशुद्धि को बाहर करने के लिए रोजाना सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में ताजा नींबू का रस मिलाकर पीना चाहिए। यह रक्त का साफ रखने में भी आपके लिए काफी लाभकारी है।

### हल्दी से मिलता है लाभ

हल्दी को एंटी-इंफ्लामेटरी गुणों के लिए जाना जाता है, यह हमारे खून को साफ करने और हीलिंग प्रक्रिया को तेज करने में भी सहायक है। हल्दी में पाया जाने वाला करक्यूमिन नामक यौगिक सूजन और संक्रमण के जोखिमों से बचाने में भी लाभकारी है। आयुर्वेद के अनुसार एक कप गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पिएं। यह लिवर के कार्यों को बेहतर बनाने के साथ शरीर से विषाक्तता को कम करने में भी सहायक है।

# चिया सीड्स के अलावा इन सस्ती चीजों में भी मिलता है भरपूर ओमेगा 3 फैटी एसिड

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और प्रोसेस्ड फूड के बढ़ते चलन के कारण हमारे शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे जरूरी पोषक तत्वों की भारी कमी होने लगी है। ओमेगा-3 एक 'एसेंशियल फैट' है, जिसे हमारा शरीर खुद नहीं बना सकता, इसलिए इसे आहार के माध्यम से लेना जरूरी होता है। अक्सर जब ओमेगा-3 की बात आती है, तो लोगों के मन में महंगे चिया सीड्स या विदेशी साल्मन मछली का ख्याल आता है, जिससे आम मध्यमवर्गीय व्यक्ति इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाने से कतराता है।

मगर क्या आप जानते हैं कि हमारे भारतीय रसोई घर और स्थानीय बाजारों में ऐसी कई सस्ती और सुलभ चीजें मौजूद हैं जो ओमेगा-3 का पावरहाउस हैं? यह पोषक तत्व न केवल आपके हार्ट को स्वस्थ रखता है और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यक्षमता और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी रामबाण माना जाता है। अगर आप भी बजट में रहकर अपनी सेहत को दुरुस्त करना चाहते हैं, तो इन देसी सुपरफूड्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### ओमेगा-3 के लिए सस्ते विकल्प

चिया सीड्स के विकल्प के रूप में ये भारतीय खाद्य पदार्थ ओमेगा-3 से भरपूर हैं-

**अलसी के बीज:** यह ओमेगा-3 का सबसे सस्ता और प्रभावी शाकाहारी स्त्रोत है।

**अखरोट:** मुट्ठी भर अखरोट का सेवन आपके दैनिक ओमेगा-3 की जरूरत को पूरा कर सकता है।

**सोयाबीन:** सब्जी या तेल के रूप में सोयाबीन एक बजट-फ्रेंडली विकल्प है।

**सरसों का तेल:** जैतून के तेल के मुकाबले सरसों के तेल में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 का बेहतरीन संतुलन होता है।



### शरीर को ओमेगा-3 की जरूरत क्यों होती है?

ओमेगा-3 फैटी एसिड शरीर के हर अंग के सुचारू कामकाज के लिए एक ईंधन की तरह काम करता है-

**हार्ट के लिए:** यह धमनियों में प्लाक (जमावट) को रोकता है और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करता है।

**मस्तिष्क का विकास:** मस्तिष्क का लगभग 60% हिस्सा फैट है, जिसमें ओमेगा-3 याददाश्त और फोकस बढ़ाने में मदद करता है।

**सूजन में कमी:** यह शरीर की आंतरिक सूजन को कम कर जोड़ों के दर्द और गठिया में राहत देता है।

### सही मात्रा में सेवन न करने पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

इस महत्वपूर्ण फैटी एसिड की कमी भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है-

**मानसिक स्वास्थ्य:** ओमेगा-3 की कमी से एंग्जायटी, डिप्रेशन और उम्र के साथ भूलने की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

**हृदय जोखिम:** इसकी कमी से रक्त गाढ़ा हो सकता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है।

**त्वचा और आंखों की समस्या:** सूखी त्वचा, गिरते बाल और आंखों में ड्राईनेस इसके शुरूआती संकेत हैं।

### क्या करें?

सेहतमंद रहने के लिए हमेशा महंगी चीजों की जरूरत नहीं होती, बल्कि सही जानकारी की आवश्यकता होती है। चिया सीड्स बेशक अच्छे हैं, लेकिन अलसी, अखरोट और मेथी जैसे देसी विकल्प भी समान रूप से प्रभावी हैं। यह खबर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सही पोषण ही भविष्य के अस्पतालों के खर्चों को बचा सकता है। अपनी डाइट में आज ही इन सस्ती चीजों को शामिल करें और अपने दिल व दिमाग को लंबी उम्र का तोहफा दें।

# Sport

टी20 विश्व कप से पहले भारत ए टीम अभ्यास मैच खेलेगी। इसके लिए बीसीसीआई ने टीम का एलान कर दिया है। इस टीम में तिलक वर्मा भी शामिल हैं जो चोट के कारण पिछले कुछ समय से बाहर चल रहे थे।

## टी20 विश्व कप: अभ्यास मैचों के लिए भारत ए टीम घोषित, बदोनी करेंगे कप्तानी; तिलक-मयंक भी शामिल

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के लिए भारत ए टीम घोषित हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अमेरिका और नामीबिया के खिलाफ दो अभ्यास मैचों के लिए सोमवार को टीम का एलान किया है। भारत ए टीम की कमान आयुष बदोनी करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि चोट के कारण बाहर चल रहे तिलक वर्मा भी इस टीम में शामिल हैं। तिलक टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं।



### सात फरवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट

टी20 विश्व कप की शुरूआत सात फरवरी से हो रही है। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था और सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम इस वैश्विक टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने उतरेगी।

### सिर्फ एक मैच में खेलेंगे तिलक

बीसीसीआई ने टीम का एलान करते वक्त बताया कि तिलक वर्मा टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम से जुड़ने से पहले एक अभ्यास मैच का हिस्सा होंगे। तिलक के पेट की सर्जरी हुई थी जिस कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवर की सीरीज का हिस्सा नहीं थे। तिलक बंगलूरू स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। अब तिलक का नाम भारत ए टीम में शामिल हो गया है जो इस बात के संकेत है कि वह टी20 विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

### टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के लिए भारत ए टीम

आयुष बदोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्या, एन जगीदशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।

## 'ये हमारा फैसला नहीं', भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर सलमान आगा की प्रतिक्रिया

**कराची।** पाकिस्तान के टी20 कप्तान सलमान अली आगा ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में नहीं खेलने पर प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तानी सरकार ने रविवार को कहा था कि उनकी राष्ट्रीय टीम इस वैश्विक टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी, लेकिन भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच का बहिष्कार करेगी। विश्व कप की शुरूआत सात फरवरी से हो रही है और भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं।

### मैच के लिए श्रीलंका जाएगी भारतीय टीम

भारत और पाकिस्तान के बीच ये मुकाबला श्रीलंका के कोलंबो में होना है। हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह ग्रुप चरण के इस मैच का बहिष्कार करेगी। वहीं, भारतीय टीम ने आईसीसी के प्रोटोकॉल का पालन करने का फैसला किया है और वह इस मैच के लिए श्रीलंका जाएगी। सूत्रों के अनुसार, भारत इस मैच के लिए अभ्यास करेगा और प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेगा। टॉस के दौरान सूर्यकुमार यादव मैदान पर मौजूद रहेंगे और टीम इस बात का इंतजार करेगी कि मैच रेफरी मुकाबले को रद्द करें।



### 'सरकार और पीसीबी के निर्देश का करेंगे पालन'

भारत के खिलाफ नहीं खेलने के फैसले पर आगा ने कहा कि खिलाड़ी इस बारे में निर्णय नहीं लेते हैं। उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और पाकिस्तान सरकार के निर्देश का पालन करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के बाद आगा ने कहा, हम विश्व कप में खेलने जा रहे हैं। ये हमारा फैसला नहीं है और हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। जो भी हमारी सरकार और पीसीबी प्रमुख कहेंगे, हम बस उसका पालन करेंगे।

### आईसीसी पाकिस्तान की हरकत से नाखुश

पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-0 से टी20 सीरीज अपने नाम की है। पाकिस्तान ने भले ही फैसला ले लिया है, लेकिन आईसीसी उसकी इस हरकत से खुश नहीं है। आईसीसी ने पाकिस्तान के रवैये पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि उसे अब तक पीसीबी की ओर से इस बारे में आधिकारिक तौर पर सूचित नहीं किया गया है। लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट में चुनिंदा मैचों में हिस्सा लेना वैश्विक खेल इवेंट के लिए सही नहीं है जहां सभी क्वालिफाई करने वाली टीमें समान शर्तों पर खेलती हैं।

## भारत की अनाहत ने वॉशिंगटन में पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता, शीर्ष वरीय केनेडी को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है।

जीत के बाद अनाहत ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूनार्मेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी। यह जीत 15 वर्षीय अनाहत के करियर का सबसे बड़ा खिताब है और पीएसए टूर पर उनका कुल 15वां खिताब है जो उन्होंने मात्र 26 टूनार्मेंटों में हासिल किया। दिल्ली की यह खिलाड़ी फिलहाल विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर है।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN



## न्यूज कॉलम

### मरीमाता इलाके में कारों से स्टंट गाड़ियों की पहचान में जुटी पुलिस

**इंदौर।** इंदौर के मरीमाता इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें कुछ युवक दो कारों में सवार होकर हूटर बजाते हुए स्टंट करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के बाद पुलिस सड़कों पर हंगामा कर रहे युवकों की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो बाणगंगा से सदर बाजार के बीच मरीमाता क्षेत्र का है, जो रविवार रात का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक दो कारों से स्टंट करते हुए सड़क पर खुलेआम घूम रहे हैं और कारों में हूटर भी बजाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान वे चौराहों पर मौजूद पुलिस पॉइंट्स के पास से भी गुजरते रहे, लेकिन उन्हें रोका नहीं गया। वीडियो सामने आने के बाद अब स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई है और हंगामा कर रहे युवकों तथा उनकी गाड़ियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर संबंधित युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### लोडिंग वाहन ने बाइक-एक्टिवा को मारी टक्कर, 4 लोग घायल

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक टाटा एस लोडिंग वाहन ने दो बाइक और एक एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में करीब चार लोग घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने टाटा एस वाहन को जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि ड्राइवर शराब के नशे में था। पुलिस के मुताबिक यह घटना आईटी पार्क के पास हुई। टाटा एस वाहन ने पीछे से दो बाइक और एक एक्टिवा को टक्कर मारी। हादसे में दोनों बाइक सवारों के हाथ और पैर में चोटें आई हैं। मौके पर पहुंचे बीट के जवानों ने घायलों को ऑटो रिक्शा के माध्यम से अस्पताल भिजवाया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर नशे में था। इसके बाद पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इस हादसे में एक युवक के सिर में भी चोट आई है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उसकी गाड़ी के ब्रेक फेल हो गए थे। फिलहाल पुलिस वाहन की तकनीकी जांच कराने की बात कह रही है।

### कबाड़ की दुकान में लगी आग को जेसीबी से शेड तोड़कर दमकल ने बुझाया



**इंदौर।** इंदौर के हवा बंगला रोड पर सोमवार सुबह एक कबाड़ की दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड के एसआई संतोष दुबे ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे गायत्री गेट फुटी कोठी रोड स्थित एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की एक गाड़ी तत्काल मौके पर भेजी गई। दमकल कर्मियों ने करीब 10 हजार लीटर पानी डालकर आग को पूरी तरह बुझा दिया। एसआई संतोष दुबे के अनुसार आग लगने वाली दुकान जितेंद्र पुत्र बाबूराव की है, जो यहां कबाड़ का व्यवसाय करते हैं, यह दुकान किराए पर ली गई थी।

### गाड़ी की सीट में छिपाई 3 लाख 20 हजार की ड्रग्स, दो गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 31.86 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक दोपहिया वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर टीम मालवा रेडीमेड क्लस्टर के सामने लक्ष्मीबाई नगर मेन रोड पर पहुंची। यहां दो युवक सड़क किनारे संदिग्ध हालत में खड़े मिले। टीम को देखते ही दोनों घबरा गए, जिस पर उनकी घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम कमललाल मेघवाल निवासी झालावाड़ राजस्थान और नरेंद्रलाल मेघवाल निवासी झालावाड़ राजस्थान बताए। जब उनकी और दोपहिया वाहन की तलाशी ली गई तो गाड़ी की सीट के अंदर छिपाकर रखी गई 31.86 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

# उप्र के इन्फ्लुएंसर पर इंदौर में एफआईआर दर्ज

## वीडियो में सांसद लालवानी को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहे, शहर की छवि भी खराब की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने उत्तरप्रदेश के एक इन्फ्लुएंसर के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई भागीरथपुरा कांड के बाद बनाए गए एक वीडियो को लेकर की गई है।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि उत्तरप्रदेश निवासी इन्फ्लुएंसर जतिन मिश्रा ने इंदौर के भागीरथपुरा में गंदे पानी के मामले को लेकर एक वीडियो बनाया था। इस वीडियो में उसने ग्वालियर और मंदसौर के साथ इंदौर का भी उल्लेख किया है। जतिन ने वीडियो में कहा कि इंदौर पहुंचा तो सांसद मिल गए, बोले जतिन अब आज और रुको कल चले जाना।

हमने उनकी बात मान ली। जब सुबह आने लगा तो सांसद जी बोले जतिन जब चार दिन रुक ही गए हो, तो चार दिन और रुक जाओ। इंदौर की हवा, पानी और स्वच्छता देखो, उसके बाद जाना। हमने कहा सांसद जी आपके इंदौर का दूषित पानी पीने से 20 लोगों की मौत हो गई और आप चाहते हैं कि हम भी इंदौर में रहकर इंदौर का पानी पिएं और हमारे घर हमारी लाश वापस जाए। तो सांसद जी ने कहा क्या यार जतिन तुम उन जैसे लोगों के मरने पर अफसोस कर रहे हो।

हम तुम्हारे लिए बढ़िया मिनरल वॉटर का प्रबंध कर देंगे। हमने कहा सांसद जी हम रुक नहीं पाएंगे। तो सांसद जी ने कहा रुकना तो पड़ेगा। वरना दोबारा हमारे इंदौर की तरफ दिखाई मत पड़ना। हमने कहा कैसी बात कर रहे हैं सांसद जी। बगल में खड़ा सांसद का चमचा बोला तू सांसद जी से जवान लड़ाएगा। जैसा सांसद जी कह रहे हैं वैसा करो। इसके बाद जतिन ने सांसद शंकर लालवानी को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। जतिन ने वीडियो में आगे कहा कि जिनके संसद क्षेत्र के लोग मर रहे हों और उन्हें संवेदना व्यक्त करने की तमीज न हो, ऐसे लोग जनप्रतिनिधि बनेंगे।



### सांसद के समर्थकों ने दर्ज कराई शिकायत

इस मामले में सांसद के समर्थकों द्वारा क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर जतिन मिश्रा के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट बनाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि जतिन मिश्रा के इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लाखों फॉलोअर्स हैं। क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई को भागीरथपुरा कांड के बाद इंदौर को लेकर बनाए जा रहे भ्रामक और आपत्तिजनक वीडियो पर रोक लगाने की कार्रवाई के रूप में भी देखा जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# छत पर करीब एक घंटे नाबालिग के साथ रहा हत्यारा

## पूछताछ में अलग-अलग बातें बताता रहा आरोपी, साथी की तलाश में पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमआईजी थाना इलाके में एक नाबालिग की युवक ने गला घोंटकर हत्या कर दी थी। बाद में शव को फ्लैट में पलंग पेटी में छिपा दिया था। पुलिस ने शंका के आधार पर नाबालिग के हत्यारे को पकड़ लिया। उसके एक साथी की तलाश पुलिस कर रही है। आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वह दोनों करीब एक घंटे से ज्यादा देर तक छत पर थे।

मामला इंदौर के श्रीनगर इलाके का है। यहां रहने वाले 13 साल के नाबालिग की रेहान ने हत्या कर दी थी। एमआईजी थाना प्रभारी सी.बी.सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने ही नाबालिग को इशारा कर बुलाया था। जिसके बाद वह उसे छत पर ले गया और वहां पर उसके साथ हरकत करने की कोशिश की, लेकिन उसके चिल्लाने पर उसने नाबालिग को ईंट मारी और रस्सी से गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। नाबालिग के लापता होने पर परिवार के लोग उसकी तलाश करते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। शुक्रवार देर रात को परिवार के लोगों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को श्रीदेवी अपार्टमेंट की छत पर नाबालिग का जैकेट मिला, जिस पर खून के निशान थे। पुलिस ने तुरंत ही बिल्डिंग में सर्चिंग शुरू की और हर फ्लैट में तलाशी लेने लगी। इस बीच आरोपी रेहान हर वक्त पुलिस के साथ-साथ घूम रहा था। टीआई को जब उसकी हरकतों पर शंका हुई तो उससे पूछताछ की तो वह घबरा गया। इस पर उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने नाबालिग की हत्या कर शव को पलंग पेटी में छिपाने की बात कहीं।

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफ:- लड़के/ लड़की,
पद:- 6 योग्यता :- 12वीं पास
सैलरी :- 15000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है -
2 पद : सैलरी 8000/-
स्थान:- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपूरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 8/02/2026 रविवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय माता दी
नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com